बैशाख कृष्ण पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 25 अप्रैल 2024
वर्ष-2, अंक-244, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य- 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रॉउन ड्वार्फ के मीथेन की आश्चर्यजनक खोज 16

किंग में डॉन का किरदार निभाएंगे शाहरूख 2

## एक नजर

### बांदीपोरा में आतंकवादियों से मुठभेड़, दो जवान घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में दो सैनिक घायल हो गए। आतंकवादियों का पता लगाने के लिए बांदीपोरा के अरागाम के रेन्जी वन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर तलाश अभियान जारी है। बुधवार तड़के सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई थी। शुरुआती गोलीबारी में दो सैनिक घायल हो गए और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। आतंकवादियों को इलाके से फरार होने से रोकने के लिए हवाई निगरानी के लिए आज सुबह से हेलीकॉप्टर और ड्रोन को भी सेवा में लगाया गया है। सेना ने कहा कि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एजेंसियों की विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर रविवार को एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था।

### इन्वेस्ट ट्रेडिंग के नाम पर 95 लाख की ठगी

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान के हनुमानगढ़ में ऑनलाइन इन्वेस्ट ट्रेडिंग में निवेश करने के नाम पर 95 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। शातिर ठग ने शिकार बने व्यक्ति को उसके कॉलेज के दोस्त की पुरानी फोटो टेलीग्राम एप पर लगाकर धोखा दिया। गांव पक्का सहारन निवासी सुनील कुमार जाट ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र के आधार पर साइबर थाने में 94 लाख 70 हजार 300 रुपये की ठगी का मामला दर्ज हुआ है, जिसकी जांच उपाधीक्षक अरुण कुमार द्वारा की जा रही है।

### पीआईटी एनडीपीएस एक्ट में किया गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** राजधानी में सक्रिय एक आदतन नशा तस्कर को देहरादून पुलिस ने पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत पहली बार जेल भेजने की कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट गृह सचिव को भेजी तो उन्होंने आरोपी को पांच सप्ताह के लिए जेल में बंद करने के निर्देश दिए। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि रायपुर थाने में एसओ कुंदन राम के नेतृत्व में एक टीम का गठन नशा तस्करों के खिलाफ किया गया। सक्रिय नशा तस्करों को चिह्नित किया गया। इसमें तस्कर अमरकांत उर्फ डोला के बारे में पता चला कि वह अब भी छोटे-छोटे बच्चों के माध्यम से स्मैक व अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी करता है। उसके खिलाफ नशा तस्करी के तीन मुकदमे दर्ज हैं।

## चुनावी भाषण के दौरान नितिन गडकरी बेहोश

**यवतमाल।** भाजपा नेता व केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी पूर्वी महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में एक चुनावी रैली में भाषण के दौरान बेहोश हो गये। वह पुसाद में चुनाव प्रचार कर रहे थे, जो यवतमाल-वाशिम लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। गडकरी जैसे ही बेहोश हुए उनके साथ मौजूद सुरक्षाकर्मी उन्हें मंच से बाहर ले गए। हालांकि, केंद्रीय मंत्री कुछ मिनट बाद ठीक हो गए और उन्होंने अपना भाषण पूरा किया। गडकरी (66) ने ''एक्स'' पर इस घटना की जानकारी देते हुए एक पोस्ट में कहा महाराष्ट्र के पुसाद में एक चुनावी रैली में गर्मी के कारण बेचैनी महसूस हुई। लेकिन अब मैं पूरी तरह ठीक हूं और अगली रैली में हिस्सा लेने के लिए वरुड जा रहा हूं।



# दूसरे चरण की 88 सीटों पर मतदान कल

- 89 सामान्य पर्यवेक्षक, 53 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार अभियान बुधवार शाम थम गया। इस चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर शुक्रवार को मतदान होगा।

निर्वाचन आयोग के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दूसरे चरण में मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर भी चुनाव होना था, लेकिन बसपा उम्मीदवार के निधन के बाद अब इस सीट पर चुनाव 7 मई को तीसरे चरण में होगा। इन सीटों पर कुल 1206 प्रत्याशी चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। मत सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक डाले जायेंगे और मतगणना चार जून को होगी। निर्वाचन आयोग के अनुसार इस चरण के लिये 89 सामान्य पर्यवेक्षक, 53 पुलिस पर्यवेक्षक और 109 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किये गये हैं। प्रचार के अंतिम दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा की जीत की संभावनाओं को मजबूत करने के लिये कई रैली और रोड शो किये। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भी प्रचार किया। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा तथा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने जमकर चुनाव प्रचार किया।

### इन राज्यों की इतनी सीटों पर होगा मतदान

इस चरण में केरल की 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की आठ- आठ , मध्य प्रदेश की छह, असम और बिहार की पांच-पांच, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की तीन-तीन और जम्मू-कश्मीर, मणिपुर तथा त्रिपुरा की एक-एक सीट पर मतदान होगा।

### उप्र में 81 पुरुष व 10 महिला प्रत्याशी चुनाव मैदान में

**लखनऊ।** प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों पर कुल 91 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिसमें 81 पुरुष व 10 महिला प्रत्याशी हैं। कुल 1,67,77,198 मतदाता मतदान करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में 90,26,051 पुरुष मतदाता, 77,50,356 महिला मतदाता व 791 थर्ड जेंडर हैं। सभी सीटों अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा में मतदान के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। पोलिंग पार्टियों को रवाना होने के निर्देश दिये गये हैं। मतदान के दौरान मतदाताओं को गर्मी व लू से बचाने के लिए पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। मतदान केंद्रों पर समुचित सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी। उन्होंने बताया कि मतदाता पहचान पत्र के लिए 12 विकल्पों का प्रयोग भी कर सकेंगे।

# देश में शरिया कानून और तालिबानी बर्बरता चाहती है कांग्रेस : योगी

## कांग्रेस पर जमकर बरसे योगी, इंडी गठबंधन की नियत पर उठाए सवाल

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**



**मीडिया से रूबरू**

- कांग्रेस की मंशा एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण में कटौती कर अल्पसंख्यकों को देने की
- मुख्यमंत्री ने कहा-कांग्रेस पार्टी के घोषणापत्र में दिखाई दिए आधी आबादी के अपमान के इरादे

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कांग्रेस और इंडी गठबंधन की नीयत पर सवाल उठाए। योगी ने कहा कि कांग्रेस को देश की कीमत पर येन केन प्रकारेण सत्ता चाहिए। वह महिलाओं पर बर्बर अत्याचार करने वाले तालिबानी प्रवृत्ति को भारत में लागू करना चाहती है। ये लोग तीन तलाक का समर्थन करते हैं।

मुख्यमंत्री बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आमंत्रित मीडिया के सामने अपनी बात रख रहे थे। इससे पहले उन्होंने पाटी कार्यालय में मीडिया सेंटर की शुरुआत भी की। योगी ने यहां कहा, कांग्रेस के घोषणापत्र में आधी आबादी के अपमान के इरादे साफ दिखाई देते हैं। ये देश की सुरक्षा, संप्रभुता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, जिसमें कांग्रेस की मंशा स्पष्ट उजागर होती है। उन्होंने यह भी कहा कि इनकी मंशा एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण में डकैती डालने की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपीए सरकार अपने शासनकाल में पूर्व चीफ जस्टिस एवं कांग्रेस सांसद रंगनाथ मिश्रा कमीशन सिफारिशों को लागू करना चाहती थी। रंगनाथ मिश्रा कमीशन के तहत ओबीसी को मिलने वाले 27 प्रतिशत आरक्षण में छह प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदाय को देने की बात है।

मुख्यमंत्री के अनुसार कांग्रेस की मंशा एससी, एसटी के अधिकारों में भी घुसपैठ करने की है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण यूपीए सरकार में आई सच्चर कमेटी की रिपोर्ट है, जिसे भाजपा के भारी विरोध के कारण उन्हें वापस लेना पड़ा था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने घोषणापत्र में संपत्ति का सर्वे कराने की बात कर रही है। वे लोग उसके बाद संपत्ति का अपने अनुसार बंदरबांट करेंगे। यूपीए सरकार के तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने इस बात का उल्लेख भी किया था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने देश में चार जातियों की बात की है, गरीब, किसान, युवा और महिला। इसमें किसी जाति, मत-मजहब की बात नहीं है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, मंत्री असीम अरुण, मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, महामंत्री अनूप गुप्ता, हरीश श्रीवास्तव, हिमांशु दुबे सहित अन्य पार्टीजन मौजूद रहे।

## तुलसियानी ग्रुप के 10 ठिकानों पर ईडी का छापा

- निवेशकों का 30 करोड़ रुपये डकारने के आरोप में दर्ज है रिपोर्ट

**लखनऊ।** ईडी ने रियल एस्टेट कंपनी तुलसियानी ग्रुप के प्रयागराज, लखनऊ, दिल्ली और नोएडा स्थित ठिकानों पर बुधवार को छापेमारी की। ग्रुप पर निवेशकों और बैंक के करोड़ों रुपये हड़पने का आरोप है। ईडी ने दिसंबर 2023 में कंपनी के खिलाफ मनी लांड्रिंग के तहत केस दर्ज किया था। निवेशकों का 30 करोड़ रुपये डकारने के आरोप में रिपोर्ट भी दर्ज है।

गौरतलब है कि तुलसियानी ग्रुप के खिलाफ दर्जनों निवेशकों ने एफआईआर दर्ज करा रखा है। पंजाब नेशनल बैंक ने भी कर्ज हड़पने के आरोप में एफआईआर भी दर्ज करा रखा है। ग्रुप ने फर्जी दस्तावेज लगाकर बैंक से 4.63 करोड़ का कर्ज लिया था। बता दें कि बैंक मैनेजर की शिकायत पर ग्रुप के निदेशक महेश तुलसियानी, अनिल कुमार तुलसियानी और अन्य पूर्व निदेशकों पर हजरतगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज हुआ था। पुलिस उक्त आरोपियों को जेल भी भेज चुकी है। फिल्म अभिनेता शाहरुख खान की पत्नी भी बतौर ब्रांड एंबेस्डर तुलसियानी ग्रुप से जुड़ी थीं।

# दो बच्चों को यमुना में फेंक खुद भी कूदी मां

**संवाददाता, कमासिन (बांदा)**

- पुलिस ने गोताखोरों की मदद से तीनों के शव को निकाला
- पति से झगड़ने के बाद महिला ने उठाया आत्मघाती कदम

**अमृत विचार :** पति से झगड़कर एक महिला ने बुधवार की शाम पुल के ऊपर से पहले बेटी, फिर बेटे को यमुना नदी में फेंक दिया और फिर खुद पुल से नदी में छलांग लगा दी। गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद तीनों की लाशें बरामद कर ली हैं। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

कमासिन थाना क्षेत्र के दादौं गांव निवासी राजेश निषाद अपनी पत्नी मंटू देवी (26) के साथ मंगलवार को फतेहपुर जनपद के किशनपुर क्षेत्र के एक भट्ठे से वापस घर आया था। राजेश टीबी का मरीज है। बुधवार सुबह वह दवा लेने के लिए सीएचसी गया था। दोपहर में दवा लेकर घर वापस पहुंचा। पत्नी मंटू ने कुछ देर बाद ही ईंट पथाई के लिए भट्ठा चलने की जिद पकड़ ली। इसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद शुरू हो गया।

राजेश ने पत्नी को समझाते हुए धूप कम होने पर चलने की बात कही, लेकिन पत्नी अपनी जिद पर अड़ी रही। इसके बाद राजेश खाना खाकर लेट गया। मंटू नाराज होकर बेटी काजल (5) और पुत्र दीपक (3) को साथ लेकर पैदल ही निकल गई। शाम को दादौं-किशनपुर घाट के पक्के पुल पर पहुंचकर पहले बेटी काजल और फिर पुत्र दीपक को यमुना नदी में फेंक दिया। इसके बाद खुद पुल से छलांग लगा दी।

प्रत्यक्षदर्शियों ने फौरन दांदौ पुलिस चौकी को सूचना दी। चौकी इंचार्ज नरेंद्र कुमार ने फोर्स के साथ पहुंचे और मल्लाहों व गोताखोरों की मदद से तीनों के शवों को बरामद कर लिया।

घटना की खबर मिलते ही बबेरू सीओ राजवीर सिंह, प्रभारी निरीक्षक ऋषिदेव सिंह और फतेहपुर के किशनपुर थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। प्रभारी निरीक्षक ऋषि देव सिंह ने बताया कि पति-पत्नी के बीच झगड़े के बाद मंटू देवी ने ऐसा आत्मघाती कदम उठाया है।

# डीसीएम-ट्रक की टक्कर में 4 की मौत

**संवाददाता, कानपुर देहात**



- एक अन्य हादसे में कार पलटने से तीन की थमीं सांसें, दोनों हादसों में सात लोग गंभीर रूप से घायल

**अमृत विचार :** दो थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में सात लोगों की मौत हो गई। मूसानगर क्षेत्र में फेरी लगाकर घर लौट रहे मजदूरों की डीसीएम अकबराबाद गांव के समीप ट्रक से टकरा गई, जिससे डीसीएम सवार चार मजदूरों की मौत हो गई, चालक गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं दूसरे हादसे में बारात से लौट रही कार जरैलापुर गांव के समीप अनियंत्रित होकर खड्ढे में जा गिरी। इसमें तीन बारातियों की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए।

कानपुर नगर के घाटमपुर कस्बा निवासी राहुल (18), सुलखान (55), रामबाबू (27) और बिधनू थाना क्षेत्र के छत्तापुरवा गांव निवासी अजय (42) अलग-अलग राज्यों में जाकर चप्पल की बिक्री करते थे। मंगलवार रात अपने गांव आ रहे थे। देर रात वह पुखरायां से एक डीसीएम में बैठे। मुगल रोड पर मूसानगर थाना क्षेत्र के अकबराबाद गांव के समीप डीसीएम तेज रफ्तार ट्रक से टकरा गई। इससे सभी उसी में फंस गए। पुलिस ने जेसीबी और क्रेन की मदद से दोनों वाहनों को अलग किया। डीसीएम के अंदर फंसे मजदूरों व चालक को बाहर निकालकर पुखरायां सीएचसी भेजा। जहां ईएमओ ने राहुल, सुलखान व अजय को मृत घोषित कर दिया। जबकि रामबाबू व चालक निजाम को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान रामबाबू की भी मौत गई। इसी क्रम में गजनेर थाना क्षेत्र के जरैला गांव निवासी राकेश की बारात जनपद हमीरपुर के कदौरा गई थी। रात में नौ लोग बारात से शामिल होकर कार से घर आ रहे थे। तभी भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के जरैलापुर गांव के पास चालक को झपकी आने से कार अनियंत्रित होकर खड्ढे में जा गिरी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को कार से निकालकर सीएचसी पुखरायां भेजा। जहां चिकित्सक ने रघुनाथ (35) निवासी नंदना गजनेर, कुंवर लाल (75) निवासी जरैला गजनेर व छोटेलाल (48) निवासी मुरीदपुर अकबरपुर को मृत घोषित कर दिया। जबकि रविशंकर (40) निवासी जरैला गजनेर, सुशील (23) निवासी नसरतपुर अकबरपुर, अर्जुन (15), रजित (11), आयुष (10), कार्तिक (9) निवासीगण जरैला गजनेर का उपचार किया गया। पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया कि मूसानगर क्षेत्र में डीसीएम व ट्रक की टक्कर में चार लोगों की मौत हुई है। ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। भोगनीपुर क्षेत्र में कार खड्ढे में पलटने से तीन लोगों की मौत हो गई।

## सोना तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, 10.48 करोड़ का सामान जब्त, चार गिरफ्तार

**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने सोने की तस्करी करने वाले एक गिरोह का मुंबई में भंडाफोड़ किया है और 10.48 करोड़ रुपये मूल्य की बहुमूल्य धातु, नकदी और अन्य कीमती सामान जब्त किए हैं। डीआरआई के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सोमवार को दक्षिण मुंबई में उस जगह तलाशी अभियान चलाया गया, जहां सोना को पिघलाने का काम किया जाता है और यहां से दो अफ्रीकी नागरिक सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने एक बयान में बताया कि डीआरआई को सूचना मिली थी कि मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के माध्यम से अफ्रीका से तस्करी कर लाये गए सोने से विदेशी मुद्रण हटाने के लिए यहां झवेरी बाजार में पिघलाया जा रहा है और फिर इसे स्थानीय बाजार में भेजा जा रहा है। इस जगह की तलाशी के दौरान अधिकारियों ने 9.31 किलोग्राम सोना और 16.66 किलोग्राम चांदी जब्त की।

# कोटक महिंद्रा बैंक को ऑनलाइन ग्राहक जोड़ने और क्रेडिट कार्ड जारी करने पर रोक

**मुंबई, एजेंसी**





- अनियमितताओं के चलते रिजर्व बैंक ने लिया निर्णय

भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक को तत्काल प्रभाव से अपने ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग चैनलों के माध्यम से नए ग्राहकों को जोड़ने और नए क्रेडिट कार्ड जारी करने से रोक दिया।

रिजर्व बैंक ने कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के खिलाफ पर्यवेक्षी कार्रवाई को लेकर जारी बयान में कहा कि बैंक अपने क्रेडिट कार्ड ग्राहकों सहित अपने मौजूदा ग्राहकों को सेवाएँ प्रदान करना जारी रखेगा। वर्ष 2022 और 2023 के लिए रिज़र्व बैंक की बैंक की आईटी जांच से उत्पन्न महत्वपूर्ण चिंताओं और इन चिंताओं को व्यापक और समय पर ढंग से निपटान करने में बैंक की ओर से लगातार विफलता के आधार पर ये कार्रवाई की गयी है।

आईटी इन्वेंट्री प्रबंधन और परिवर्तन प्रबंधन, उपयोगकर्ता पहुंच प्रबंधन, विक्रेता जोखिम प्रबंधन, डेटा सुरक्षा और डेटा लीक रोकथाम रणनीति, व्यापार निरंतरता और आपदा वसूली कठोरता और ड्रिल के क्षेत्रों में गंभीर कमियां और गैर-अनुपालन देखे गए। लगातार दो वर्षों तक, नियामक दिशानिर्देशों के तहत बैंक के आईटी जोखिम और सूचना सुरक्षा प्रशासन में कमी का आकलन किया गया था। बाद के आकलन के दौरान, बैंक को वर्ष 2022 और 2023 के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा जारी सुधारात्मक कार्य योजनाओं के साथ काफी गैर-अनुपालनकारी पाया गया, क्योंकि बैंक द्वारा प्रस्तुत अनुपालन या तो अपर्याप्त, गलत या टिकाऊ नहीं पाया गया।

## हृदयाघात से हाथरस के भाजपा सांसद का निधन



- अलीगढ़ में तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल में कराया भर्ती

**अलीगढ़।** भाजपा नेता एवं हाथरस लोकसभा क्षेत्र से सांसद राजवीर सिंह दिलेर का हृदयाघात से निधन हो गया। अलीगढ़ में आवास पर हालत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके निधन से समर्थकों और परिजनों में शोक है। वह फिर भी भाजपा के सच्चे सिपाही के रूप में कार्य कर रहे थे। बुधवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बेहोश हो गए थे। वह 66 वर्ष के थे। राजवीर सिंह दिलेर 2019 में हाथरस लोकसभा सीट से 2.60 लाख मतों से जीते थे। तीन दिन पहले वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अलीगढ़ में आयोजित जनसभा में मंच पर उपस्थित रहे थे। राजवीर सिंह दिलेर के पिता किशनलाल दिलेर भी भाजपा के दिग्गज नेता रहे। वह लगातार पांच बार विधायक और चार बार सांसद रहे थे।

## मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना अब्दुल अलीम फारुकी का इंतकाल



**लखनऊ।** मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना अब्दुल अलीम फारुकी का बुधवार की सुबह लखनऊ के चौधरी गढैया स्थित आवास पर इंतकाल हो गया। वह 76 साल के थे और पैंक्रियाज कैंसर से जूझ रहे थे। शाम को अस्र की नमाज के बाद नदवतुल उलेमा में उनकी नमाज-ए-जनाजा हुई और उसके बाद ऐशबाग कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द-ए-ख़ाक कर दिया गया। मौलाना जमीयत उलेमा-ए-हिन्द के उपाध्यक्ष थे। वह दारुल उलूम देवबंद और नदवतुल उलेमा लखनऊ के कार्यकारिणी सदस्य थे।

# क्या ईवीएम के माइक्रोकंट्रोलर को री-प्रोग्राम किया जा सकता है

**मतों के वीवीपैट से मिलान के मुद्दे पर न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रखा**

**नई दिल्ली, एजेंसी**



उच्चतम न्यायालय ने इलेक्ट्रॉनिंग वोटिंग मशीन' (ईवीएम) के माध्यम से डाले गए सभी वोट का वोटर वेरिफियेबिल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) के साथ पूरी तरह मिलान करने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर बुधवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

न्यायालय ने निर्वाचन आयोग के समक्ष उठाए गए सवालों के जवाबों का संज्ञान लेने के बाद फैसला सुरक्षित रखा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी से ईवीएम की कार्य-प्रणाली के संबंध में पांच प्रश्न पूछे थे जिनमें यह प्रश्न भी शामिल है कि क्या ईवीएम में लगे माइक्रोकंट्रोलर को फिर से प्रोग्राम किया जा सकता है या नहीं।

वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त नीतेश कुमार व्यास ने इससे पहले ईवीएम की कार्य-प्रणाली के बारे में अदालत में प्रस्तुतिकरण दिया था। पीठ ने उन्हें अपराह्न दो बजे प्रश्नों के उत्तर देने के लिए बुलाया था। पीठ ने कहा था कि उसे कुछ पहलुओं पर स्पष्टीकरण की जरूरत है क्योंकि आयोग द्वारा ईवीएम के बारे में बार-बार पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) पर दिए गए उत्तरों को लेकर कुछ भ्रम की स्थिति है। पीठ ने कहा हमें कुछ संशय है और स्पष्टीकरण की जरूरत है और इसलिए हमने मामला निर्देशों के लिए सूचीबद्ध किया है। उसने कहा, हम अपने निष्कर्षों में तथ्यात्मक रूप से गलत नहीं होना चाहते, बल्कि पूरी तरह सुनिश्चित होना चाहते हैं।

### ईसीआईएल व बीईएल ने वोटिंग मशीन, वीवीपैट के कल-पुर्जों के निर्माताओं के नाम बताने से इनकार किया

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल) और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) ने ईवीएम और वीवीपैट के विभिन्न कल-पुर्जों के निर्माताओं और आपूर्तिकर्ताओं के नाम और संपर्क विवरण का खुलासा करने से इनकार कर दिया है। सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत एक कार्यकर्ता ने इस संबंध में सवाल किया था और सार्वजनिक क्षेत्र के इन उपक्रमों ने आरटीआई कानून के तहत व्यावसायिक विश्वास का हवाला देते हुए जानकारी देने से इनकार कर दिया। कार्यकर्ता वेंकटेश नायक ने इन कंपनियों के पास एक समान आवेदन दायर किया था। इस आवेदन में वेंकटेश ने ईवीएम और वीवीपैट के निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले विभिन्न उपकरणों के निर्माताओं और आपूर्तिकर्ताओं का विवरण मांगा था। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम ईसीआईएल और बीईएल रक्षा मंत्रालय के तहत आते हैं। दोनों उपक्रम निर्वाचन आयोग के लिए ईवीएम और वीवीपैट का निर्माण करते हैं। नायक ने दोनों सार्वजनिक उपक्रमों से कल-पुर्जों के खरीद आदेश की एक प्रति भी मांगी थी। बीईएल ने अपने जवाब में आरटीआई अधिनियम की धारा 8(1)(डी) का हवाला देते हुए कहा कि मांगी गई जानकारी वाणिज्यिक विश्वास से जुड़ी है, इसलिए इसे प्रदान नहीं किया जा सकता।



**आयोग के सात स्थानों के लिए आठ दावेदार थे दौड़ में, मतदान प्रक्रिया के बाद चुने गए सात सदस्य**

# डब्ल्यूएफआई एथलीट पैनल के अध्यक्ष बने नरसिंह

वाराणसी, एजेंसी

राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता नरसिंह पंचम यादव बुधवार को यहां भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के एथलीट आयोग का अध्यक्ष चुना गया जिससे खेल की विश्व संचालन संस्था द्वारा अनिवार्य की गई प्रक्रिया भी पूरी हो गई। आयोग के सात स्थानों के लिए कुल आठ दावेदार दौड़ में थे और मतदान के बाद सात सदस्यों को चुना गया। इसके बाद उन्होंने आयोग के अध्यक्ष पद के लिए नरसिंह को चुना।

2016 ओलंपिक से पहले टीम के सदस्य नरसिंह सुर्खियों में आ गये थे जब ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार ने उनके खिलाफ एक ट्रायल मुकाबले का अनुरोध किया था जबकि वह चोट के कारण क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में नहीं खेल पाये थे। सुशील ने दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और उनकी अपील खारिज होने के बाद पुष्टि हो गयी कि नरसिंह ही रियो ओलंपिक जाएंगे, लेकिन हैरानी की बात रही कि नरसिंह ओलंपिक से पहले कराई गई दो डोप जांच में विफल हो गए थे जिससे खेल पंचाट ने उन्हें चार साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया था। हालांकि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने उन्हें यह कहते हुए पाक साफ करार कर दिया था कि वह साजिश के कारण डोप जांच में पॉजिटिव आए थे। खेल पंचाट का फैसला नरसिंह के शुरूआती मुकाबले से एक दिन पहले ही आया था जिससे वह रियो से बिना खेले ही वापस लौट आये थे। उनका प्रतिबंध जुलाई 2020 को खत्म हुआ और उन्होंने कहा कि था कि यह घटनाक्रम साजिश का हिस्सा था।



- पूर्व पहलवान ने राष्ट्रमंडल खेलों में जीता था स्वर्ण पदक
- पहलवानों की शिकायतों पर एथलीट आयोग ने उठाया कदम

एथलीट आयोग के लिए चुने गए अन्य सदस्य साहिल (दिल्ली), स्मिता ए एस (केरल), भारतीय भाघेई (उत्तर प्रदेश), खुशबू एस पवार (गुजरात), निक्की (हरियाणा) और श्वेता दुबे (बंगाल) हैं। खेल की अंतर्राष्ट्रीय संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने डब्ल्यूएआई का निलंबन हटाते हुए कहा था कि संजय सिंह की अगुआई वाली राष्ट्रीय महासंघ के लिए पहलवानों की शिकायतों को निपटाने के लिए एथलीट आयोग गठित करना अनिवार्य होगा।

## आज का मुकाबला

सनराइजर्स हैदराबाद
बनाम
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
समय : शाम 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 08 | 379 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (सीएसके) | 08 | 349 |
| ट्रेविस हेड (हैदाराबाद) | 06 | 324 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 08 | 13 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 08 | 13 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 08 | 13 |

# आरसीबी के खिलाफ रनों का अंबार लगाने पर होंगी हैदराबाद की निगाह

हैदराबाद, एजेंसी

सनराइजर्स हैदराबाद की टीम जब गुरुवार को आईपीएल में निचले पायदान पर चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी निगाह फिर से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए रनों का अंबार लगाने की होगी।

इस आईपीएल चरण में तीन बार 250 रन का आंकड़ा पार कर चुकी सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने तूफानी बल्लेबाजी दिखाई है, इसमें मुंबई इंडियंस उसका सबसे पहला शिकार बनी और फिर बेंगलुरू में 2016 की विजेता टीम ने आरसीबी के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाकर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया। इतना ही काफी नहीं था कि एसआरएच ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 125 रन का रिकॉर्ड बनाने के साथ आईपीएल में पहली बार 300 रन पार करने की संभावना भी बना दी थी।





गुरुवार को भी अगर एसआरएच कुछ रिकॉर्ड बना दे तो हैरानी नहीं होगी और वो भी आरसीबी के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ, जिसकी संभावना काफी ज्यादा है। आरसीबी अब तक आठ में से सात मैच गंवाकर तालिका में निचले स्थान पर काबिज है। आरसीबी के बल्लेबाजों ने अपनी गेंदबाजी की खामियों की भरपाई करने के लिए मशक्कत की है लेकिन संतुलन के मामले में इतनी कमजोर टीम के लिए हरफनमौला प्रदर्शन दिखाना असंभव ही दिखता है।

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 | +0.698 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 | +1.206 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.941 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.148 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 4 | 8 | +0.415 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 | -1.055 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.227 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.477 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 | -0.292 |
| बेंगलुरु | 8 | 1 | 7 | 2 | -1.046 |

## खेल डायरी

### एशियाई अंडर-22 में भारत की अगुआई करेंगी मुक्केबाज प्रीति

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक जाने वाली टीम की सदस्य मुक्केबाज प्रीति पवार 27 अप्रैल से कजाखस्तान के अस्ताना में शुरू होने वाली एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 50 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुआई करेंगी। 20 वर्षीय मुक्केबाज प्रीति के साथ अंडर-22 प्रतियोगिता में पूर्व युवा विश्व चैंपियन और 2022 एशियाई एलीट मुक्केबाजी चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता अलफिया पठान (81 किग्रा) भी हिस्सा लेंगी।

### आईटीएफ के पूर्व अध्यक्ष ब्रायन टोबिन का निधन

**लंदन।** अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) के पूर्व अध्यक्ष ब्रायन टोबिन का सोमवार को निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे। खेल की संचालन संस्था ने इसकी जानकारी दी। आईटीएफ ने कहा कि टोबिन का सोमवार को निधन हो गया। टेनिस ऑस्ट्रेलिया के पूर्व अध्यक्ष ज्योफ पोलार्ड ने भी बुधवार को ओसनिया टेनिस महासंघ को संदेश में टोबिन के निधन की पुष्टि की।

### उसेन बोल्ट को आईसीसी ने टी20 विश्व कप का दूत बनाया

**दुबई।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महान धावक उसेन बोल्ट को एक से 29 जून तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले आगामी टी20 विश्व कप का ब्रांड दूत नियुक्त किया। जमैका में जन्मे बोल्ट ने 2008 में बीजिंग में हुए ओलंपिक खेलों में इतिहास रचा था, जहां उन्होंने विश्व रिकॉर्ड समय में 100 मीटर, 200 मीटर और 4 गुणा 100 मीटर दौड़ जीती थी। बोल्ट विश्व कप के अपने देश आने और अपनी नयी भूमिका को लेकर उत्साहित है।

# दिल्ली ने गुजरात को दिया 225 रनों का लक्ष्य

## ऋषभ ने खेली कप्तानी पारी, अक्षर पटेल ने लगाया शानदार अर्धशतक, संदीप ने झटके तीन विकेट




नई दिल्ली, एजेंसी

कप्तान ऋषभ पंत और अक्षर पटेल के अर्धशतक और दोनों के बीच चौथे विकेट की शतकीय साझेदारी से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग मैच में बुधवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ खराब शुरुआत से उबरते हुए चार विकेट पर 224 रन बनाए।

पंत ने 43 गेंद में पांच चौकों और आठ छक्कों की मदद से नाबाद 88 रन की तेजतर्रार पारी खेली जबकि अक्षर ने 43 गेंद में पांच चौकों और चार छक्कों से 66 रन बनाए। दोनों ने चौथे विकेट के लिए उस समय 113 रन की साझेदारी की जब टीम 44 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। पंत ने अंत में ट्रिस्टन स्टब्स ने सात गेंद में नाबाद 26 के साथ सिर्फ 18 गेंद में 67 रन की अटूट साझेदारी की जिससे दिल्ली की टीम अंतिम पांच ओवर में 97 रन जोड़ने में सफल रही। टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर दिल्ली को बल्लेबाजी का न्योता दिया। पृथ्वी साव (11) और जेक फ्रेजर-मैकगर्क (23) ने अजमतुल्लाह उमरजई के पहले ओवर में चौके से खाता खोला। फ्रेजर-मैकगर्क हालांकि इसी ओवर में भाग्यशाली रहे जब गेंद को हवा में खेल बैठे लेकिन राशिद खान मिड विकेट पर कैच लपकने में नाकाम रहे। फ्रेजर-मैकगर्क ने संदीप वारियर और उमरजई पर छक्के मारे लेकिन फिर संदीप की गेंद पर डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर नूर अहमद को कैच दे बैठे।



नूर ने दो गेंद बाद पृथ्वी का भी शानदार कैच लपककर दिल्ली को दोहरा झटका दिया। थर्ड अंपायर द्वारा आउट दिए जाने के बावजूद यह फैसला विवादास्पद रहा। दिल्ली ने पावर प्ले में तीन विकेट गंवाकर 44 रन बनाए। बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजे गए अक्षर और पंत ने इसके बाद पारी को संवारा।

पंत और अक्षर ने 12वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया। पंत ने मोहित पर छक्के के साथ 34 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। ट्रिस्टन स्टब्स ने 19वें ओवर में बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर की लगातार गेंदों पर दो चौके और दो छक्के मारे। पंत ने टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। वारियर टाइटंस के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने तीन ओवर में 15 रन देकर तीन विकेट चटकाए। मोहित ने चार ओवर में 73 रन लुटाए जबकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिला।

**दिल्ली 224/4** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 05

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| पृथ्वी साव का नूर बो वारियर | 11 | 7 | 2/0 |
| जेक फ्रेजर मैकगर्क का नूर बो वारियर | 23 | 14 | 2/2 |
| अक्षर पटेल का साई सुदर्शन बो नूर | 66 | 43 | 5/4 |
| शाई होप का राशिद बो वारियर | 5 | 6 | 1/0 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 88 | 43 | 5/8 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 26 | 7 | 3/2 |

**गेंदबाजी :** उमरजई 4-0-33-0, वारियर 3-0-15-3, राशिद 4-0-35-0, नूर 3-0-36-1, मोहित 4-0-73-0, शाहरूख 1-0-8-0, साई किशोर 1-0-22-0

## 'इम्पैक्ट' खिलाड़ी ने रोमांच तो बढ़ाया पर खत्म कर दी ऑल राउंडर की भूमिका

**चेन्नई।** लखनऊ सुपर जायंट्स के सलाहकार एडम वोग्स ने आईपीएल में 'इम्पैक्ट' खिलाड़ी नियम के लिए चल रही बहस में शामिल होते हुए कहा कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में 'पावर सर्ज' जैसा नियम ज्यादा पसंद आता है जिसमें बल्लेबाजी टीम को क्षेत्ररक्षण पांबदियों के दो ओवर के चरण पर फैसला करने का मौका मिलता है।



इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम पिछले सत्र में शामिल किया गया था और इस सत्र में इसे लेकर काफी बहस चल रही है जिसमें भारतीय कप्तान रोहित शर्मा सहित काफी खिलाड़ी इसे आल राउंडरों के लिए नुकसानदायक करार कर रहे हैं। वोग्स ने कहा कि यह नियम क्रिकेट को रोमांचक तो बना रहा है लेकिन इससे आल राउंडर खिलाड़ियों को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट में काफी बड़े स्कोर बन रहे हैं और टीम के लिए मजबूत बल्लेबाज सातवें या आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतर रहे हैं। निश्चित रूप से इससे क्रिकेट के रोमांच का स्तर बढ़ गया है लेकिन इससे मैच में आल राउंडर की भूमिका और उनका प्रभाव थोड़ा कम हो जाता है।

# ओलंपिक के लिए तैयार अदिति और दीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय गोल्फर अदिति अशोक (46) और दीक्षा डागर (138) पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं जबकि शुभंकर शर्मा (197) और गगनजीत भुल्लर (232) के भी रैंकिंग के आधार पर खेलों में जगह बनाने की संभावना है। अदिति के लिए यह तीसरा ओलंपिक होगा जो किसी भारतीय गोल्फर की ओलंपिक में सबसे ज्यादा भागीदारी होगी।

दीक्षा दूसरी बार ओलंपिक में हिस्सा लेंगी। शर्मा और भुल्लर के लिए यह पहला ओलंपिक होगा। भारत के लिए ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अदिति के नाम है जो तोक्यो 2020 ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही थीं। ओलंपिक के लिए प्रविष्टियां भारतीय गोल्फ संघ द्वारा भेजी जाती हैं। ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन रैंकिंग से निर्धारित होता है जो आधिकारिक विश्व गोल्फ रैंकिंग (ओडब्ल्यूजीआर) के जरिये 60 पुरुष और इतनी ही महिला खिलाड़ियों के लिए सीमित है। ओडब्ल्यूजीआर रैंकिंग में शीर्ष 15 खिलाड़ी ओलंपिक के लिए स्वतः ही क्वालीफाई कर लेते हैं जिसमें से प्रत्येक देश से अधिकतम चार गोल्फर इसमें हिस्सा ले सकते हैं। इसके बाद ओलंपिक गोल्फ रैंकिंग (ओजीआर) में से प्रत्येक देश से दो शीर्ष खिलाड़ी शामिल होते हैं, बशर्तें देश के शीर्ष 15 में कम से कम दो गोल्फ खिलाड़ी शामिल नहीं हों। भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर साहित थिगाला और अक्षय भाटिया पीजीए टूर पर काफी अच्छा खेल रहे हैं और दोनों ने इस हफ्ते अपने करियर की शीर्ष रैंकिंग हासिल की है, लेकिन अमेरिकी खिलाड़ियों के शीर्ष 15 रैंकिंग में दबदबे को देखते हुए उनके ओलंपिक में जाने की संभावना नहीं है। थिगाला की रैंकिंग 12 और भाटिया की रैंकिंग 33 है।



- शुभंकर और गगनजीत को भी रैंकिंग के आधार पर मिल सकती है जगह

# महिला फुटबॉल की कोच होंगी चाओबा



नई दिल्ली, एजेंसी

आईएम विजयन की अगुआई वाली अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की तकनीकी समिति ने बुधवार को पूर्व खिलाड़ी लांगम चाओबा देवी के नाम की सिफारिश राष्ट्रीय महिला फुटबॉल कोच पद के लिए की है जिससे वह इस पद की जिम्मेदारी लेने को तैयार हैं। देवी (51 वर्ष) ने फिलीपींस में 1999 एशियाई चैंपियनशिप में राष्ट्रीय टीम की कप्तानी की थी। वह भारतीय टीम की सहायक कोच भी रह चुकी हैं।

एआईएफएफ ने कहा कि काफी सोच विचार के बाद समिति ने एल चाओबा देवी के नाम की सिफारिश भारतीय सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच पद के लिए की है। देवी पूर्वोत्तर की एकमात्र महिला कोच हैं जिनके पास एएफसी का 'ए' लाइसेंस कोचिंग प्रमाण पत्र है। एआईएफएफ की कार्यकारी समिति इस सिफारिश को अगली बैठक में मंजूरी देगी। तकनीकी समिति ने विजयन की अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक में यह सिफारिश की जिसमें पिंकी भोंपल मगर, शब्बीर अली, विक्टर अमलराज, संतोष सिंह और क्लाइमेक्स लॉरेंस शामिल थे।

- 1999 में हुए एशियाई चैंपियनशिप में भारतीय टीम की कर चुकी हैं कप्तानी
- पूर्वोत्तर की एकमात्र महिला कोच हैं जिनके पास है 'ए' कोचिंग लाइसेंस

## बॉलीवुड हलचल

# किंग में डॉन का किरदार निभाएंगे शाहरूख






**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान फिल्म किंग में डॉन का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। शाहरुख खान अपनी बेटी सुहाना खान के साथ फिल्म किंग में काम करने जा रहे हैं। चर्चा है कि शाहरुख खान फिल्म किंग में डॉन के किरदार में नजर आएंगे। कहा जा रहा है कि फिल्म किंग शाहरुख खान के सबसे बड़े प्रोजेक्ट्स में से एक है, जिसकी हर बारीकी पर खुद शाहरुख खान निर्देशक सुजॉय घोष और सिद्धार्थ आनंद से बात कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म किंग में शाहरुख खान के बाल लंबे होंगे और उनकी हल्की दाढ़ी भी होगी। मेकर्स फिल्म में उनके लुक से अपने दर्शकों को पूरी तरह से हैरान करने की तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग इस साल सितंबर में शुरू होगी।



### डांस ऑफ एनवी गाने पर थिरकेंगी माधुरी-करिश्मा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित और करिश्मा कपूर कलर्स चैनल के पॉपुलर शो डांस दीवाने में अपनी सुपरहिट फिल्म दिल तो पागल है के गाना डांस ऑफ एनवी पर फिर थिरकती नजर आएंगी। यशराज बैनर तले वर्ष 1997 में प्रदर्शित फिल्म दिल तो पागल है में शाहरूख खान, माधुरी दीक्षित, करिश्मा कपूर और अक्षय कुमार ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म का माधुरी और करिश्मा पर फिल्माय गाना डांस ऑफ एनवी काफी पॉपुलर हुआ था। माधुरी और करिश्मा की जोड़ी का जादू एक बार फिर इस गाने में देखने को मिला। कलर्स चैनल के पॉपुलर शो डांस दीवाने में करिश्मा कपूर स्पेशल गेस्ट बनकर आएंगी।, जिसमें करिश्मा और माधुरी का डांस ऑफ एनवी भी देखने को मिलेगा। इससे जुड़ा प्रोमो सामने आ चुका है। इस प्रोमो में माधुरी और करिश्मा उसी डांस ऑफ एनवी को रिपीट करती नजर आ रही हैं।

# भारतीय पुरुष, महिला कंपाउंड टीमों की नजरें स्वर्ण पदक पर



शंघाई में जीत के बाद अभिषेक वर्मा, प्रथमेश भालचंद्र फुगे और प्रियांश। ● एजेंसी

**तीरंदाजी विश्व कप**

शंघाई, एजेंसी

भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमों ने बुधवार को सत्र के शुरुआती तीरंदाजी विश्व कप में फाइनल में जगह बनाकर देश का पदक पक्का कर दिया। अनुभवी अभिषेक वर्मा, उभरते हुए तीरंदाज प्रथमेश भालचंद्र फुगे और मौजूदा अंडर-21 विश्व चैंपियन प्रियांश की चौथी वरीयता प्राप्त पुरुष टीम ने फिलीपींस और डेनमार्क को शिकस्त देने के बाद सेमीफाइनल में कोरिया की चुनौती खत्म की।

भारतीय पुरुष टीम के सामने शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल में नीदरलैंड की चुनौती होगी। महिला वर्ग में मौजूद विश्व चैंपियन भारत ने तुर्की और एस्तोनिया को शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया। भारत के सामने फाइनल में इटली की चुनौती होगी। मौजूदा अंडर-18 और सीनियर चैंपियन अदिति स्वामी, एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम और परनीत कौर की तिकड़ी ने अपने शुरुआती दो मैचों में सिर्फ 10 अंक गंवाए। भारतीय पुरुष टीम ने करीबी मुकाबले में कोरिया को 235-233 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इस मुकाबले के शुरुआती दो दौर के बाद दोनों टीमें बराबरी पर थी लेकिन भारत ने 59 के स्कोर के साथ कोरिया को पछाड़ा।

# आईसीसी टी-20 बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष पर सूर्यकुमार

दुबई, एजेंसी

भारत के स्टार सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजी टी-20 रैंकिंग में 861 की रेटिंग के साथ शीर्ष पर कायम है। आईसीसीआई की ताजा रैंकिंग में इंग्लैंड के फिल साल्ट 802 की रेटिंग के साथ दूसरे नंबर पर हैं। हाल ही में टी-20 में सबसे तेज तीन हजार रन बनाने वाले पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को रैंकिंग में कोई फायदा मिलता हुआ नहीं दिख रहा है। उनकी रेटिंग 800 की है। इस बीच दक्षिण अफ्रीका के एडन मारक्रम एक पायदान आगे बढ़कर चौथे नंबर पर आ गए हैं और उनकी रेटिंग 755 की है।

मारक्रम के कारण पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को नुकसान हुआ है और वे एक स्थान नीचे खिसक कर पांचवें नंबर पर पहुंचे गये हैं। शीष पांच बल्लेबाजों के बाद छठे स्थान पर 714 रेटिंग के साथ यशस्वी जायसवाल हैं। दक्षिण अफ्रीका के राइली रूसो 689 की रेटिंग के साथ सातवें नंबर पर हैं। इंग्लैंड के जॉस बटलर 680 की रेटिंग के साथ अब एक स्थान की उछाल के साथ आठवें नंबर पर पहुंच हैं। न्यूजीलैंड के फिन ऐलन एक स्थान नीचे यानी नौवें नंबर पर पहुंच गए हैं। उनकी रेटिंग 666 की है। दक्षिण अफ्रीका के रीजा हेंड्रिक्स 660 की रेटिंग के साथ अभी भी नंबर 10 पर बने हुए हैं।



- 802 की रेटिंग के साथ दूसरे स्थान पर इंग्लैंड के फिल साल्ट
- शाहीन अफरीदी सर्वोच्च रेटिंग वाले टी-20 गेंदबाज तेज गेंदबाज

वहीं, बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी एक बार फिर पाकिस्तान के सर्वोच्च रेटिंग वाले टी-20 गेंदबाज हैं। वह न्यूजीलैंड केखिलाफ सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्थान ऊपर चढ़कर 17वें स्थान पर पहुंच गए हैं। तेज गेंदबाजी में टीम साउदी और तेज हारिस रऊफ 22वें स्थान पर हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# चालकों की झपकी ने छीन ली सात लोगों की जिंदगी, मचा कोहराम

## मूसानगर व पुखरायां में हुए सड़क हादसे के बाद शोक में डूबे परिजन

संवाददाता मूसानगर/पुखरायां

**अमृत विचार।** मूसानगर व पुखरायां क्षेत्र में डीसीएम व कार चालक के अचानक झपकी होने से सात जिंदगियां मौत के मुंह में चली गई। जानकारी पर मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया।

कानपुर नगर के घाटमपुर कस्बा निवासी मृतक राहुल, सुलखान, रामबाबू व अजय चप्पल फेरी लगाकर कई दिनों बाद मंगलवार की रात घर जाने के लिए पुखरायां से डीसीएम में बैठे थे। तभी मुगल रोड पर मूसानगर थाना क्षेत्र अकबराबाद गांव के समीप चालक को अचानक झपकी आने से डीसीएम अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे तेज रफ़्तार ट्रक से टकरा गई। जिससे चारो की मौत हो गई। इसी तरह जनपद हमीरपुर के कदौरा गई बारात में शामिल होकर कार सवार लौ लोग वापस गजनेर थाना क्षेत्र के जरैला जा रहे थे, लेकिन भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के जरैलापुर गांव के पास चालक को झपकी आने से कार अनियंत्रित होकर खड्ड में जा गिरी और उसमे सवार रघुनाथ, कुंवर लाल व छोटेलाल की मौत हो गई। घायलों ने बताया कि भोर के समय चालक काफी तेज कार चला रहा था। इसी दौरान हादसा हो गया। पुलिस ने दोनों हादसों में चालकों को अचानक झपकी आने के कारण घटना होना बताया है। वहीं हादसों में सात लोगों की मौत के बाद उनके परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।


सुलखान।


राहुल।


रामबाबू।


अजय।


घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व लोग। अमृत विचार

### मध्य प्रदेश से फेरी लगाकर लौट रहे थे मृतक

मूसानगर में सड़क हादसे में मृत चारो साथी सुलखान, राहुल, अजय व रामबाबू एक साथ ही चप्पल फेरी लगाने का काम करते थे। हाल ही में वह मध्य प्रदेश से फेरी लगाकर वापस घर जा रहे थे। तभी बुधवार की भोर पहर मुगल रोड पर ट्रक से डीसीएम टकराने से चारों की मौत हो गई। घटना से उनके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा।

### कार में क्षमता से अधिक बैठे थे लोग

**पुखरायां।** एक बार फिर क्षमता से अधिक सवारी के बैठने के चलते कार पलटने के बाद तीन लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। अगर सवारियां कम होती और कार में लगे बैलून खुल जाते तो तीन जानों को बचाया जा सकता था। गजनेर थाना क्षेत्र के जरैला गांव से लोग हमीरपुर के कदौरा बारात में गए थे। बुधवार भोर पहर करीब चार बजे के आसपास नौ लोग कार से वापस लौट रहे थे। तभी पुखरायां बाईपास पर जरैलापुर गांव के समीप कार अनियंत्रित होकर खड्ड में जा गिरी और तीन लोगों की मौत हो गई। कार में चार लोगों के बैठने की क्षमता होती है। लेकिन नौ लोग बैठे हुए थे। ऐसे में सवाल खड़ा हो रहा कि चालक ने जानजोखिम में डालकर क्षमता से अधिक लोगों को कार में बैठा लिया।


कार सवारों की मौत पर रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

### चार मौतों के बाद भी नहीं चेते जिम्मेदार

बीते फरवरी महीने में सगाई से वापस आते समय मुगल रोड पर हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई थी। जबकि एक युवक की मौत इलाज के दौरान हुई थी। उसके बाद भी पीडब्लूडी विभाग ने कोई सुध नहीं ली। जबकि मुगल रोड पर उस जगह अंधा मोड़ होने से वाहन तेजी से निकलते है। घटना स्थल से दो सौ मीटर पर लगे संकेतक के ऊपर झाड़ियां आ गई है। जिसको भी विभाग ने हटवाना मुनासिब नहीं समझा और बुधवार की भोर पहर एक बड़ा हादसा फिर हो गया। जिसमे दोबारा चार लोगों की मौत हो गई। आसपास के ग्रामीण बताते हैं कि अगर संकेतक बोर्ड ठीक तरह से लगा तो शायद वाहन धीरे चलते और यह हादसा न होता।


खड्ढे में पलटी पड़ी कार। अमृत विचार

### मातम में बदली खुशियां

- गजनेर थाना क्षेत्र के जरैला गांव निवासी राकेश की बारात जनपद हमीरपुर के कदौरा गई हुई थी। रात में घर लौटते समय कार सवार तीन की मौत और छह लोगों के घायल होने की सूचना जैसे ही जरैला गांव पहुंची तो शादी की खुशियां मातम में बदल गई। दूसरी ओर हमीरपुर के कदौरा में शादी में मौजूद मृतकों के परिजनों को भी हादसे की सूचना मिली तो अधिकांश लोग दौड़े चले आए।

## सार-संक्षेप

### सेक्टर मजिस्ट्रेट जांचेंगे क्रिटिकल बूथ

**कानपुर देहात।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को लेकर एडीएम अमित कुमार ने सिकंदरा लोकसभा क्षेत्र के जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक की। उन्होंने मॉक पोल के संबंध में जानकारी दी। कहा कि सभी रोड, नेटवर्क कनेक्टिविटी एवं रुट चार्ट का विशेष ध्यान देते हुए अपनी रिपोर्ट में इसका अंकन आवश्यक रूप से करें। गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, विद्युत, रैंप आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। एडीएम ने सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्र के वल्नरेबल व क्रिटिकल बूथों पर स्वयं जाकर आवश्यक व्यवस्थाएं जांचते हुए रिपोर्ट निर्वाचन कार्यालय में भेजने के निर्देश दिए।

### हादसे में पति की मौत के बाद पत्नी ने भी दम तोड़ा

**पुखरायां।** बम्हरौली घाट गांव के समीप ट्रैक्टर ट्राली पलटने से अधेड़ की दबकर मौत के बाद देर रात जिला अस्पताल में घायल पत्नी की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। देवराहट थाना क्षेत्र के रामबाबू ने बताया कि उसके भाई श्रीकृष्ण निवासी बम्हरौली घाट ने गांव के ही गोरे का खेत बटाई पर ले रखा था। मंगलवार को गेहूं की मड़ाई हुई थी। जिसके बाद श्रीकृष्ण (55) व उसकी पत्नी ननकी (40) गेहूं को बोरों में भरकर ट्रैक्टर ट्राली में लादकर घर लेकर जा रहे थे। तभी गांव के समीप ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और ट्राली पलट गई थी। ट्राली पलटने से श्रीकृष्ण व उसकी पत्नी ननकी गेहूं के बोरों के नीचे दब गए थे। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद ट्राली से दोनों को निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुखरायां में भर्ती कराया था। जहां चिकित्सक ने श्रीकृष्ण को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि उसकी पत्नी ननकी को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर किया गया था। देर रात इलाज के दौरान ननकी की भी मौत हो गई। ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने मेमो भेजकर पुलिस को सूचना दी। पति-पत्नी की मौत की जानकारी मिलते ही परिजन रोते-बिलखते रहे। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजते हुए कार्रवाई शुरू की है।


ननकी।

### पति समेत चार पर दहेज उत्पीड़न का केस

**मूसानगर।** न्यायालय के आदेश पर पुलिस दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। कस्बे के तकिया मोहल्ला के नूर मोहम्मद ने बताया कि उनकी पुत्री की शादी एक वर्ष पूर्व देवनपुरवा थाना फफूंद जनपद औरैया के सईद अनवर के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन अतिरिक्त दान दहेज की मांग को लेकर लगातार पुत्री को प्रताड़ित करने लगे। कई बार समझा बुझा कर मामले को शांत कराया, लेकिन उक्त लोग नहीं माने। इस बावत थाना प्रभारी दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर पति सईद अनवर, देवर जावेद व अख्तर, एक अन्य रिश्तेदार समी आलम के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न व मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### एसडीएम ने सरकारी भूमि से हटवाया अतिक्रमण

**पुखरायां।** तहसील प्रशासन की नोटिस के बावजूद नथवापुर गांव निवासी एक व्यक्ति ने सरकारी भूमि से अवैध कब्जा नहीं हटाया। जानकारी पर एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी से कब्जा हटवाया। भोगनीपुर उपजिलाधिकारी सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि तहसील क्षेत्र के नथवापुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यायल के बूथ संख्या एक के सामने गांव के ही श्रीराम पुत्र मधुराम ने सरकारी भूमि पर चबूतरा बनाकर छप्पर रख लिया गया था। तहसील प्रशासन की ओर से उसे कई बार नोटिस भी दिया गया, लेकिन उसने कब्जा नहीं हटवाया। बुधवार को उन्होंने मौके पर पहुंचकर जेसीबी के माध्यम से कब्जे को हटवाया। साथ ही दोबारा कब्जा करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।


अतिक्रमण पर चलता बुल्डोजर।

# एसएसटी व एफएसटी टीमें सक्रियता से करें निगरानीः एडीएम

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- नियमः बिना अनुमति कोई भी लाइसेंसी हथियार लेकर नहीं चल सकेगा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने को लेकर उप जिला निर्वाचन अधिकारी व एडीएम वित्त ने व्यय निगरानी समिति के नामित अधिकारियों व सदस्यों के साथ बैठक की।

बुधवार को उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार व एडीएम वित्त केशवनाथ गुप्त ने सभी एसएसटी व एफ़एसटी दल के सदस्यों को आवंटित क्षेत्रों में क्रियाशील रहते हुए प्रलोभन की लिए अवैध धन, सामग्री और व्यय में अप्रदर्शित सामग्री पर लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण के दौरान पाई जाने वाली अवैध गतिविधियों में संलग्न व्यक्तियों पर लगातार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करें। लेकिन व्यापारिक लेनदेन या बैंक में जमा कराए जाने के लिए राशि पाए जाने पर व्यावसायिक हितों का ध्यान रखा जाए। व्यापारिक संस्था बैंक में राशि जमा कराते समय संबंधित बैंक एकाउंट का नंबर, राशि का ब्योरा, संस्था का नाम आदि विवरण साथ में रखें। उन्होंने यह भी बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कोई भी व्यक्ति अपने लाइसेंसी हथियार को बिना जिला स्तरीय समिति के संस्तुति के अपने साथ नहीं ले जा सकता है। इसके लिए जिला स्तरीय कमेटी का अनुमोदन आदेश अपने साथ रखना अनिवार्य है। एसएसटी व एफ़एसटी दल के सदस्यों को स्पष्ट किया कि यदि कोई सामग्री जब्त की जाती है तो संबंधित व्यक्ति को उसकी पावती निर्धारित प्रारूप में देना अनिवार्य है। साथ ही सूचना तत्काल ईएसएमएस पोर्टल पर दर्ज कराना भी सुनिश्चित करें। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन पाए जाने पर प्रारूप ख (9) पर रिपोर्ट करें। उन्होंने सभी सदस्यों को यह भी अवगत कराया कि किसी भी महिला की तलाशी महिला कांस्टेबल की उपस्थिति में ही सुनिश्चित की जाए। इस मौके पर वरिष्ठ कोषाधिकारी त्रिभुवन प्रसाद, सहायक निर्वाचन अधिकारी अजीत पांडेय आदि मौजूद थे।


अधिकारियों के साथ बैठक करते उप जिला निर्वाचन अधिकारी। अमृत विचार

### विज्ञापन व पेड न्यूज की रिपोर्ट दें

- **कानपुर देहात।** बुधवार को एडीएम वित्त केशव नाथ गुप्ता ने मीडिया सर्टिफिकेशन मॉनिटरिंग कमेटी एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभारी अधिकारी एमसीएमसी को निर्देश दिया कि आयोग के दिए निर्देशों के अनुरूप प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में आए हुए विज्ञापनों व पेड न्यूज से संबंधित रिपोर्ट प्रतिदिन निर्धारित प्रारूप पर भेजें। उन्होंने कहा निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव के लिए एमसीएमसी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**रनियां।** सिहुराभावन गांव में युवक ने अज्ञात कारणों से पेड़ में गमछे के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। रनियां थाना क्षेत्र के सिहुराभावन गांव निवासी उमेश पाल उर्फ कल्लू (25) हलवाई का काम करता था। वह मंगलवार को अपने रिश्तेदारी में शादी में गया था। बुधवार भोर वह बाइक से घर लौटा था। किसी को जानकारी दिए बगैर घर से गमछा लेकर चला गया।

## आग से साढ़े पांच बीघा गेहूं की फसल जली

संवाददाता पुखरायां/मूसानगर

- भोगनीपुर के गुरगांव, सहाबापुर व डेरापुर तहसील के भंदेमऊ में हुईं घटनाएं

**अमृत विचार।** भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के गुरगांव, सहाबापुर व मंगलपुर क्षेत्र के भंदेमऊ गांव में गेहूं की फसल में आग लग गई। जिससे करीब साढ़े पांच बीघा फसल जलकर राख हो गई। दमकल ने आग पर काबू पाया। लेखपाल ने क्षति का आकलन किया है।

भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के गुरगांव निवासी छोटी बिट्टी पत्नी बृजेंद्र सिंह करीब एक बीघा फसल जलकर राख हो गई। जानकारी मिलते ही लेखपाल सौम्या ने मौके पर जाकर क्षति का आकलन किया। इसी तरह क्षेत्र के सहाबापुर गांव में विद्युत लाइन टकराने से निकली चिंगारी से शिव सिंह व पूरन सिंह की करीब तीन बीघा गेहूं की फसल जल गई। सूचना पर पहुंचे लेखपाल अजेश दुबे व अभिषेक ने नुकसान का आकलन किया। वहीं डेरापुर तहसील क्षेत्र के भंदेमऊ गांव निवासी किसान देवेंद्र सिंह, व कुंवर सिंह के खेतों में खड़ी करीब डेढ़ बीघा गेहूं की फसल जल गई। लेखपाल आदित्य यादव ने मौका देखा।


गुरगांव में खेत में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार


भंदेमऊ में आग से जली गेहूं फसल। अमृत विचार

...ताकि बढ़े वोट प्रतिशत | मतदाता जागरुकता बढ़ाने के लिए वेब सीरीज के पांच एपिसोड जारी

# स्वीप काकी का सामने आया डिजिटल अवतार

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जारी किए गए शुभंकर स्वीप काकी का डिजिटल अवतार भी सामने आ गया है। विशेष कर महिला मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से एक-एक वोट का महत्व समझाने, मतदान स्थल एवं मतदाताओं को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी लेने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा एप जारी किया गया है।

लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशी के संबंध में जानकारी लेने के लिए जारी किए गए एप, दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को घर बैठे पोस्टल बैलेट की सुविधा संबंधित जानकारियों पर आधारित वेब सीरीज का निर्माण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पांडेय के मार्गदर्शन में बेसिक शिक्षा विभाग की टीम ने किया है। जिसमें स्वीप काकी का अभिनय विकासखंड रसूलाबाद के प्राथमिक विद्यालय सिठऊपूर्व की कक्षा तीन की छात्रा आरुषि द्वारा निभाया गया है। वेब सीरीज में मार्गदर्शन बीईओ अजब सिंह, योजना एआरपी आशीष कुमार द्विवेदी, संवाद निर्माण प्राथमिक विद्यालय सिठऊपूर्वा की प्रधानाध्यापक प्रीति रानी, संपादन एवं गायन संविलियन विद्यालय ताजपुर की सहायक अध्यापक दिव्या शाक्य, पठकथा एवं निर्देशन सिठऊपूर्वा के सहायक अध्यापक अर्पित कृष्णा और प्राथमिक विद्यालय मैजू की सहायक अध्यापक अपेक्षा त्रिपाठी एवं पार्श्व संगीत संविलियन विद्यालय भदेसा सरवनखेड़ा के राजेश सिंह का रहा। मंगलवार को वेब सीरीज की पूरी टीम और स्वीप काकी की उपस्थिति में सीडीओ लक्ष्मी एन द्वारा वेब सीरीज को लांच किया गया। सीडीओ ने वेब सीरीज के एपिसोड विभिन्न स्वीप कार्यक्रमों में दिखाए जाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान डायट प्रवक्ता विपिन कुमार, जनपद के स्वीप नोडल एसआरजी अनंत त्रिवेदी, डॉ. इंद्र कुमार, मयंक मिश्रा, संतोष यादव, राहुल कटियार आदि उपस्थित रहे।


मतदाता जागरुकता का संदेश देतीं स्वीप काकी। अमृत विचार


अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।



# तल्ख धूप और गर्म हवा से झुलसने लगा बदन



## पारा @ 43 डिग्री: दोपहर में मानों बरसी आग, जरूरी काम वाले लोग ही निकल रहे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



गर्मी व तेज धूप से बचने के लिये मुंह ढककर जाते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चिलचिलाती धूप के साथ गर्म हवा की जुगलबंदी अप्रैल महीने में ही बेहाल करने लगी है। आलम यह है कि दिन में 11 बजे के बाद भी तपिश शरीर को झुलसाने लगी है। बुधवार को पारा 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

बुधवार को भी दिन की शुरुआत तीखी धूप से हुई। तेज धूप की वजह से 11 बजते-बजते घर से बाहर निकलना मुश्किल होने लगा। धूप में त्वचा के झुलसने का अहसास होने लगा। धूप से खुद को बचाने के लिए छतरी और गमछा का सहारा लेना पड़ा। दिन के 12 बजे तक अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। गर्मी बढ़ने के साथ ही तेज हवा चलने लगी। और गर्मी हवाएं शरीर को भेदने लगीं। जैसे-जैसे गर्मी में इजाफा हो रहा है, कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। बुधवार दोपहर एक बजे के बाद चौक, सिविल लाइंस, राधानगर आदि प्रमुख बाजारों में सन्नाटा सा दिखने लगा। ग्राहकों की संख्या में कमी आने की वजह से व्यवसाइयों को दिन के समय दुकानें बंद कर देनी पड़ रही हैं। गर्मी के मौसम का मिजाज तेज धूप और गर्म हवाओं तक सिमट गया है। बीच-बीच में मामूली बादल धूप का रास्ता रोकते हुए चंद लम्हों के लिए लोगों को राहत पहुंचा रहे हैं। लगातार दो दिनों से पारा 43 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है।

● अप्रैल में ही गर्मी दिखा रही अपना विकराल रूप

### मौसम में बदलाव आते ही किसान परेशान

मौसम बदस्तूर लोगों की परेशानी बढ़ा रहा है। हालांकि बीच-बीच में हल्के बाद धूप की तेजी को बेअसर करते रहे। जिससे लोगों को मामूली राहत मिली। दोपहर से शाम हुई तो मौसम में बदलाव आया। वहीं रात में उमस बढ़ रही है। जिससे लोगों की नींद में खलल पड़ रहा है। बादल आते देख किसानों के माथे में चिंता की लकीरें भी आ जाती हैं। कहीं उनकी पकी फसल न प्रभावित हो जाए।

### बादलों ने बढ़ाई उमस

मंगलवार की रात को बादलों का डेरा रहा। वहीं बुधवार को भी दोपहर में बीच-बीच में हल्के बादल आते-जाते रहे। लोगों ने आसमान की ओर देखा तो उन्हें धूप और बादल की जुगलबंदी दिखाई दी। जिससे उमस और बढ़ गई।

# मतदान के 48 घंटे पूर्व से बंद होंगी मदिरा की दुकानें

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



● भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला प्रशासन ने जारी किए निर्देश

**अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण समपन्न कराने के लिए मतदान की समाप्ति के नियत समय से 48 घण्टे पूर्व से मतदान समाप्त होने तक तथा मतगणना के दिन जनपद के मतगणना स्थल से सम्बन्धित क्षेत्रों में आबकारी की समस्त दुकानें बन्द रखी जाएंगी।

जिला मजिस्ट्रेट सी. इन्दुमती आदेश जारी किया है कि लोकसभा चुनाव में मतदान एवं मतगणना के दिन मद्य निषेध घोषित किये जाने, लोक शान्ति बनाये रखने तथा स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण मतदान कराये जाने के उद्दे श्य से संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम के तहत चौथे चरण का मतदान 13 मई के लिए जनपद कानपुर नगर एवं उन्नाव की सीमा से 08 किमी की दूरी पर जनपद फतेहपुर के समस्त आबकारी मद्द निषेध की दुकानें, (देशी मदिरा, विदेशी मदिरा, बीयर, मॉडलशॉप, भाग की थोक एवं फुटकर आदि की दुकाने) 11 मई सांयकाल 06:00 बजे से 13 मई शाम 06.00 बजे तक अथवा मतदान के समाप्ति तक बंद रहेंगी। इसी तरह से पांचवे चरण के मतदान 20 मई को जनपद फतेहपुर की समस्त आबकारी मद्द निषेध की दुकानें 18 मई शाम 06:00 बजे से 20 मई शाम 06:00 बजे तक एवं मतगणना वाले दिन 4 जून को जनपद की समस्त आबकारी मद्द निषेध की दुकानें बंद रहेंगी। उन्होंने बताया कि बन्दी अवधि में अनुज्ञापियों को कोई प्रतिफल देय नहीं होगा।

## सार-संक्षेप

### सर्पदंश से किसान की मौत

**अमौली।** चांदपुर थाना क्षेत्र के गोहरारी गांव में गेहूं की फसल काट रहे किसान शिवशंकर यादव को बुधवार को सर्प ने डस लिया। थोड़ी ही देर में शिवशंकर की हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों को जानकारी दी। जानकारी पर परिजनों ने उन्हें तत्काल हमीरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। शाम तक मामले की जानकारी पुलिस को नहीं दी गई थी।

### कार्मिकों ने मॉक पोल समेत सीखीं ईवीएम की बारीकियां

**फतेहपुर।** लोकसभा चुनाव को सकुशल, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण ढंग से एवं पारदर्शिता से सम्पन्न कराने के लिए शहर के ठा. युगराज सिंह महाविद्यालय में चल रहे प्रथम प्रशिक्षण के तीसरे दिन बुधवार को पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम का दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में अनुपस्थित कार्मिकों पर वेतन रोकने की कार्यवाही की गई।

### प्रातःकालीन अदालतों के समय का हुआ पुनर्निर्धारण

**फतेहपुर।** जिला न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा ने बताया कि प्रात:कालीन अदालतों के समय को पुनर्निर्धारित किया गया है। जनपद प्रात: कालीन न्यायालयों की सूची में सम्मिलित है। अदालत का पुनर्निर्धारित समय आने वाले वर्षों के लिए सुबह 08:30 बजे से दोपहर 02:30 बजे के बजाय मई और जून के महीने के लिए सुबह 07:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक होगा। सचिव, जिला बार एसोसिएशन ने उच्च न्यायालय के पत्र की सामग्री के आलोक में और सचिव जिला द्वारा दी गई सहमति के आधार पर, मई और जून के महीने में सुबह की अदालत के लिए एक आवेदन दिया है। बार एसोसिएशन मई और जून के दौरान सिविल कोर्ट फ़तेहपुर, बाह्य न्यायालय खागा और ग्राम न्यायालय बिंदकी की सुबह की अदालत का समय सुबह 07:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक होगा। लंच ब्रेक का समय सुबह 10:30 बजे से प्रात: 11:00 बजे तक रहेगा। यह प्रशासनिक आदेश जजशिप के नोटिस बोर्ड और वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।

### बाइकों की टक्कर में दो लोग घायल

**अमौली।** चांदपुर थाना क्षेत्र के कौंह मोड़ के पास दो बाइकों की आमने सामने की टक्कर में दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में बाइक सवार विश्राम सागर पुत्र स्व कल्लू निवासी जमालपुर जनपद कानपुर व दूसरी बाइक में सवार संत सिंह पुत्र ज्ञान सिंह निवासी परसेढा थाना चांदपुर घायल हो गए।

## सड़क हादसों में छात्र समेत तीन घायल

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव निवासी राम नारायन का 15 वर्षीय पुत्र अतुल कुमार रोज की तरह कस्बा स्थित स्वामी चंद्रदास इंटर कॉलेज गया था। वहां से छुट्टी होने के बाद वापस घर लौटते समय कस्बे के पास चार पहिया वाहन की टक्कर से घायल हो गया। घटना की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत मौके पर पहुंचे और इलाज के लिए हसवा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। उधर ललौली थाना क्षेत्र के महना गांव निवासी राजकुमार का पुत्र भजन और गांव निवासी जितेंद्र दोनों बाइक पर सवार होकर गाजीपुर थाना क्षेत्र के शाह कस्बे में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। वापस अपने घर जाते समय थाना क्षेत्र के बंधवा के पास अज्ञात वाहन उनकी बाइक को टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे दोनों बाइक सवार घायल हो गए।

# महिला ने जहर खाकर दी जान

संवाददाता फतेहपुर

● मृतका के पिता ने जहर देकर मारने का लगाया आरोप

● पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमृत विचार।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के पिता ने ससुरालीजनों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर जहर खिलाकर मार डालने का आरोप लगाया है।

कौशांबी जनपद के थाना कड़ा गांव अल्लीपुर जीता निवासी मोहम्मद आरिफ ने अपनी पुत्री खुशबू बानो की शादी 15 अक्टूबर 2020 को शाह कस्बा निवासी अली हुसैन के पुत्र फिदा हुसैन के साथ की थी। मंगलवार की शाम संदिग्ध अवस्था में विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के पिता आरिफ ने बताया कि शादी के बाद से ही ससुरालीजन डेढ़ लाख रुपये व सोने की चेन की मांग को लेकर प्रताड़ित करते थे। जबकि पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद पति फिदा हुसैन ने बताया कि उसकी पत्नी उससे अलग रहने की बात करती थी। जब उसने इंकार कर दिया तो झगड़ा करने के बाद उसने जहर खा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई।

### यमुना नदी में गिरने से अधेड़ की हुई मौत

**फतेहपुर।** यमुना किनारे गया एक अधेड़ व्यक्ति पैर फिसल जाने से नदी में जा गिरा। आसपास किसी के न होने से उसकी डूबकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा रहा। ललौली थाना क्षेत्र के पथरी अढ़ावल गांव निवासी स्व. रामशरन निषाद का विकलांग पुत्र बिसेन कुमार निषाद के भतीजे राहुल की बारात बांदा जिला जानी थी। इसी दौरान वह शौचक्रिया के लिए गया था। तभी पैर फिसल जाने से वह यमुना में डूब गया। जानकारी होने पर परिजन मौके पर पहुंचे। करीब एक घंटे बाद शव कुछ दूरी पर पुलिस ने बरामद किया। जिसका पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना की जानकारी मृतक के भाई रावेंद्र निषाद ने दी है।

### मानसिक तनाव के चलते अधेड़ ने लगाई फांसी

**फतेहपुर।** मानसिक तनाव के चलते एक व्यक्ति ने मंगलवार की शाम फांसी के फंदे से झूलकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। औंग थाना क्षेत्र के डेलेमऊ गांव निवासी चन्ना का पुत्र रामचंद्र कुछ दिनों से मानसिक तनाव में था। मंगलवार की शाम उसने घर के अंदर उस वक्त फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जब घर के सभी लोग खेतों में काम कर रहे थे। परिजन जब लौटकर घर आए तो रामचंद्र का शव फांसी पर लटका देख कोहराम मच गया। सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# आग से तीन भाइयों की गृहस्थी हुई राख

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर



आग की चपेट में आकर जली पड़ी गृहस्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मंगलवार रात बिजली के शार्ट-सर्किट से आग लगने के कारण तीन सगे भाइयों का मकान जलकर राख हो गया। पीड़ित परिवार ने फायर ब्रिगेड टीम को आग लगने की जानकारी दी। फायर ब्रिगेड टीम के पहुंचने से पहले ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पा लिया।

हुसेनगंज थाना क्षेत्र के नरौली गांव के रहने वाले अशोक कुमार, धर्मपाल और विनोद कुमार के घर पर रात में बिजली का शार्ट-सर्किट होने से आग लग गई। आग लगते ही परिजनों में चीख-पुकार मचने से आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे। आग लगने की सूचना पीड़ित परिवार ने फायर ब्रिगेड टीम को दी। आग के विकराल रूप धारण करने से तीनों सगे भाइयों का घर जलकर राख हो गया। जब तक फायर ब्रिगेड टीम पहुंची ग्रामीणों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। पीड़ित अशोक कुमार ने बताया कि घर पर बिजली के शार्ट-सर्किट से आग लगने पर परिवार के सभी लोगों को लेकर बाहर की ओर भागे तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। आग लगने से एक बाइक और करीब तीनों भाइयों के घर पर रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया है। पीड़ित विनोद ने बताया कि हम सभी भाई मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करते हैं आग लगने से सब जलकर राख हो गया है। घर पर खाने को कुछ नहीं बचा है। थाना प्रभारी राम केवल पटेल ने बताया कि रात में घर पर आग लगने की जानकारी पीड़ित परिवार ने दी थी।

### आग से आठ बीघा गेहूं की फसल राख

**जाफरगंज।** थाना क्षेत्र के कुकेड़ी गांव स्थित सरकारी जंगल में बुधवार को दोपहर अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। मेवात गंज से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। आग पर काबू नहीं पाने पर ग्रामीणों ने थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह को सूचना दी। पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल गाड़ी एवं ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। अग्निकांड में मेवातगंज निवासी वसी मोहम्मद की तीन बीघा और हबीब की पांच बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर लेखपाल व वन विभाग की टीम पहुंची और मौका मुआयना किया।

### 15 बीघा गेहूं की फसल जली

**असोथर।** थाना क्षेत्र के देईमऊ गांव मे बुधवार को दोपहर अज्ञात कारण से लगी आग से करीब 15 बीघे गेंहू की फसल जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों की मदद से करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। किसानों के बंधे पड़े गेहूं के बोझ भी आग की चपेट में आ गये। सूचना पर राजस्व विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया। लेखपाल सुरभूप पांडे के मुताबिक शैलेश द्विवेदी, बिनय द्विवेदी, अनूप द्विवेदी, प्रशांत द्विवेदी की 15 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई है।

# मेडिकल कॉलेज को मिला पहला देहदान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

● युग दधीचि देहदान अभियान की दोआबा में जोरदार दस्तक



देहदानी संतोष।

● देहदान शपथ समारोह में पांच लोगों ने ली देहदान की शपथ

**अमृत विचार।** कानपुर से प्रारंभ होकर धीरे-धीरे पूरे प्रदेश में स्थापित हो चुके युग दधीचि देहदान अभियान के तहत बुधवार को जिले के मेडिकल कालेज को पहले देहदान की सौगात मिली। मेडिकल कॉलेज में जोरदार दस्तक देते हुए जहां पांच लोगों विनोद गुप्ता, रामस्वरूप गुप्ता, अमित गुप्ता, प्रदीप रस्तोगी और प्रदीप राजपूत को ने केवल देहदान की शपथ दिलाई, साथ ही उनका सम्मान भी किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि मनोज सेंगर ने बताया कि इस कार्यक्रम के साथ ही अबतक संस्था द्वारा 276 मृत शरीर सफलता पूर्वक विभिन्न सरकारी मेडिकल कॉलेजों को शोध के लिए दान किए गए हैं। 3500 से अधिक लोगों ने देहदान संकल्प पत्र भरा हुआ है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. आरपी सिंह ने की तो आभार एनाटमी हेड डॉ. शिरीन जहां ने व्यक्त किया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में माधवी सेंगर ने सभी देहदानियों को सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि आगे भी यह प्रयास जारी रहेंगे।

### कानपुर निवासी महिला का है पहला शव

युग दधीचि देहदान अभियान के अंतर्गत बुधवार को कौशलपुरी कानपुर निवासी 84 वर्षीय महिला संतोष ठक्कर का 24 अप्रैल को सुबह दस बजे निधन होने पर उनके पुत्र द्वारा अभियान प्रमुख मनोज सेंगर को सूचना देकर देहदान कराने का आग्रह किया गया। सेंगर द्वारा तत्काल देह को फतेहपुर मेडिकल कॉलेज को दान करने का निश्चय किया गया और देह लेकर अपनी पत्नी के साथ फतेहपुर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जहां शाम तीन बजे एनाटमी हेड डॉ. शिरीन जहां एवं डॉ प्रियंका सिन्हा ने सम्मान सहित शरीर स्वीकार किया। मनोज सेंगर ने बताया कि यह 276वां देहदान हुआ है। युग दधीचि देहदान अभियान के अंतर्गत अब तक 3500 से अधिक लोगों ने देहदान संकल्प पत्र भरा है।

# अंतर्जनपदीय बाइक चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाददाता जहानाबाद फतेहपुर

● चोरी की चार बाइक और दो तमंचे बरामद

**अमृत विचार।** चोरी की बाइके बेचने जा रहे दो शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। आरोपियों के पास से पुलिस ने तमंचे व चार बाइकें बरामद की हैं।

जहानाबाद थानाध्यक्ष अनुरुद्ध द्विवेदी उप निरीक्षक प्रशांत कटियार अपनी टीम के साथ मंगलवार देर शाम साढ़ बार्डर पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। तभी बाइक सवार दो युवक आते हुए पुलिस टीम को दिखाई दिए। पुलिस ने बाइक रोकने का इशारा किया तो बाइक सवार पुलिस को देख भागने लगे। टीम ने बाइक सवार सुजीत यादव निवासी मदरी, आशीष कुमार शुक्ला निवासी खुर्द चांदपुर को दौड़ा कर पकड़ लिया। आरोपियों के पास से पुलिस ने दो तमंचे और एक चोरी की बाइक बरामद की। पुलिस के कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने आस पास के जिलों में बाइक चोरी की घटनायें कबूल की। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने अमौली रोड स्थित एक खंडहर से चोरी की तीन अन्य बाइकें बरामद की। थानाध्यक्ष अनुरुद्ध द्विवेदी ने बताया कि शातिरों ने हमीरपुर, साढ़ कानपुर नगर और खागा से पिछले महीने चोरी किया था। आरोपी जिले सहित आस पास के जिलों में बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम देते है। इसके बाद बाइक बेच देते है।



रक्षा मंत्री के जनसभा स्थल का निरीक्षण करते भाजपा जिलाध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

# राजपुर में आज आएंगे रक्षा मंत्री

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की राजपुर में जनसभा के लिए तैयारी पूरी कर ली गई हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठकर कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। उन्होंने रक्षा मंत्री के हेलीपैड का भी निरीक्षण किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि महिला मोर्चा एवं युवा मोर्चा की टीम ने गांव-गांव जाकर लोगों को पीले चावल देकर जनमानस को आमंत्रित किया है। इस दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष परवेश कटियार, दिनेश मिश्रा, सौरभ मिश्रा, फूल सिंह कठेरिया, राजपुर चेयरमैन अंशु त्रिपाठी, विनय प्रताप सिंह, रेणुका सचान, जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

परेशानी

भंडारण डिपो से बंद कराई गई गैस आपूर्ति, टोरंट कर्मचारियों ने की मरम्मत, लोगों में मचा हड़कंप

# जेसीबी खोदाई से फटी पीएनजी लाइन, गैस का हुआ रिसाव

संवाददाता रनियां



पीएनजी लीकेज से छाई धुंध। अमृत विचार



लीकेज पीएनजी लाइन की मरम्मत करते कंपनी के कर्मचारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** औद्योगिक क्षेत्र में संचालित एक खाद्य तेल फैक्ट्री में जेसीबी मशीन से जमीन की खुदाई के दौरान नीचे से गुजरी पीएनजी लाइन का पाइप फट गया। जिससे गैस रिसाव होने पर लोगों में हड़कंप मच गया। फैक्ट्री कर्मियों ने गैस आपूर्ति कंपनी, पुलिस व दमकल को सूचना दी। जानकारी पर भंडारण डिपो से आपूर्ति बंद कराई गई। साथ ही दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर स्थिति पर नियंत्रण किया।

रनियां पड़ाव पर स्थित खाद्य तेल बनाने वाली कानपुर एडबिल फैक्ट्री में बुधवार की दोपहर हाईवे से सटी हुई खाली पड़ी जमीन पर जेसीबी मशीन से खुदाई कार्य चल रहा था। इसी दौरान गहराई में पड़ी टोरंट कंपनी की पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) लाइन का पाइप फट गया। पाइप लाइन फटने से उससे प्रेशर के साथ गैस रिसाव होने लगा और बदली सी छा गए। घटना के बाद जेसीबी मशीन का चालक वहां से भाग कर फैक्ट्री पहुंचा और जानकारी दी। इसके बाद टोरंट कंपनी सहित दमकल व पुलिस को सूचना दी गई। एसओ रनियां महेंद्र पटेल मौके पर पहुंचे और एहतियातन राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात कुछ देर के लिए रोका गया। इसी दौरान टोरंट कंपनी के इंजीनियर हिमांशू दुबे, विवेक कुमार, शुभम गर्ग मौके पर पहुंचे और भंडारण डिपो में सूचना देकर आपूर्ति बंद कराई। अधिकारियों ने लीकेज पाइपलाइन की मरम्मत कराई। जिसके बाद गैस का रिसाव बंद हो सका। टोरंट कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें खुदाई के बावत किसी तरह की जानकारी नहीं दी गई थी। अन्यथा किसी कर्मचारी को मौके पर भेजा जाता। वहीं गैस का रिसाव बंद होने के बाद आसपास के लोगों में सामान्य स्थिति बन सकी।

# संदलपुर की आठ पंचायतों में एंटीलार्वा नहीं छिड़का

संवाददाता मंगलपुर

● बीडीओ ने लापरवाह कर्मियों का वेतन काटने की कही बात

**अमृत विचार।** संदलपुर ब्लाक के आठ गांवों में संचारी रोग अभियान के तहत सफाई कर्मियों द्वारा सफाई व एंटीलार्वा दवा का छिड़काव नहीं किया गया है।

विकासखंड संदलपुर की 57 ग्राम पंचायतों में संचारी रोग अभियान के तहत मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम करने के लिए एंटीलार्वा दवा का छिड़काव कर साफ-सफाई करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन अभी तक भंदेमऊ, सतौरा, गहिलापुर, सदना, हरपुरा, रेंवा व सहनीपुर में साफ-सफाई न होने से गलियों में कूंडे के ढेर लगे हुए हैं। भंदेमऊ की प्रधान सविता सिंह ने बताया कि उनके गांव में महिला सफाई कर्मी तैनात हैं। लेकिन उसकी जगह प्राइवेट कर्मी महीने में कभी कभार सफाई के लिए आता है। उनके गांव में एंटीलार्वा का छिड़काव भी अभी तक नहीं हुआ है। सतौरा के प्रधानाध्यापक अनुरुद्ध यादव व गहिलापुर के शिक्षक अनुराग गुप्ता ने बताया कि उनके विद्यालय में सफाई कर्मी आता ही नहीं है। इस बावत एडीओ पंचायत संदलपुर अश्वनी कुमार ने बताया कि उन्होंने सफाई कर्मियों को छिड़काव के लिए एंटीलार्वा दवा दी है। जिन गांवों में एंटी लार्वा दवा का छिड़काव नहीं हुआ है। वहां के सफाई कर्मियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। बीडीओ संदलपुर देवेंद्र वर्मा ने बताया कि एंटीलार्वा का छिड़काव न करने वाले सफाई कर्मियों का एक दिन का वेतन काटने की कार्रवाई की जाएगी।

### परिवार में चले लाठी-डंडे

**औंग।** कस्बे में मंगलवार रात करीब नौ बजे जमीनी विवाद को लेकर एक पक्ष ने जमकर लाठी चला दी। जिसमें दो महिलाओं सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सिर में लाठी की चोट से लहूलुहान छोटू व मन्नो देवी व तीन अन्य लोगों के हाथ व पैर में गम्भीर चोटें आईं हैं। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

**सार्वजनिक सूचना**

मुकुंद शुक्ला और रश्मी शुक्ला (उधारकर्ता) प्राइवेट पर घर के संबंध में बंधक बनाने के लिए सहमत हुए हैं। प्लॉट नंबर 8, आराजी नंबर 961 मि. का हिस्सा, मौजा–बगदौधी बांगर, कानपुर नगर में स्थित है, जिसकी माप 200 वर्ग गज या 167.226 वर्ग मीटर है, एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के साथ, मूल बिक्री पत्र दिनांक 27/06/2003 को असगर अली पुत्र फतेह अली द्वारा श्री संजीव कुमार बाजपेयी पुत्र श्री ब्रजभूषण बाजपेयी के पक्ष में निष्पादित किया गया, जो उप–रजिस्ट्रार जोन –2, कानपुर नगर के कार्यालय में पुस्तक संख्या 1, खंड संख्या में विधिवत पंजीकृत है। 27/06/2003 को क्रमांक 2881 पर पृष्ठ 363 से 380 पर 2506 खो गया है, यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति के विरुद्ध कोई दावा है, तो 07 दिनों के भीतर मुझसे संपर्क कर सकता है।

संदीप साहनी– वकील – कार्यालय–कक्ष क्रमांक 86 द्वितीय तल शताब्दी अधिवक्ता भवन, कोर्ट कंपाउंड, कानपुर नगर 208001. मोबाइल नंबर 9838994509
संदीप साहनी– संदीप साहनी द्वारा डिजिटल हस्ताक्षरित, दिनांक: 23.04.2024



# डेंगू : संवेदनशील की लिस्ट में 26 गांव और कई कस्बे

## पिछले वर्ष डेंगू के 95 केस आए थे सामने, इस बार भी मच्छरजनित बीमारियों से जूझेंगे लोग

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। बारिश के दौरान वायरस और बैक्टीरिया से होने वाली बीमारियों की रोकथाम के प्रति जिम्मेदार कार्य में गंभीर नहीं हैं। मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए महीने भर पूर्व लोगों को जागरूक करने का अभियान चलाया जा चुका है। मच्छरजनित बीमारियों पर नियंत्रण की अनदेखी के चलते पिछले साल डेंगू जैसे लक्षण वाली बीमारी की चपेट में आ सकते हैं।

दोआबा में पिछले साल डेंगू की चपेट में 95 लोग आ गए थे। जिनमें मौत का आंकड़ा सरकारी आंकड़ों के हिसाब से शून्य था। लेकिन कई डेंगू के मरीजों की हालत गंभीर हो गई थी। कोरोना की जांच में एलटी व एलए के व्यस्तता के कारण मलेरिया की जांचों की अनदेखी के बाद भी 56 मरीज मलेरिया से पीड़ित पाए गए थे। हर साल की तरह इस बार भी जिले में डेंगू मलेरिया, जापानी बुखार आदि से बचाव व रोकथाम के लिए शुरू होने वाले जागरुकता अभियान के लिए जिम्मेदारों ने कमर कस ली है। जिला मलेरिया अधिकारी सुजाता ठाकुर ने बताया कि जून माह में घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने का काम किया जाएगा।

### कागजों में सब कुछ दुरुस्त होने का किया दावा

जिले में पिछले साल डेंगू से प्रभावित रहे 26 गांव व कस्बे मलेरिया विभाग द्वारा संवेदनशील के रूप में चिह्नित किए गए थे। इनमें अमौली ब्लाक के रोटी, बुढ़वां, लहुरी सरांय, चांदपुर, मंगलपुर टकौली, नोनारा, बाबूपुर, नसेनिया, आजमपुर गढ़वा, सराय धरमपुर, जलालपुर नेवरी, देवमई ब्लाक के पटारी, लंगर सराय, देवमई खास, कंजरन डेरा, चिल्ली, बेहटा, घनश्यामपुर, सिठर्रा, द्वारिकापुर जट्ट, खजुहा ब्लाक के अमजदपुर, गहरूखेड़ा, दरियापुर, शिवरी और मलवां ब्लाक के बहरौली शामिल हैं। इन सभी प्रभावित गांवों में इसबार भी जलभराव की वजह से ये संवेदनशील हैं। संचारी रोग अभियान में खामियों को कागजों में दुरुस्त होने का दावा कर दिया गया।

### अधिकारी बोले

जनपद में डेंगू के लिए 26 गांवों को संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। इन गांवों को प्राथमिकता में लेकर सबसे पहले निरोधात्मक कार्रवाई अगले सप्ताह से शुरू कर दी जाएगी। जून माह में इसके लिए इन गांवों के अलावा सभी गांवों में कार्यवाही की जाएगी।

-डॉ. सुजाता ठाकुर, जिला मलेरिया अधिकारी

# शार्ट सर्किट से एक बीघा फसल जली

थरियांव। थाना क्षेत्र के मलाव गांव में रहने वाले किसान शत्रुघन मौर्य पुत्र रामस्वरूप मौर्य के खेत में बिजली के पोल खड़े हैं। बुधवार सुबह उन्हीं बिजली के तारों में शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। वहीं पास में खेतो में काम कर रहे किसानो ने शोर शराबा करते हुए खेत मालिक को सूचना पहुंचा दिया। मौके पर पहुंचे खेत मालिक शत्रुघ्न मौर्य ने ग्रामीणों की मदद से पास में लगे नलकूप को चला कर कड़ी मशक्कत के बाद करीब एक से डेड घंटे में आग में काबू पा लिया। लेकिन तब तक किसान का एक बीघा गेहूं की फसल जल कर राख हो गई थी।

# हादसा : बाइकों की भिड़ंत में एक की जान गई, दो लोग हुए घायल

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर




- बकेवर के बैठका चौराहा के पास हुई दुर्घटना
- अन्य घायलों का सीएचसी में चल रहा उपचार

अमृत विचार। बकेवर थाना क्षेत्र में मंगलवार की शाम दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी भेजा। जहां डाक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी पर अस्पताल पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा रहा।

बकेवर थाना क्षेत्र के दुबेपुर गांव निवासी राजा सिंह का पुत्र छोटू मंगलवार की देर शाम गांव से बैठका चौराहे किसी काम से जा रहा था। तभी बैठका की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार अमर शर्मा अपने साथी निसार निवासी कोरिया थाना बिंदकी की बाइक सवार की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसा देख लोगों की भीड़ जुट गई। हादसे की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी बिंदकी पहुंचाया, जहां छोटू को मृत घोषित कर दिया गया। थानाध्यक्ष योगेश सिंह ने बताया कि अन्य घायलों का सीएचसी में इलाज चल रहा है। वहीं शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से पलटी बोलेरो

जाफरगंज। जोनिहां अमौली मार्ग पर ट्रैक्टर चालक की लापरवाही के चलते बारातियों से भरी बोलेरो पलट गई। हादसे में कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ और बड़ा हादसा टल गया। थाना क्षेत्र के खूंटाझाल के पास ट्रैक्टर ट्राली खेतों से भूसा लादकर आ रहा था। चालक ट्रैक्टर लेकर अचानक सड़क पर आ गया। अमौली की तरफ से आ रही बोलेरो अनियंत्रित होकर खंती में पलट गई। बोलेरो सवार नौ लोग बांदा जनपद के बड़ी खप्टिहा से शादी समारोह से वापस लौट कर अपने घर बिंदौर जा रहे थे। बोलेरो में सवार शिवनारायण जाफरगंज को गंभीर चोटे आयी हैं। बाकी लोगों को मामूली चोटे आई हैं।

# गंगा में डूबे जुड़वां भाई एक की मौत, कोहराम

संवाददाता फतेहपुर

- मछुआरों ने एक किशोर को सुरक्षित निकाला
- परिजनों ने नहीं कराया पोस्टमार्टम

अमृत विचार। गंगा नदी में नहाने गए दो जुड़वां भाई नहाते समय बुधवार सुबह डूब गए। घटना की जानकारी पर मछुआरों ने नदी में छलांग लगा दी और किसी तरह एक किशोर को सुरक्षित बचा लिया लेकिन दूसरे को नहीं बचा सके। काफी तलाश के बाद दूसरे किशोर का शव बरामद हो गया, जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा।

रायबरेली जनपद के लालगंज सर्राफा मंडी निवासी राजेन्द्र गुप्ता की ससुराल हथगाम थाने के नवाबगंज में है। दो दिन पहले उसके साले महेन्द्र की शादी थी। वह 16 वर्षीय जुड़वां बेटे कार्तिक व उत्कर्ष व परिवार के साथ शादी में आए थे। बुधवार सुबह दोनों बच्चे गंगा नहाने कोतला घाट पहुंचे थे। जहां स्नान करते समय दोनों डूबने लगे। घाट पर मौजूद लोगों के शोर मचाने पर मछुआरों ने छलांग लगा कर किसी तरह उत्कर्ष को बचा लिया लेकिन कार्तिक नदी में डूब गया। काफी मशक्कत के बाद उसका शव कुछ ही दूरी पर बरामद हो गया। किशोर की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया।

घटनास्थल पर खागा नायब तहसीलदार ओम प्रकाश व एसएचओ अविलाश तिवारी पहुंचे। परिवार के लोगों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# लू और हीट स्ट्रोक के मरीजों की बढ़ी संख्या

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- सप्ताह भर पहले विभाग जारी कर चुका है एडवाइजरी
- दो दिन में डायरिया पीड़ित 22 मरीजों को किया गया भर्ती

अमृत विचार। सूरज से बरस रही आग और गर्म हवा के थपेड़ों ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। लू लगने और हीट स्ट्रोक की चपेट में आकर लोग बीमार हो रहे हैं। सरकारी से लेकर निजी अस्पतालों में मरीजों की इलाज को कतारें लग रही हैं।

कई दिनों से तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है और पारा चढ़ कर 39 डिग्री के पार पहुंच गया है। लगातार बढ़ रहे तापमान के बाद दिन ब दिन गर्मी अपना असर दिखाने लगी है। ऐसे में मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या में रोजाना बढ़ोतरी हो रही है। हालात यह है कि उल्टी दस्त डायरिया के मरीजों की अस्पताल में इलाज को कतारें लग रही हैं। शहर के प्राइवेट क्लीनिक भी पेट के और डायरिया के मरीजों से फुल हैं। गर्म हवाओं के थपेड़ों और आसमान से बरस रही आग अब लोगों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई है। गर्मी और लू की चपेट में आकर यहां हीटस्ट्रोक के साथ मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या में भी तेजी से वृद्धि हो रही है। बुधवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में एक हजार से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंचे। इसमें डेढ़ सैकड़ा मरीज उल्टी दस्त पेट की समस्या और डायरिया पीड़ित रहे। बताया कि पिछले 48 घंटे में डायरिया पीड़ित 22 मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


जिला अस्पताल में मरीजों की लगी भीड़। अमृत विचार

### हीट वेव से बचने के लिए एडवाइजरी जारी

हीट वेव से बचने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने सप्ताह भर पहले ही एडवाइजरी जारी कर चुका है। स्वास्थ्य महकमे को भी अस्पतालों में मरीजों को भर्ती करने के अलावा यहां बिजली, हवा, पानी आदि व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### गर्मी में बीमारी से बचाव के लिए करें उपाय

- तेज धूप में दोपहर को घर से बिल्कुल बाहर न निकलें
- घर से बाहर जाएं तो पानी की बोतल अपने साथ अवश्य रखें और थोड़ी थोड़ी देर में पानी पीते रहें
- बाजार में बिक रही चाट पकौड़ी, तली चीजों और कटे फलों का सेवन कतई न करें
- शरीर में पानी की कमी दूर करने के लिए नींबू पानी और शिकंजी पीते रहें
- भोजन में हरी ताजी सब्जियों का सेवन करें और बासी भोजन कतई ग्रहण न करें

# पुल पर ट्रक खराब होने से लगा तीन किमी का जाम

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- मंगलवार की रात जाम से कराहा बांदा-टांडा मार्ग
- भारी वाहनों की लाइन से स्थानीय यातायात रहा प्रभावित

अमृत विचार। शहर के अंदर से गुजरे बांदा-टांडा मार्ग में बने 50 नम्बर ओवरब्रिज में मंगलवार की रात एक ट्रक खराब हो जाने से करीब तीन किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया। शहर के राधानगर से लेकर नउवाबाग तक हैवी वाहनों की कतार लग गई। वैसे भी इस मार्ग में दिन-रात मौरंग एवं गिट्टी लदे ट्रकों का आवागमन होने से दिन में भी जाम जैसी स्थिति बनी रहती है।

रात करीब 11.30 बजे के बाद ओवरब्रिज पर एक ट्रक खराब हो गया। इससे स्थिति बिगड़ गयी। दोनों ओर वाहनों की मुख्य रोड पर लंबी लाइन लग गयी। स्थिति यह हो गयी कि एक तरफ राधानगर तो दूसरी तरफ नउवाबाग तक वाहन नजर आने लगे। पुल से पैदल निकलना भी मुश्किल हो रहा था। बाइक सवार भी उमस भरी गर्मी में फंसे हुये थे। रोडवेज की बस में बड़े और बच्चे जाम में फंसकर परेशान हो रहे थे। मुख्य रोड पर जो ट्रक खराब था उसे हटवाने के लिए भी कोई पहल नहीं हुयी। लोगों ने जल्दबाजी में वाहन निकालने का जो प्रयास किया उससे जाम की स्थिति और विकराल हो गई। राधानगर थाना पुलिस ने पहुंचकर स्थिति संभाली। खराब ट्रक को हटवाने के लिए एक तरफ के वाहनों को निकलवाना शुरू किया तब जाकर वाहन निकल सके। रात करीब 12 बजे के बाद यातायात चालू हुआ।

# पुल की मिट्टी पुराई में ठेकेदार पर धांधली के आरोप

संवाददाता, खागा फतेहपुर

- ससुर खदेरी नदी पर कराया जा रहा है पुल का निर्माण
- क्षेत्रीय लोग जमकर विरोध कर रहे हैं

अमृत विचार। क्षेत्र के ससुर खदेरी नंबर दो दरियापुर समीप पुल के निर्माण कार्य में तेजी तो आई है पर कहीं न कहीं ठेकेदार द्वारा मनमानी भी की जा रही है। बड़े पैमाने पर शासन द्वारा निर्मित लघु सेतु कार्य बीते दो वर्षों से गतिमान है। निर्माणाधीन पुल का ओवर ब्रिज बनने के बाद अब रास्ते के लिए पुल मिट्टी की पुराई की जा रही है। रास्ते के एक हिस्से को संस्था द्वारा तैयार कर लिया गया है जबकि ब्रिज के दूसरे हिस्से का कार्य किया जा रहा है। मानक की हिसाब से ब्रिज से दोनों तरफ की दूरी बराबर की है फिर भी संस्था द्वारा मार्ग में मिट्टी पुराई के कार्य को कम किया जा रहा है। जिसको लेकर क्षेत्रीय लोग जमकर विरोध कर रहे हैं।

कोट-खागा मार्ग के दरियापुर समीप ससुर खदेरी नदी पर बन रहे पुल से जहां क्षेत्रीय लोगों को निजात मिलने जा रही है तो दूसरी तरफ कार्य करा रही संस्था की मनमानी से लोग रोष भी व्यक्त कर रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों में भोला निषाद, छोटे लाल पाल, श्याम लाल, हेमराज पटेल, शिव भवन, राशिद खान, अकरम खान व बुद्धराज निषाद, का कहना रहा कि हर वर्ष बारिश के समय नदी में बाढ़ आ जाने से कई गांव का सम्पर्क जिला व तहसील मुख्यालय से टूट जाता था। खागा विधायक कृष्णा पासवान की अथक मेहनत व प्रयास से अब दो दर्जन गांव को एक बड़ी सौगात मिली है। लेकिन निर्माण करा रही संस्था पुल के कार्य में अनमियतिता बरत रही है।


ब्रिज का दृश्य। अमृत विचार

### दोनों साइड लेन में बड़ा अंतर

ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि पुल की दोनों तरफ की दूरी एक जैसे है पर ठेकेदार द्वारा इसे कम किया जा रहा है। जिससे नदी में बाढ़ आने पर यह मार्ग डूब सकता है तथा लोगों को बाढ़ के समय फिर नाव का सहारा लेना पड़ सकता है। इससे बेहतर है कि पुल का निर्माण सही मानक के हिसाब से हो, जिससे पूर्व में रही समस्या से दो दर्जन गांव को राहत मिले और बारिश के समय लोगों का सही आवागमन हो सके। इन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि समय पर निर्माण कार्य में सुधार न हुआ तो सभी क्षेत्रीय लोग इसकी शिकायत विधायक व उच्चाधिकारियों से जरूर करेंगे।

### क्या बोले जिम्मेदार

पुल निर्माण करा रही संस्था मॉडर्न कंस्ट्रक्शन के इंजीनियर ध्रुव तिवारी ने बताया कि ऊपर से जो आदेश मिला है, उसी हिसाब से कार्य को कराया जा रहा है। वहीं जेई राम आशीष सिंह ने बताया कि दोनों तरफ की दूरी 150-150 मीटर है। इसके लिए अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग एके शील से की गई है, बहुत जल्द इस पर कार्य किया जाएगा।

# लोडर चालक को पीटकर नकदी और जेवरात लूटे

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। औंग थाना क्षेत्र में रविवार की रात आशापुर ओवर ब्रिज के पास एक लोडर चालक को बदमाशों ने पीटकर उसके साथ लूटपाट की। लूटपाट की घटना में बदमाश सोने की अंगूठी और चालक का पर्स ले गए। चालक लोडर में भाड़ा लादकर कानपुर से फूलपुर जा रहा था।

कानपुर देहात जनपद के रूरा कस्बे निवासी आमिर पुत्र हबीब ने बताया कि रविवार की देर रात वह कानपुर नगर से भाड़ा लाकर फूलपुर जा रहा था, तभी नेशनल हाईवे में आशापुर ओवरब्रिज के पास लघुशंका के लिए रुका, उसी समय पीछे से दो बाइकों में चार अज्ञात लोग आ धमके और गालियां देकर जबरन मारपीट करने लगे।

पीटने के बाद धमकी देते हुए उसकी पर्स व सोने की अंगूठी छीनकर ले गए। पर्स में 35 सौ रुपये नकद के साथ कुछ जरूरी कागज भी थे। आमिर ने बताया कि उसने एक बाइक का नंबर भी याद कर लिया था। इस मामले में थाना प्रभारी कांति सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।



- रविवार की रात औंग क्षेत्र में हुई घटना
- पुलिस ने बुधवार को दर्ज की रिपोर्ट

## सार-संक्षेप

### मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

फतेहपुर। चौडगरा स्थित महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के छात्रों ने विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करते हुए हाई स्कूल में 90 फीसदी से अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। बता दें कि ऋषि पांडेय, जयप्रकाश, जावेद खान, अंशु द्विवेदी, मानसी, अंशिका, प्रियांशु शुक्ला, प्रिंसी, इंटरमीडिएट में आदिना हुसैन, शैलजा ने अच्छे अंक पाकर सफलता प्राप्त की है। विद्यालय प्रबंधक राकेश शास्त्री ने छात्र-छात्राओं को माला पहनकर मुंह मीठा कराया। इस मौके पर प्रधानाचार्य उर्मिला पांडेय, अंजली सिंह, नेहा मिश्रा, सृष्टि, अकबाल सिंह, अध्यापक व अभिवावक मौजूद रहे।

### गैंगस्टर के तीन आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

फतेहपुर। विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट की अदालत ने गैंगस्टर एक्ट, गोहत्या के मामले में तीन आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। विशेष लोग अभियोजक आलोक तिवारी व अमरजीत भारती ने बताया कि आरोपी नईम, नफीस और इनायत उल्ला को खागा पुलिस ने गौ हत्या और गौ मांस की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। आरोपियों ने अधिवक्ता के जरिए कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी। उन लोगों ने जमानत याचिका के विरोध में दलीलें पेश की। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी।

### दंभ और अहंकार से नहीं होता कुछ हासिल

थरियांव। क्षेत्र के मलाव गांव में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन भगवान वामन अवतार व समुद्र मंथन का प्रसंग सुनाया गया। कथा वाचक पंडित कमल किशोर शुक्ल ने कहा कि श्रीमद्भागवत सुनने से मनुष्य के कई जन्मों के पापों का क्षय हो जाता है। भागवत कथा सुनने के साथ साथ उसकी शिक्षाओं पर भी अमल करना चाहिए। वहीं महाराज पंडित कमल किशोर ने कथा सुनते हुए बताया कि वामन अवतार के रूप में भगवान विष्णु ने राजा बलि को यह शिक्षा दी कि दंभ और अहंकार से जीवन में कुछ भी हासिल नहीं होता है। यह धन संपदा क्षण भंगुर होती है। इसलिए इस जीवन में परोपकार करो। उन्होंने कहा की अहंकार, गर्व, घृणा, और ईर्ष्या, से मुक्त होने पर ही मनुष्य को ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। ईर्ष्यालु व्यक्ति अपने जीवन में कभी तरक्की नहीं कर सकता। ऐसे व्यक्तियों को भगवान सूर्य, वायु, नदियों, बदलो व व्रक्षो इत्यादि से सीख लेनी चाहिए।

समस्या

मैन पॉवर और संसाधनों की कमी से समय पर नहीं बुझा पा रहे आग

# 32 लाख की आबादी में सिर्फ तीन अग्निशमन केंद्र

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। जिले में आग की घटनाएं बढ़ते ही फायर ब्रिगेड अपने आप में हांफने लगा है। क्योंकि जनपद में संसाधनों से लेकर स्टाफ तक की भारी कमी है। इस कमी के चलते अक्सर दमकल की गाड़ियां आग बुझ जाने के बाद मौके पर पहुंच पाती हैं।

आधे अधूरे संसाधनों के जरिये आग की घटनाओं पर काबू पाने के लिए अग्निशमन विभाग पसीना बहाने में जुटा है। बता दें कि सन् 2011 की जनगणना के अनुसार जिले की कुल आबादी करीब 30 लाख थी। वहीं वर्तमान समय में आज करीब 32 लाख ज्यादा आबादी हो गई है। उस समय भी तीन फायर स्टेशन थे और आज भी तीन ही हैं।

**11 वाहनों के सापेक्ष सिर्फ तीन चालक:** विभाग के पास मौजूदा समय में छोटे-बड़े 11 वाहन हैं लेकिन उन्हें चलाने के लिए तीनों तहसीलों में महज तीन ही चालक हैं। ऐसे में बड़ी घटना होने पर विभाग के पास वाहन होने के बावजूद चालक न होने से बड़ी समस्या सामने खड़ी हो जाती है। विभागीय जिम्मेदारों का मानना है कि शासन की ओर से स्टाफ की भरपाई की जाए तो काम और आसान हो जाएगा।


मुख्यालय स्थित दमकल विभाग का कार्यालय। अमृत विचार

### जिले में इस तरह से हैं फायर स्टेशन

चार जिलों की सीमाओं से घिरे इस जिले में कुल तीन फायर स्टेशन हैं। फतेहपुर सदर फायर स्टेशन, बिन्दकी फायर स्टेशन और खागा फायर स्टेशन स्थापित हैं। बता दें कि चार साल पूर्व तीन अन्य नए फायर स्टेशन का प्रस्ताव प्रशासन ने भेजा था जो पास भी हो गया था। लेकिन अभी तक एक भी स्टेशन निर्माण का कार्य शुरू नहीं हो सका है।

### संसाधन की जिले में है यह स्थिति

| पद | तैनाती | जरूरत |
|---|---|---|
| सीएफओ | 01 | 01 |
| एफएसओ | 00 | 01 |
| द्वितीय दारोगा | 02 | 03 |
| लीडिंग फायरमैन | 03 | 09 |
| चालक | 03 | 08 |
| बडे.टैंकर | 06 | 10 |
| जीप-बोलेरो | 04 | 10 |
| फायर बुलेट | 01 | 03 |
| फोम टेंडर | 00 | 03 |
| फायरमैन | 24 | 53 |

### आग से बचने को यह काम बिलकुल न करें

- बिस्तर पर लेट कर धूम्रपान न करें
- हुक्का पीने के पश्चात चिलम की आग को जलते मत छोड़िए
- खेत खलिहान में बीड़ी, सिगरेट व हुक्का मत पीजिए
- बीड़ी, सिगरेट के टुकड़े को सुलगती हालत में मत फेंकिए
- रसोई घर छप्पर के पास में मत बनाइए
- घी व तेल आग पर मत डालिए
- बिजली के कटे-फटे तारों को घर में तुरंत बदलवा दें

जरूरत के हिसाब से संसाधन कम हैं। सीमित संसाधनों से काम चलाया जा रहा है। शासन को इस बाबत कई बार पत्राचार किया जा चुका है।

-उमेश गौतम, एफएसओ

# ट्रेन में यात्रियों का सामान चुराने पर मिली सजा

फतेहपुर। सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन रोककर यात्रियों का सामान चुराने वाले गैंग के लीडर विशाल को गैंगस्टर कोर्ट ने दो साल पांच माह की कैद की सजा सुनाई है। गैंगस्टर कोर्ट के न्यायाधीश अजय सिंह प्रथम ने मंगलवार को अंतिम सुनवाई के बाद फैसला सुनाया है।

विशेष लोक अभियोजक अमरजीत भारती व आलोक तिवारी ने बताया कि आरोपी विशाल शामली जिला झिंझाना थाने के खानपुर निवासी है।

उसने गैंग के सदस्यों के साथ मिलकर 11 जनवरी 2020 को गरीब रथ, संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस, राजधानी एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे यात्रियों से चोरी, छिनैती की घटनाएं की थी। जीआरपी ने मुकदमा दर्ज कर गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। कोर्ट ने गैंग लीडर को सजा सुनाई है।

# मौरंग के 18 ओवरलोड ट्रक पकड़े गए, कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- टोल प्लाजा पर ओवरलोड गाड़ियों से हो रही वसूली
- डीएम ने ट्रकों से वसूली के मामले में दिए जांच के आदेश

अमृत विचार। डीएम के छापेमारी में मौरंग का अवैध खनन पाया गया है। मौके से 18 ट्रक बिना रवन्ना दिए और ओवरलोड मौरंग के साथ पकड़े गए हैं। इसके बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर मौरंग का पट्टा निरस्त करने का आदेश हुआ है। ओवरलोड ट्रकों को सीज करते हुए 16 ट्रक चालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

वहीं एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है जिसमें टोल प्लाजा पर ओवरलोड मौरंग, गिट्टी और बालू लेकर निकलने वाले ट्रक चालकों से 700 रुपये से लेकर एक हजार तक कि अवैध वसूली हो रही है। ओवरलोड ट्रक से टोल प्लाजा पर तैनात कर्मी 700 रुपए ट्रक चालक के देने के बाद 500 और मांग रहा है। वीडियो बांदा-सागर मार्ग के बहुआ रोड जिन्दपुर टोल प्लाजा का बताया जा रहा है। हालांकि अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। इस टोल प्लाजा को बन्द कराने के लिए गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की अध्यक्ष हेमलता पटेल ने मांग किया था। यूपी सरकार में मंत्री और जिला प्रभारी राकेश सचान ने कई माह पहले कहा था, लेकिन इस टोल प्लाजा पर अवैध रूप से चल रहे वसूली के खेल को जिला प्रशासन बन्द नहीं करा सका। जिलाधिकारी ने ओवरलोड ट्रकों से अवैध वसूली मामले में जांच का आदेश दिया है।

# संदिग्ध हालात में युवक की मौत पर परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

## नेरा गांव से साथियों के साथ भूसा लेने ट्रैक्टर में गया था हरदोई जनपद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- परिजनों का आरोप, ट्रैक्टर स्वामी ने धक्का देकर गिराया
- पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया

**अमृत विचार।** गांव के ट्रैक्टर से अन्य साथियों के साथ हरदोई जनपद भूसा लेने गये युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने ट्रैक्टर स्वामी पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों ने गांव में हंगामा काटा। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मामले में पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के नेरा गांव निवासी अमित कटियार(35) पुत्र राम दत्त कटियार मंगलवार की रात नौ बजे के करीव गांव के ही निवासी पिंटू कटियार पुत्र राम औतार कटियार का भूसा लेने अन्य लेबरों के साथ हरदोई जनपद गया था। वहां संदिग्ध परिस्थिति में अमित कटियार की मौत हो गई। सूचना पर मृतक का बड़ा भाई मौके पर पहुंचा और उसे लेकर जिला अस्पताल आया। यहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के भाई विवेक कटियार का आरोप है कि फोन आने पर जब वह मौके पर पहुंचा तो उसके भाई ने बताया कि पिंटू कटियार ने उसे धक्का देकर ट्रैक्टर से गिरा दिया। इससे उसके चोट आई। पिंटू मौके पर नहीं थे। शव गांव आने पर परिजनों ने हंगामा काटा तो पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी पिंटू को हिरासत में लेकर पूछताछ की। बुधवार को पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा। पोस्टमार्टम जांच में मौत का कारण ब्रेन हेमरेज होना पाया गया है। मौत ट्रैक्टर से गिरने से हुई या मारपीट से यह जांच का विषय बना हुआ है। कोतवाली प्रभारी दिग्विजय सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।


युवक की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**तिर्वा, कन्नौज।** थाना तालग्राम के हसनापुर गांव निवासी अभिषेक (24) पुत्र रघुवीर मंगलवार की देर शाम को औरैया जनपद के मतौली गांव स्थिति ससुराल से बाइक से घर आ रहा था। जैसे ही वह थाना इंदरगढ़ के उमर्दा कस्बहे पास बने एक्सीलेंस फार वेजिटेवल पार्क के पास पहुंचा तो किसी वाहन की टक्कर से उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को मेडिकल कालेज की मर्चरी हाउस में रखाकर परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनो मे कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष आनंद कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## हाईस्कूल में छात्राएं तो इंटर में छात्र अव्वल

**गुरसहायगंज।** संस्कृत शिक्षा परिषद लखनऊ की पूर्व मध्यमा द्वितीय (हाईस्कूल) व उत्तर मध्यमा द्वितीय (इंटरमीडिएट) की परीक्षा में जहां छात्राओं ने अव्वल आकर गुरुजनों व परिजनों का मान बढ़ाया तो वहीं छात्रों ने भी सफलता हासिल कर विद्यालय में स्थान प्राप्त किया।

नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर स्थित श्रीमती राधा देवी आदर्श संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बलराम त्रिपाठी ने बताया कि पंजीकृत 145 छात्रों में 126 छात्रों ने संस्कृत बोर्ड की परीक्षा दी थी। इसमें 122 छात्र उत्तीर्ण हुए है। पूर्व मध्यमा द्वितीय (हाईस्कूल) में शांभवी त्रिपाठी ने 84.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, कौशिकी त्रिपाठी व ज्योति ने 81.85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय, हेमा ने 81.28 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार उत्तर मध्यमा द्वितीय (इंटरमीडिएट) में गौरव ने 72.35 प्रतिशत, प्रभा ने 69.50 प्रतिशत व स्नेहा ने 67.92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। सफल छात्र-छात्राओं का विद्यालय ने मिठाई खिलाई।

# सामान से भरा थैला ले उड़ा ई रिक्शा चालक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- थैले में साड़ी, लेडीज सूट, बच्चों के कपड़े व अन्य सामान था
- लाखन तिराहा की घटना, युवती ने सदर कोतवाली में दी तहरीर

**अमृत विचार।** शादी के लिये साड़ी व लेडीज सूट समेत अन्य सामान खरीद कर लाखन तिराहा पहुंची युवती का सामान लेकर ई रिक्शा चालक फरार हो गया। युवती ने मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी है। ।

कानपुर नगर जनपद के थाना अरौल गांव देविनपुर्वा रौगांव मकनपुर निवासी रुपरानी पुत्री रामदीन 21 अप्रैल को अपनी बहन सुखरानी पत्नी सुभाष चंद्र निवासी डिगसरा थाना गुरसहायगंज के साथ शादी के लिये साड़ी व लेडीज सूट खरीदने आई थी। सूट व अन्य सामान खरीदने के बाद वह बहन के घर चली गई। बुधवार को वह ईरिक्शे पर बैठकर लाखन तिराहा पर कुछ अन्य गिफ्ट खरीदने आई थी। उसके पास 21 अप्रैल को खरीदा गया सामान भी था। भूल से सामान छोड़कर बाजार चली गई। जब याद आया तो भाग कर मौके पर पहुंची लेकिन तब तक ईरिक्शा चालक फरार हो चुका था। थैले में पांच साड़ी, पांच लेडीज सूट, बच्चों के कपड़े, अलमारी की चाबी व अन्य सामान था। खोजने पर भी उसका कोई पता नहीं चला। पीड़िता की तहरीर पर सदर कोतवाली की कला चौकी प्रभारी ने मामले की जांच की। इस दौरान पुलिस ने लाखन तिराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरा खंगाले।


कोतवाली में शिकायती पत्र लेकर खड़ी युवती। अमृत विचार

## मार्ग दुर्घटना में मां, बेटा सहित तीन लोग घायल

**गुरसहायगंज।** तेज गति से आ रहे ऑटो ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार मां बेटा सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया गया।

बुधवार की दोपहर बाद लगभग 03.30 बजे ग्राम बछज्जापुर निवासी मोहसिन (22) अपनी मां शमशा बेगम के साथ बाइक से ग्राम मझपुरवा स्थित रिश्तेदारी से घर लौट रहा था। तभी जीटी रोड पूर्वी बाईपास स्थित कोल्ड स्टोरेज के सामने कन्नौज की ओर से आ रहे ऑटो के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। मां-बेटा घायल हो गए। ऑटो में सवार ग्राम बेहरिन निवासी कुंदन (50) भी घायल हो गया। घटना में बाइक व ऑटो क्षतिग्रस्त हो गया।

दुर्घटना देख आसपास मौजूद लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे मझपुर्वा चौकी प्रभारी विनय कुमार शर्मा ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में में भर्ती कराया। दुर्घटनाग्रस्त बाइक व ऑटो को कब्जे में ले लिया।

# किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म में 22 साल कैद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) ने सुनाई सजा, 23 हजार रुपये जुर्माना लगाया

**अमृत विचार।** किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म के मामले में कोर्ट ने आरोपी युवक को दोष सिद्ध करते हुए 22 साल कैद की सजा सुनाई। उस पर 23 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। जुर्माना अदा न करने पर एक साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सजा सुनाए जाने के बाद दोष सिद्ध को जिला कारागार अनौगी भेज दिया गया।

शासकीय अधिवक्ता नवीन कुमार दुबे व विशेष लोक अभियोजक किशोर दोहरे ने बताया कि इंदरगढ़ थाना के एक गांव में 9 अगस्त 2022 की रात 9 बजे के करीब एक 14 साल की किशोरी घर के बाहर लघुशंका करने गई थी। उसी समय ग्राम हरेईपुर निवासी शैलेंद्र उर्फ छोटू बिजली के खंभे के पीछे छिपा खड़ा था। वह किशोरी को दबोच कर गांव से बाहर प्राइमरी स्कूल के पास ले गया और दुष्कर्म किया। थोड़ी देर बाद किशोरी बदहवास हालत में घर पहुंची और परिजनों को जानकारी दी। तत्कालीन इंदरगढ़ थानाध्यक्ष कमल भाटी ने 31 अगस्त 2022 को शैलेंद्र को गिरफ्तार कर लिया और 21 सितंबर 2022 को आरोप पत्र कोर्ट में प्रेषित किया। बुधवार को विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) अलका यादव ने शैलेंद्र को दोष सिद्ध करते हुए अपहरण में पांच वर्ष की कैद व तीन हजार रुपये अर्थदंड, शादी के लिए दबाव बनाने पर सात वर्ष की कैद व पांच हजार रुपये जुर्माना तथा पॉक्सो एक्ट में 22 वर्ष की कैद और 15 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। सभी सजा एक साथ चलेंगीं।

## नेरा पुल पर मिले शव की हुई शिनाख्त

**तिर्वा, कन्नौज।** दो दिन पहले ईशन नदी पुल के निकट श्यमुआपुर गांव के सामने मिले युवक के शव की पहचान बांगर निवासी के रूप में की गई। तिर्वा कोतवाली पहुंचे परिजनों से पुलिस ने ठठिया पुलिस की बात कराई फोटो के आधार पर शिनाख्त की गई।

ठठिया थाना क्षेत्र के ईशन नदी नेरापुल के पास सोमवार को युवक का शव पड़ा मिला था। पुलिस ने शिनाख्त न होने पर शव को मोर्चरी में रखा दिया था। बुधवार को कोतवाली पहुंचे बांगर गांव निवासी रामबक्स ने पिता का हुलिया बताकर लापता होने की जानकारी दी। मौके पर मौजूद अतिरिक्त निरीक्षक संजय शुक्ला ने ठठिया एसओ से बात की। ठठिया थानाध्यक्ष ने शव की फोटो भेज दी। इस पर उसकी शिनाख्त रामदयाल के रूप में परिजनों ने की। पुत्र ने बताया कि पिता की मानसिक हालत ठीक नही थी। दो दिन पूर्व वह बिना बताए घर से कहीं चले गए थे।

# गर्भवती की ऑपरेशन के दौरान मौत

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** क्षेत्र के एक गांव की गर्भवती को प्रसव पीड़ा पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसने पुत्र को जन्म दिया। इसके बाद हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे कानपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने शव लाकर अस्पताल के सामने रखकर हंगामा काटा। जिलाधिकारी को मौके पर बुलाने की मांग की।

कोतवाली के करनौली गांव निवासी दीपू जाटव की पत्नी पूनम को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने 13 अप्रैल को नगर के गंगा अस्पताल में भर्ती कराया। यहां आपरेशन से बेटे को जन्म दिया। इसी दौरान महिला की हालत बिगड़ गई तो डाक्टर ने ठीक होने का आश्वासन देकर घर ले जाने की सलाह दी। परिजन पूनम को घर ले आए। हालत में सुधार न होने पर कानपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने शव लाकर गंगा अस्पताल के सामने रखकर जमकर हंगामा काटा। इस पर डॉक्टर मौके से फरार हो गया। परिजन जिलाधिकारी को मौके पर बुलाने की मांग करते रहे। कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पति दीपू की तहरीर के आधार पर अज्ञात डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।



बच्चे को गोद में लेकर बिलखती दादी। पुलिस को जानकारी देते पूर्व प्रधान अशोक यादव।

### परिजनों ने गलत ऑपरेशन करने का लगाया आरोप

**छिबरामऊ, कन्नौज।** परिजनों का आरोप है कि कानपुर में डॉक्टरों ने बताया कि गलत आपरेशन कर दिया गया। इससे पूनम की मौत हो गई।

### 70 हजार रुपये वसूले और जान भी चली गई

**छिबरामऊ।** स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से निजी अस्पताल संचालक और आशा मिलकर मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ करने में लगे हैं। पूनम को परिजनों ने पहले सीएचसी में भर्ती कराया। यहां आशा ने निजी अस्पताल में बढ़िया इलाज और कम पैसे खर्च का लालच देकर गंगा अस्पताल में भर्ती करा दिया। यहां ऑपरेशन के बाद दो तीन दिन तक अस्पताल में रखा गया और 70 हजार रुपये का भारी भरकम बिल वसूला।

## सार-संक्षेप

### एचआरपी-डे पर गर्भवती महिलाओं की जांच

**जलालाबाद, कन्नौज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार के नेतृत्व में एचआरपी-डे का आयोजन किया गया। इसमें गर्भवती महिलाओं को जांच कर दवा वितरित की गई। डॉ. शिवांगी शुक्ला ने गर्भवती महिलाओं को हरी सब्जियां, दूध, फल, अंडे आदि खाने की सलाह दी। फार्मासिस्ट शशांक कटियार ने बताया कि बदलते मौसम के कारण गर्भवती महिलाओं को अपने खान पान पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। रात का बासी खाना न खाएं। आयरनयुक्त सब्जियां खाएं। इस दौरान स्टाफ नर्स नेहा यादव, दीपा कुशवाहा, पूनम, निधी पाठक, प्रेरणा वर्मा, कहकशा बेगम, अनुज, कल्पना, रमेश चंद्र आदि मौजूद रहे।

### 12वीं पुण्यतिथि पर पूर्व विधायक को दी श्रद्धांजलि

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम सराय प्रयाग स्थित कप्तान सिंह यादव महाविद्यालय में बुधवार को सपा के पूर्व विधायक व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष स्व .कप्तान सिंह यादव की 12वीं पुर्ण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव, जिला पंचायत सदस्य शैलेन्द्र सिंह यादव, पूर्व विधायक राजा गजेन्द्र सिंह उर्फ सोनू यादव, प्रधान राम शंकर यादव, सुग्रीव सिंह यादव, जयराम सिंह शाक्य, सुशील, प्रधानाचार्य अंकित शर्मा, सत्येंद्र सिंह, सुरेश चंद्र, मोनू, अंकुर सिंह यादव, रामसेवक शर्मा, सुमित यादव, उमेश पाल, आदिल परवेज, अमन खान आदि ने प्रतिमा पर फूलमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। छिबरामऊ प्रतिनिधि के अनुसार, पूर्व विधायक स्वर्गीय कप्तान सिंह यादव की 12 वीं पुण्यतिथि पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व पिता कप्तान सिंह यादव की पुण्यतिथि पर सराय दौलत स्थित हिमालय कोल्ड स्टोरेज में फूल चढ़ाकर नमन किया। इस मौके पर राम शंकर यादव, प्रधान सुग्रीव सिंह यादव,जयराम सिंह शाक्य, सुशील प्रधानाचार्य, अंकित शर्मा, सत्येंद्र सिंह, सुरेश चंद्र मास्टर साहब, मोनू, अंकुर सिंह यादव, रामसेवक शर्मा, सुमित यादव, उमेश पाल, आदिल, परवेज, अमन खान मौजूद रहे।


फूलमाला अर्पित करते पूर्व विधायक।

### छात्राएं बनातीं हैं भोजन, शिक्षक ले जाते हैं किताबें

**कन्नौज।** राज्य परियोजना लखनऊ व कानपुर से आए अधिकारियों ने कुछ परिषदीय स्कूलों व कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। इसमें काफी खामियां मिलीं। बताया गया है कि छात्राएं विद्यालय में भोजन बनातीं हैं। बीआरसी से शिक्षक खुद किताबें ले जाते देखे गए। एडी बेसिक कानपुर राजेश वर्मा व राज्य परियोजना के कंसल्टेंट राघव कात्यायन ने जिले में आकर शिक्षा व्यवस्था के हालातों को देखा। निरीक्षण में सामने आया कि मित्रसेनपुर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में एक भी रसोइया तैनात नहीं है। तीनों पद रिक्त हैं। यहां वार्डेन रश्मि मिश्रा छात्राओं के साथ मिलकर भोजन बनातीं हैं। इसके अलावा बीआरसी से कुछ शिक्षक दिखे तो अधिकारियों ने उनके आने का कारण पूछा। शिक्षकों ने बताया कि वह बीआरसी से विद्यालय के लिए खुद किताबें लेने आए हैं। बताया गया है कि नियम मुताबिक बेसिक शिक्षा महकमे को पुस्तकें परिषदीय स्कूलों तक पहुंचानी होती हैं लेकिन इसका पूरी तरह से पालन नहीं हो पाता है। जिम्मेदारों का कहना है कि रिक्त पदों को भरने के लिए विज्ञप्ति जारी हो चुकी है।

# अखिलेश के लिए माहौल बना रहे दिग्गज

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सपा मुखिया के लोकसभा क्षेत्र कन्नौज से ही चुनाव लड़ने के ऐलान के बाद कई दिग्गज माहौल बनाने का प्रयास करने लगे हैं। पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री भी कार्यकर्ताओं से मिले।

जनपद में प्रदेश स्तर के सपा नेताओं का आना शुरू हो गया है। बुधवार को सपा सरकार में बेसिक शिक्षा व बाल विकास मंत्री रहे रामगोविंद चौधरी ने दरोगा कटियार के आवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की। साथ ही उनकी पत्नी दमयंती कटियार से चुनाव पर चर्चा की। उन्होंने दावा किया कि सपा प्रत्याशी की जीत लाखों वोटों से होगी। जनता वर्तमान सरकार व जनप्रतिनिधि से नाराज है। दूसरी ओर पूर्व मुख्यमंत्री के कन्नौज से चुनाव लड़ने के ऐलान पर कई सपा कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाकर ढोल-नगाड़ों पर डांस भी किया।


दरोगा कटियार के आवास पर चर्चा करते पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री रामगोविंद चौधरी।

### राज लक्ष्मी यादव ने फैसले को सराहा

पूर्व सांसद तेज प्रताप यादव की पत्नी राज लक्ष्मी यादव ने भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा है जो भी निर्णय राष्ट्रीय नेतृत्व और कन्नौज की जनता का है उनका फैसला समाजवादी पार्टी के हित में बिल्कुल सही है। इस बार कन्नौज की जनता भाजपा को भगाने का काम करेगी। पार्टी हित सर्वोपरि और पार्टी से बढ़कर कुछ भी नहीं है।

## मोटे अनाजों की भी होगी सरकारी खरीद

**छिबरामऊ।** भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ एनसीसीएफ ऑफ इंडिया लखनऊ मक्का सहित अन्य मोटे अनाजों की भी खरीद करेगा। नवीन मंडी में खरीद केंद्र का शुभारंभ करते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक अजय कुमार सिंह ने कही। कहा कि मोटे अनाजों की सरकारी दर पर इसकी खरीद के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू किया गया है। चना मसूर मक्का व सरसों की खरीद की जाएगी। फसल आने से पहले ही किसानों का प्री पंजीकरण संस्था के पोर्टल पर किया जा रहा है। खरीद के लिए कानपुर मंडल के चार जिले कन्नौज, फर्रुखाबाद, इटावा, कानपुर नगर को चयनित किया गया है। इसकी शुरुआत नवीन मंडी से की जा रही है।



किंडरगार्टेन ग्रेजुएशन डे के दौरान मौजूद बच्चे। अमृत विचार

### सुप्रभाष अकादमी में मनाया गया किंडरगार्टेन ग्रेजुएशन डे

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर की आवास विकास कॉलोनी स्थित सुप्रभाष अकादमी के तरंग रंगमंच पर नौनिहालों का किंडरगार्टेन ग्रेजुएशन डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों ने उत्साह के साथ वेलकम डांस किया और अपनी खुशी जाहिर की। सभी विद्यार्थियों को कन्वोकेशन ड्रेस में डिग्री व अन्य सर्टिफिकेट्स भी प्रदान किए गए। सभी बच्चे काले रंग की ऑक्सफोर्ड ग्रेजुएशन ड्रेस में अत्यंत मनमोहक लग रहे थे। प्रिंसिपल अलका गुप्ता ने कहा कि यह ग्रेजुएशन सेरेमनी विद्यार्थियों का हौसला बुलंद करने के मकसद से करवाई गई है। संस्था के प्रबंधक हिमांशु सक्सेना ने भी संबोधित किया। स्वाति गुप्ता, आकाश गुप्ता, सलीम खान, आमिर खान, सत्यम गुप्ता, अमित कुमार, मेहराज अली तथा शिक्षक वंशिका, प्रियांशी, नेहा, अंकित गुप्ता, गुंजन, अभिषेक, दुर्गेश आदि मौजूद रहे।

बढ़ते कदम — यूरोलॉजी विभाग के डॉ. निखिल गुप्ता की टीम को मिली सफलता, मूत्र मार्ग से निकाली गई गुर्दे की 10 मिमी. की पथरी

# चिकित्सा महाविद्यालय में पहली बार दूरबीन विधि से ऑपरेशन

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- पट्टी गांव की एक महिला को हो गई थी गुर्दे में पथरी

**अमृत विचार।** डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर चिकित्सा महाविद्यालय में पहली बार दूरबीन पद्धति से सफल ऑपरेशन किया गया। यूरोलॉजी विभाग की टीम ने गुर्दे की पथरी सफलता पूर्वक निकाली। इस सफलता पर कॉलेज के प्राचार्य ने टीम को बधाई दी।

कोतवाली के पट्टी गांव निवासी शिखा (35) के गुर्दे में पथरी हो गई थी। जांच में पाया गया कि करीब 10 मिमी. पथरी है। महिला मंगलवार को चिकित्सा महाविद्यालय के यूरोलॉजी विभाग पहुंची जहां पर डॉ. निखिल गुप्ता को परेशानी के बारे मे अवगत कराया। डॉक्टर ने मरीज की जांचें कराकर ऑपरेशन की सलाह दी। इसके बाद बुधवार को दूरबीन विधि से सफल सर्जरी कर पथरी निकाल दी गई। डॉ. गुप्ता ने बताया कि यूआरएसएल सर्जरी करने से पहले मूत्र रोग विशेषज्ञों को कुछ आकलन करने की आवश्यकता होती है। ये कुछ नैदानिक परीक्षणों के माध्यम से किए जाते हैं, जिनमें इमेजिंग परीक्षण (एक्स-रे, पेट का अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन), रक्त यूरिया, नाइट्रोजन (बीयूएन), रक्त परीक्षण और यूरिनलिसिस शामिल हैं। इनका उद्देश्य पथरी के आकार, हटाए जाने वाले पत्थरों की संख्या और उनके स्थान का पता लगाना है। बताया कि करीब 10 एमएम का स्टोन दूरबीन विधि से मूत्र मार्ग से निकाल दिया गया है।


टीम के साथ खड़े यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. निखिल गुप्ता। अमृत विचार

### क्या है यूआरएसएल प्रक्रिया

**तिर्वा, कन्नौज।** सर्जन मूत्रमार्ग के माध्यम से एक पतला, लंबा फाइबर-ऑप्टिक स्कोप डालता है जिसे यूरेट्रोस्कोप कहा जाता है। इसके साथ ही सर्जन गुर्दे और मूत्रवाहिनी के अंदर देखने और पत्थरों का सटीक पता लगाने के लिए एक्स-रे का उपयोग करता है। एक बार जब पत्थर स्थिर हो जाता है, तो इसे टोकरी में एकत्र किया जाता है और अंततः सिस्टम से बाहर निकाला जाता है। पथरी आकार में बहुत बड़ी है, तो सर्जन इसे छोटे टुकड़ों में तोड़ने के लिए लिथोट्रिप्टर का उपयोग करता है।

### कैसे होती गुर्दे की पथरी

**तिर्वा, कन्नौज।** पथरी खनिजों और लवणों से बनी कठोर जमाव होती है जो गुर्दे के अंदर बनती है। आहार, शरीर का अतिरिक्त वजन, कुछ चिकित्सीय स्थितियां, कुछ पूरक दवाएं गुर्दे की पथरी का कारण बनती हैं। गुर्दे की पथरी मूत्र पथ के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकती है। अक्सर पथरी तब बनती है जब मूत्र गाढ़ा हो जाता है, जिससे खनिज क्रिस्टलीकृत हो जाते हैं और एक साथ चिपक जाते हैं।

## गेहूं की फसल में लगी आग

**गुरसहायगंज।** संदिग्ध हालात में खेत में कटी लगी गेहूं की फसल में आग लग गई। दमकल व पुलिस टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। ग्राम तेरारब्बू निवासी बृजेंद्र यादव ने बताया कि उसके पांच बीघा खेत में दो बीघा गेहूं की फसल कटी हुई लगी हुई थी।

संदिग्ध परिस्थिति में बुधवार की दोपहर फसल में आग लग गई। आग की लपटें उठती देख किसान सहित ग्रामीण मौके की ओर भागे लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस व फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। तब तक खेत में लगी फसल जलकर नष्ट हो चुकी थी। उप निरीक्षक रविंद्र सिंह ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझा दी गई है। आग लगने के कारण की जांच की जा रही है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


नामांकन पत्र सौंपतीं सांसद की पत्नी व निर्दलीय प्रत्याशी नेहा पाठक।


नामांकन करते पूर्व सांसद प्रो. रामबख्श सिंह वर्मा। अमृत विचार

# सांसद की पत्नी नेहा समेत 11 लोगों ने किया नामांकन

## राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से पूर्व सांसद प्रो. रामबख्श सिंह वर्मा ने भरा पर्चा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**कन्नौज लोस क्षेत्र के लिए 16 नामांकन पत्र हो चुके जमा, आज अंतिम दिन**

**अमृत विचार।** लोस चुनाव के लिए सांसद सुब्रत पाठक की पत्नी नेहा पाठक ने निर्दलीय रूप से नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके अलावा चार निर्दलीयों समेत 10 प्रत्याशियों ने पर्चा भरा। इनमें पूर्व सांसद प्रो. रामबख्श सिंह वर्मा ने राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से नामांकन किया। इसी पार्टी से उनके पुत्र आलोक वर्मा ने भी पर्चा भरा। बसपा से प्रत्याशी इमरान बिन जफर ने नामांकन का दूसरा सेट जमा किया।

बुधवार को कलेक्ट्रेट में रिटर्निंग आफीसर शुभ्रांत कुमार शुक्ल, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कुमार कटियार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा ने प्रत्याशियों के नामांकन पत्र जमा किए। सबसे पहले निर्दलीय राज कठेरिया पुत्र रामसेवक कठेरिया निवासी आंबेडकर नगर सरायमीरा, भारतीय किसान परिवर्तन पार्टी से जनपद कानपुर देहात के ग्राम बरियन निवादा जगवंतपुर पोस्ट बन्नापुर निवासी शैलेंद्र कुमार पुत्र शिवनारायण वर्मा, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी सुनील पुत्र महेशचंद्र निवासी मोहल्ला बस्तीराम छिबरामऊ, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से आलोक वर्मा पुत्र रामबख्श सिंह वर्मा निवासी ग्राम महादेवपुरवा पोस्ट उमर्दा, राष्ट्रीय जन संचार दल से अंकुर प्रताप सिंह पुत्र हरेंद्र सिंह निवासी ग्राम मेंदेपुर कसावा तहसील छिबरामऊ, अनारक्षित समाज पार्टी से रामलखन पुत्र प्रभूदयाल निवासी ग्राम हरेईपुर पोस्ट रामपुर मझिला, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से रामबख्श सिंह वर्मा पुत्र सुखवासी लाल निवासी सेवा कुटीर, समता नगर स्वामी विवेकानंद मार्ग छिबरामऊ, निर्दलीय इरफान अली पुत्र इस्तियाक अली निवासी ग्राम सैय्यदपुर सकरी पोस्ट मियांगंज कन्नौज, निर्दलीय नेहा पाठक पत्नी सुब्रत पाठक निवासी मोहल्ला पठकाना छिपट्टी कन्नौज, निर्दलीय सिनोद कुमार पुत्र भइयालाल निवासी ग्राम मतौली तथा बहुजन समाज पार्टी से प्रत्याशी इमरान बिन जफर पुत्र जफर आलम निवासी डिफेंस कॉलोनी जाजमऊ कानपुर नगर ने नामांकन का दूसरा सेट दाखिल किया। कन्नौज सीट पर अब तक 16 नामांकन पत्र दाखिल हो चुके हैं। गुरुवार को नामांकन का अंतिम दिन है, इसलिए समाजवादी पार्टी का नामांकन आज होगा।


राज कठेरिया।


इमरान बिन जफर।


शैलेंद्र कुमार।


सुनील।


आलोक वर्मा।


अंकुर प्रताप सिंह।


रामलखन।


इरफान अली।


सिनोद कुमार।

# अखिलेश के नामांकन की तैयारी पूरी, कार्यकर्ताओं में जोश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा क्षेत्र कन्नौज से समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के नामांकन की तैयारी पूरी हो गई है। वह गुरुवार को दोपहर 12 बजे कन्नौज कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन करेंगे। पूर्व में इस सीट से तेजप्रताप के नाम की घोषणा होने से सपा कार्यकर्ता मायूस हो गए थे। वे सपा सुप्रीमो को मनाने के लिए लखनऊ भी गए। पार्टी के एक्स अकाउंट पर ट्वीट से जानकारी मिलने पर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। हालांकि अखिलेश ने बुधवार को इटावा में आयोजित कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से सवालों के जवाब में इसके स्पष्ट संकेत दे दिए थे।

इस बार का लोकसभा चुनाव इस मायने में खास है कि मुख्य प्रतिद्वंद्वी दल ने प्रत्याशी के नाम को लेकर खूब गोल-गोल घुमाया। लंबे इंतजार, कयासों और चर्चाओं के बीच दो दिन पहले अचानक विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भतीजे तेजप्रताप के नाम की घोषणा कर दी। इससे सपाई खेमे में मायूसी छा गई। कुछ कार्यकर्ता सुप्रीमो को कन्नौज से लड़ने के लिए मनाने लखनऊ रवाना हो गए। उन्हें बताया गया कि उनके इस निर्णय से समाजवादियों का हौसला टूट गया है। वे स्वयं ही आकर उत्साह बढ़ाएं। सूत्र बताते हैं कि भतीजे के नाम की घोषणा कर पूर्व मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ ही जनता का भी मन टटोला था। इसमें पाया कि पार्टी के लोगों में ही तेजप्रताप के नाम पर खासा विरोध है। बुधवार को इटावा में आयोजित कार्यक्रम के बाद मीडिया ने सवालों की बौछार की तो उन्होंने कहा कि जब नॉमिनेशन होगा तो आपको खुद पता लग जाएगा। हो सकता है कि नॉमिनेशन से पहले ही जानकारी हो जाए। दो दिन पहले घोषित प्रत्याशी भतीजे का नाम भी उन्होंने नहीं लिया। उधर, सपा के महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने भी अखिलेश के ही कन्नौज से चुनाव लड़ने की पुष्टि की थी। यह भी कहा कि इसको लेकर कोई कन्फ्यूजन नहीं है। वे गुरुवार को दोपहर 12 बजे नामांकन करेंगे। इधर, मंगलवार से ही सोशल मीडिया पर इस तरह की खबरें भी आ रहीं थीम कि सपा सुप्रीमो ऐन वक्त पर धमाका कर सकते हैं। इन सभी बातों को बल इसलिए भी मिल रहा था कि 22 को प्रत्याशी की घोषणा के बाद 23 अप्रैल को समाजवादी पार्टी के नाम से दो पर्चे यश कुमार दोहरे, एक राम खिलावन, दो-दो पर्चे शकील अहमद व जयकुमार तिवारी ने लिए। खास बात यह कि प्रत्याशी की जगह पार्टी के नाम पर कुल सात पर्चे लिए गए। यह भी खबर छन कर आई कि 25 हजार की जमानत राशि का चालान अखिलेश के नाम से ही जमा किया गया है और नामांकन के कागज भी तैयार हो चुके हैं।



- तेजप्रताप के नाम की घोषणा पर मायूस हो गए थे सपाई
- पहुंचे थे लखनऊ, बुधवार देर शाम हुआ फैसला
- पार्टी के नाम से लिए गए थे सात नामांकन पत्र



समाजवादी पार्टी के एक्स अकाउंट पर आधिकारिक एलान। अमृत विचार

### डिंपल यादव के चुनाव में लगे हैं तेज प्रताप

**कन्नौज।** लोकसभा से घोषित प्रत्याशी तेजप्रताप मैनपुरी से चुनाव लड़ रहीं अखिलेश की पत्नी व प्रत्याशी डिंपल यादव के क्षेत्र में लगे हैं। अगर वे वहां से हटकर यहां आ जाते तो डिंपल का चुनाव मुश्किल हो सकता था। स्थानीय सपा के सूत्र बताते हैं कि तेजप्रताप कन्नौज के लिए नया चेहरा होने से वह प्रभाव नहीं बना पाते जो अखिलेश बना सकते हैं। इसके साथ ही विरोध करने वालों को भी 'मैनेज' करना मुश्किल होता लेकिन अब चेहरा अखिलेश का होगा तो विरोध के स्वर मद्धिम करना आसान रहेगा।

# करोड़पति हैं प्रो. रामबख्श व उनकी पत्नी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- प्रो. रामबख्श सिंह वर्मा पर एक मुकदमा, कोर्ट ने किया था दोष सिद्ध
- मतदाता सूची में 93 साल के जबकि शैक्षिक अभिलेखों में 77 साल की आयु

**अमृत विचार।** पूर्व राज्यसभा सांसद प्रो. रामबख्श सिंह वर्मा और उनकी पत्नी पूर्व विधायक रामनंदिनी वर्मा करोड़पति हैं। उनके पास पैतृक गांव समेत कई स्थानों पर करोड़ों रुपये की चल अचल संपत्ति है। उनके ऊपर एक आपराधिक मुकदमा है, जिसमें वह दोष सिद्ध भी हो चुके हैं, लेकिन मामला अपील पर कोर्ट में विचाराधीन है। नामांकन पत्र के साथ दिए गए शपथपत्र में उन्होंने अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा प्रस्तुत किया है।

छिबरामऊ के समता नगर निवासी प्रो. रामबख्श सिंह वर्मा मूलरूप से तिर्वा तहसील क्षेत्र के ग्राम महादेवपुरवा उमर्दा के निवासी हैं। उनकी वार्षिक आय 22,33,270 रुपये है, उनके हाथ में 6,08,490 रुपये की नकदी है, जबकि बैंक खातों में 1.36 करोड़ रुपये जमा हैं। इसी तरह उनकी पत्नी रामनंदिनी वर्मा के हाथ में 4,10,140 रुपये की नकदी है और बैंक में 34.67 लाख रुपये जमा हैं। विभिन्न कंपनियों में 12.91 लाख रुपये के शेयर हैं। पूर्व सांसद के पास 1.83 करोड़ रुपये जमा हैं, जबकि पत्नी के पास 63.54 लाख रुपये की चल संपत्ति है। उनके पास एक 2018 मॉडल मारुति ब्रीजा कार है, जिसकी कीमत 9.60 लाख रुपये है तो एक बजाज प्लेटिना बाइक भी है, जिसकी वर्तमान में कीमत 47,500 रुपये है। जेवरातों में उनके पास 190 ग्राम सोना है और छह किलोग्राम चांदी है, जिसकी कीमत 15.66 लाख रुपये है तो पत्नी के पास 335 ग्राम सोना और 2.240 किलोग्राम चांदी है, जिसका बाजार मूल्य 21.66 लाख है। पूर्व सांसद के पास एक कार्बाइन भी है तथा 2.93 करोड़ की कृषि भूमि व प्लाट हैं तो पत्नी के पास भी 1.08 करोड़ की अचल संपत्ति है।

### मतदाता सूची में आयु 93 साल, हकीकत में 77 वर्ष

पूर्व सांसद प्रो. रामबख्श सिंह वर्मा की नामांकन पत्र में आयु 93 साल लिखी है, जबकि वास्तविकता में उनकी आयु 77 वर्ष हो चुकी है। नामांकन पत्र के साथ दिए हलफनामे में उन्होंने बताया कि उनके हाईस्कूल के अंकपत्र में जन्मतिथि 30 जुलाई 1946 अंकित है, जिसके अनुसार उनकी वर्तमान आयु 77 वर्ष आठ माह 24 दिन है। जबकि मतदाता सूची में उनकी आयु 93 साल अंकित है। उन्होंने हाईस्कूल के अंकपत्र की प्रमाणित छायाप्रति भी संलग्न की है। चुनावी जुलूस निकालने के एक मुकदमे में वह दोष सिद्ध भी हो चुके हैं, लेकिन इस फैसले के खिलाफ उन्होंने एडीजे प्रथम कोर्ट में अपील की है, जो कोर्ट में विचाराधीन है।

# आज आएंगे डिप्टी सीएम केशव मौर्य, करेंगे रैली

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- भाजपा सांसद सुब्रत पाठक आज नामांकन का दूसरा सेट भरेंगे

**अमृत विचार।** भाजपा सांसद सुब्रत पाठक आज नामांकन का दूसरा सेट जमा करेंगे। इससे पहले नामांकन सभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य भी आएंगे। नामांकन सभा में कन्नौज लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ता भाग लेंगे।



सांसद प्रतिनिधि सचिन शर्मा ने बताया कि गुरुवार को सांसद सुब्रत पाठक अपने नामांकन पत्र का दूसरा सेट दाखिल करेंगे। इससे पहले बोर्डिंग मैदान में नामांकन सभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य उपस्थित रहेंगे। वह सुबह 11.55 बजे पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर से आएंगे और दोपहर 12 बजे नामांकन सभा को संबोधित करेंगे। दोपहर एक बजे तक वह जिला मुख्यालय पर रुकेंगे और इसके बाद जनपद बाराबंकी के लिए रवाना होंगे। विदित हो कि सांसद सुब्रत पाठक एक सेट नामांकन पत्र मंगलवार को दाखिल कर चुके हैं। दूसरा सेट वह आज जमा करेंगे।

# एसपी ने जांचे नवीन मंडी में बैरीकेडिंग और सीसीटीवी

**कन्नौज।** बुधवार को एसपी अमित कुमार आनन्द ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को लेकर नवीन मंडी के मतगणना स्थल व स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभारी सचिव व ठेकेदार से वाहनों की पार्किंग, बैरिकेडिंग व सीसीटीवी कैमरों आदि के संबंध में जानकारी ली। निर्देश दिये कि मंडी के सभी कैमरे दो से तीन दिन में चालू करा दिये जायें। बैरीकेडिंग भी तत्काल करा दी जाये। अन्य उच्च अधिकारियों द्वारा दी जाने वाली जानकारी को भी अमल में लाया जाये। समय से पहले ही बैरिकेडिंग कर दी जाए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।


नवीन मंडी में स्ट्रांग रूम व अन्य व्यवस्थाएं जांचते एसपी अमित कुमार आनन्द व अन्य।

# ड्यूटी कटवाने को मतदान कर्मियों ने कराई जांच


मतदान कर्मियों की जांच के लिए बैठा डॉक्टरों का पैनल। अमृत विचार


जिला अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षण को लगी कर्मचारियों की भीड़। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन में लगी ड्यूटी कटवाने के लिये जोर आजमाइश शुरू हो गई है। सीडीओ के यहां करीब 400 कर्मचारियों ने ड्यूटी कटवाने को दिया प्रार्थना पत्र दिया। इस पर जिला अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग ने डॉक्टरों का पैनल बैठाया है। पैनल ने कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच की।

लोक सभा सामान्य निर्वाचन के लिये कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ड्यूटी न करनी पड़े इसके लिये 500 कर्मचारियों ने सीडीओ को प्रार्थना पत्र दिए हैं। किसी बीमार कर्मचारी की ड्यूटी न लगे इस को लेकर जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. शक्ति बसु ने डॉक्टरों का पैनल बनाया है। पैनल में डॉ. एपी सिंह नेत्र रोग विशेषज्ञ, आर्थो के डॉ. सूरज, चेस्ट के डॉ. चितरंजन व डॉ. राजवीर के अलावा महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. मनप्रीत कौर को लगाया गया है। बुधवार को एक एक कर्मचारी के प्रार्थना पत्र को देखने के बाद बीमारी की रिपोर्ट व कर्मचारी को सामने बुला कर जांच की गई। महिला कर्मचारियों की जांच डॉ. मनप्रीत कौर ने की। एक साथ कई कर्मचारियों के ड्यूटी कटवाने के लिये जिला अस्पताल पहुंच जाने से अफरा तफरी का माहौल बना रहा। पैनल के कार्यों की जांच करने डीडीओ अमित सिंह व बाबू मुबारिक सैकड़ों प्रार्थना पत्र लेकर सीएमएस के पास पहुंचे। इन सभी की जांच की गई। किसी तरह की दिक्कत न हो इस के लिये सीएमएस ने कर्मचारियों को लगा कर कुर्सी डलवाई। खुद भी मौके पर पहुंच कर व्यवस्था जांची।

**चुनावी कसरत** — शहर के एसबीएस इंटर कॉलेज में स्वीप के तहत हुआ कार्यक्रम, 13 मई को लोकसभा क्षेत्र का वोट प्रतिशत बढ़ाने का लिया संकल्प

# पड़ोसियों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने की ली शपथ

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** स्वीप के तहत शहर के एसबीएस इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसमें 13 मई को मतदान के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया गया। साथ ही घर के आसपास के वोटरों को भी बूथ तक पहुंचकर वोट प्रतिशत बढ़ाने की शपथ ली।

बुधवार को कार्यक्रम का शुभारंभ गोमती देवी बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुति व प्रशिक्षु आईएएस स्मृति मिश्रा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। साथ ही पीपीटी के जरिए भारतीय चुनाव प्रक्रिया की जानकारी दी। मतदान के लिए जागरूक करने को विद्यार्थियों की ओर से नुक्कड़ नाटक, मतदाता गीत व भाषण दिए गए। स्वीप आइकन व लॉन बॉल अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मनु पाल ने भी नए मतदाताओं को प्रेरित किया। शहर के सुशीला देवी बालिका इंटर कॉलेज, गोमती देवी बालिका इंटर कॉलेज, केके इंटर कॉलेज, केकेसीएन इंटर कॉलेज, लाला श्याम लाल इंटर कॉलेज, मुस्लिम मोहम्मदिया इंटर कॉलेज, गुरुकुल एकेडमी, राजकीय अभिनव विद्यालय गंगधरापुर, सोनी पारिया इंटर कॉलेज व जेपी बालिका इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने मतदान जरूर करने की शपथ ली। इस मौके पर एसडीएम सदर अविनाश गौतम, एसडीएम न्यायिक नवनीता राय, डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह, प्रधानाचार्य एसएल सिंह मौजूद रहे।


मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थी व शिक्षक-शिक्षिकाएं। अमृत विचार


भ्रमण कर नागरिकों से मतदान की अपील करते एसडीएम। अमृत विचार

**एसडीएम ने गलियों में भ्रमण कर की मतदान की अपील : गुरसहायगंज।** मतदाता जागरुकता अभियान के तहत एसडीएम व ईओ ने नगर में भ्रमण कर आमंत्रण पत्र वितरित किए। इसके बाद गोष्ठी कर मतदान का महत्व बताया और मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। बुधवार की सुबह उपजिलाधिकारी उमाकांत तिवारी व अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने नगर के मोहल्ला गांधी नगर में मतदाता जागरुकता गोष्ठी का आयोजन किया। इसमें बढ़-चढ़कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। एसडीएम ने कहा कि मतदान दिवस 13 मई को अधिक से अधिक संख्या में अपने बूथ पर सपरिवार जाकर मतदान करें। इस दौरान कानूनगो कौशलेन्द्र दुबे, क्षेत्रीय लेखपाल कौशल पांडेय, वरिष्ठ लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, अनिल प्रजापति, गौरव मिश्रा, मनोज तिवारी, जनार्दन मिश्रा, वीर सिंह, राजन बाबू, दीनानाथ, सभासद मुंशी, पूर्व सभासद प्रतिनिधि नफीस आदि मौजूद रहे।

नगर पंचायत समधन के सती प्रसाद शान्ति निकेतन विद्यालय लोहिया नगर में ईओ सुनील कुमार सिंह ने लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। लेखपाल दिनेश दुबे, बीएलओ मो. हनीफ अली, सानू, अताउल्ला, इमरान अली, मो. उजैफ सहित स्थानीय नागरिकों ने मतदान की शपथ ली।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**NOTICE**

Regarding Name correction. Class 10th UID NO.-8434902, Student Name - Mohammad Owaish Previous wrong name: Mohd Owaish, School Name : ST. Peter Inter College Nanpara, Bahraich (U.P.) **Address Village Maraucha, 271902 District Bahraich.**

**सूचना**

मैंने अपना नाम ABDUL REHMAN ANSARI से बदल कर ABDUL KHABEER कर लिया है। आज से हमें इसी नाम से जाना जाएगा। **ABDUL KHABEER S/O QAMRUDDIN ANSARI ग्राम व पोस्ट कटरा शंकर नगर बलरामपुर।**

**सूचना**

मैंने अपना नाम अनिल कुमार से बदलकर अनिल कुमार यादव रखा है अब से मुझे अनिल कुमार यादव के नाम से जाना व पहचाना जाये। **अनिल कुमार यादव पुत्र भोला नाथ निवासी– 28, सैफाबाद डिंगरापुर कलवारी धोभहट, जिला– बस्ती।**

**सूचना**

सूचित हो कि हम **पंकज सिंह प्रियदर्शी पुत्र रविन्द्र सिंह एवं पूजा सिंह पत्नी पंकज सिंह प्रियदर्शी, निवासी–सेक्टर K–808बी, आशियाना, लखनऊ, मो0– 8795488888,** हमारे मकान की एलाटमेंट लेटर, रजिस्ट्री दिनांक 01.12.2014 को बही सं0– 1, जिल्द सं0–18238, पृष्ठ सं0–261 से 300 पर क्रमांक–26113 रजिस्ट्रीकृत किया गया था एवं करेक्शन डीड नम्बर–01, जिल्द नम्बर 118 के पृष्ठ 23 में नम्बर 7783 आ0फा0 बुक– 01, जिल्द नम्बर 130 के पृष्ठ 401 से 408 दिनांक –15.11.2011 उपनिबन्धक कार्यालय में पंजीकृत है, एवं अन्य कई मूल महत्वपूर्ण कागजात भी चोरी हो गये हैं। चोरी की एफ0आई0आर0 थाने में 01.06.2017 को दर्ज है। उपरोक्त मकान से सम्बन्धित किसी को आपत्ति हो तो अगले 15 दिनों में सूचना दे।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंनें अपने पुत्र बंटी पाल के नाम से एलआईसी में एक पालिसी ली थी जिसकी पालिसी संख्या 219386222 है। पालिसी में आवेदक का नाम राजेंद्र पाल अंकित है। जबकि शपथी के बैंक पासबुक और आधार कार्ड में सूरज पाल लिखा है। ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं अत: मुझे सूरज पाल व राजेन्द्र पाल दोनों नाम से जाना और पहचाना जाये। **सूरज पाल पुत्र स्व0 मेवालाल निवासी– गड़रियनपुरवा सलारपुर, पोस्ट– कल्पीपारा, थाना– दरगाह बहराइच।**

**सूचना**

नगर निगम के अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम आईरा बनर्जी (Aaira Banerjee) दर्ज है । अब हमने उसका नाम बदलकर देविशा बनर्जी (Devisha Banerjee) रख दिया है। भविष्य में उसे देविशा बनर्जी के नाम से ही जाना व पहचाना जाए। **दीपिका बनर्जी पत्नी शुभोजीत, निवासिनी 276/89/29 मेयोर रोड, राजापुर, प्रयागराज।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने पुत्र रवि कुमार व बहू मनीषा उर्फ अंकिता पत्नी रवि कुमार का चाल चलन ठीक न होने के कारण अपने समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। इनके किसी भी कृत्य के लिए मैं या मेरा परिवार उत्तरदायी नहीं होंगे। **शम्भू नाथ पुत्र महादेव व राजपति पत्नी शम्भूनाथ निवासी वार्ड नं0 6 शिव नगर नगर पंचायत नसीराबाद तह0 सलोन थाना नसीराबाद जिला रायबरेली हाल नि0 ई–262 चणक्य प्लेस–1 गली नं0 9 उत्तम नगर पश्चिमी दिल्ली।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र मो0 शारिक सिद्धीकी उर्फ चाँद बाबू को उसके गलत चाल–चलन के कारण उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरी सम्पत्ति से मो0 शारिक सिद्धीकी उर्फ चाँद बाबू का किसी प्रकार का भविष्य में कोई सम्बन्ध नहीं है। **महबूब अली पुत्र स्व0 मकसूद अली निवासी पैसार निकट पल्हरी चौराहा फैजाबाद रोड, थाना कोतवाली नगर, जनपद बाराबंकी।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी पुत्री की भारतीय जीवन बीमा निगम पालिसी सं0– 275000057 में मेरी पुत्री का नाम सृष्टि वर्मा अंकित है जो कि गलत है। जबकि मेरी पुत्री के विद्यालय अभिलेख एवं आधार कार्ड में उसका नाम रिष्टि वर्मा अंकित है जो कि शुद्ध व सही है। सृष्टि वर्मा व रिष्टि वर्मा दोनों नाम मेरी पुत्री के ही हैं। अत: मेरी पुत्री की पालिसी सं0– 275000057 में उसका सही नाम रिष्टि वर्मा अंकित किया जाये। **ज्ञान प्रभा पत्नी संतोष कुमार वर्मा निवासी– ग्राम– पूरे लुटई (अमहट), पोस्ट– दूबेपुर, जिला– सुल्तानपुर।**

**सूचना**

मैं अनिल कुमार बाजपेई पुत्र स्व. रामशंकर बाजपेई निवासी ग्राम व पोस्ट पींड थाना देवा जनपद बाराबंकी अपने पुत्र प्रदीप कुमार बाजपेई को गलत चाल चलन और असमाजिक गतिविधियों में लिप्त रहने के कारण अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। आज दि. 24.04.2024 से मेरा मेरे पुत्र प्रदीप कुमार बाजपेई से कोई वास्ता व सरोकार नहीं है और उसके द्वारा किये गये किसी कार्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम मो आज़म खान पुत्र शकील अहमद है मैं मोहल्ला चांद पूरा का निवासी हूँ। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम मो0 आज़म खान पुत्र शकील अहमद है जब कि मेरे डी एल में एम ए खान पुत्र खादिम खान लिखा है जो गलत है कृपया आधार कार्ड वाला नाम सही पढ़ा/माना जाए। **मोहम्मद आजम खान चांदपुरा बहराइच।**

## एक नजर

### चालक के खिलाफ रिपोर्ट

**फर्रुखाबाद।** कंपिल थाना क्षेत्र के गांव कटिया निवासी अभिषेक राजपूत ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कराया। इसमें आरोप लगाया कि नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव नगला हीरा सिंह निवासी रिश्तेदार अनिकेत कुमार 24 अप्रैल को कार से फैजबाग से शमसाबाद की ओर आ रहे थे। उसी दौरान ट्रैक्टर चालक ने कार में टक्कर मार दी। अनिकेत गंभीर रूप से घायल हो गए। उनको कानपुर रेफर कर दिया गया। कार भी क्षतिग्रस्त हो गई है।

### जहरीला पदार्थ खाने से दो की हालत बिगड़ी, भर्ती

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज थाने के गांव खुदागंज निवासी 19 वर्षीय रजनेश कुमार व कन्नौज के छिबरामऊ निवासी 25 वर्षीय अजहर ने जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### युवक को पीटा

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के गांव जिरखापुर निवासी मोहनलाल अपने दरवाजे पर बैठे थे। उनके बड़े भाई और भाभी आकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन्हें पीटकर घायल कर दिया। मोहनलाल ने भाई बच्चनलाल, विचित्र, भाभी रीता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# सपा, बसपा व स्वतंत्र लेबर पार्टी सहित 6 उम्मीदवारों ने दाखिल किया पर्चा

## मुख्य गेट पर गहन तलाशी के बाद प्रत्याशियों और समर्थकों को मिला प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



कलेक्ट्रेट में सुरक्षा के लिए लगा पुलिस बल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आगामी 13 मई को होने जा रहे लोकसभा चुनाव के लिए यहां चल रही नामांकन प्रक्रिया के तहत बुधवार को सपा ,बसपा और स्वतंत्र लेबर इंडियन पार्टी सहित 6 उम्मीदवारों ने जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर बीके सिंह के समक्ष अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। इस दौरान सुरक्षा के कंड़े इंतजाम रहे। मुख्य गेट पर ही गहन तलाशी के बाद प्रत्याशी और उनके समर्थकों को अंदर जाने दिया गया। इंडिया गठबंधन से चुनाव लड़ रहे डॉक्टर नवल किशोर शाक्य ने पूर्व विधायक अजीत कठेरिया, पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ,जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, महादीपक सिंह और विनीत के साथ पहुंचकर अपना नाम निर्देशन पत्र जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष पेश किया। इस दौरान प्रत्याशी के अलावा उसके पांच प्रस्तावकों के अलावा किसी दूसरे व्यक्ति को अंदर प्रवेश नहीं करने दिया गया।

बसपा के लोकसभा प्रत्याशी क्रांति पांडे ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ जाकर अन्य लोगों को गेट पर रोक दिया और रामदत्त बौद्ध, विजय, अलीगंज के जुनैद व जिला अध्यक्ष वीरसिंह की मौजूदगी में जिला निर्वाचन अधिकारी को अपना नामांकन पत्र सौंपा। स्वतंत्र लेबर इंडियन पार्टी की ओर से लोकसभा का चुनाव लड़ रहे विक्रांत सिंह राणा ने अपने पांच समर्थकों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय पहुंचकर अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। इस दौरान सुरक्षा के कंड़े इंतजाम रहे। कलेक्ट्रेट का मुख्य द्वार छावनी में तब्दील रहा। यहां अमृतपुर सीओ रविंद्र नाथ और सदर नगर क्षेत्राधिकार प्रदीप कुमार सिंह की मौजूदगी में भारी पुलिस बल मौजूद रहा ।प्रत्याशियों के साथ पहुंची भीड़ को बाहर ही रोक लिया गया ।किसी भी व्यक्ति को अंदर जाने की इजाजत नहीं दी गई। प्रत्याशी के साथ केवल उसके प्रस्तावक ही पहुंच सके। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर बीके सिंह ने बताया कि आज केवल तीन उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है ।शांतिपूर्ण तरीके से नामांकन दाखिल किए गए हैं।

भारतीय जनता पार्टी से मंगलवार को मुकेश राजपूत अपना पर्चा दाखिल कर चुके हैं। मौजूदा समय में आज तक यहां सात उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल यानी की गुरुवार है। इस दौरान सौभाग्यवती,मानसिंह यादव ने निर्दल ,विद्याप्रकाश ने भारतीय जवान पार्टी से अपना पर्चा दाखिल किया।

## लोस चुनावः जिले के आठ कॉलेजों में ठहरेंगे जवान

**फर्रुखाबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर जनपद के आठ कॉलेजों में सीआरपीएफ जवान ठहराए जाएंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक ने इन कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को पत्र भेजकर विद्यालय में पेयजल, शौचालय, बिजली आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। 13 मई को जनपद में होने वाले लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने के लिए बाहरी जनपदों से सीआरपीएफ बल आएगा। जिला प्रशासन ने जवानों को ठहराए जाने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज रोशनाबाद, महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़, आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज पितौरा कायमगंज, इनामुल हकशाह इंटर कॉलेज रायपुर, महावीर इंटर कॉलेज नगला खैरबंद, बाबा रामरक्षपाल अन्नपूर्णा देवी इंटर कॉलेज शमसाबाद, पीएन फाउंडेशन कायमगंज व वीएचएल इंटरनेशनल स्कूल कायमगंज को चिह्नित किया है। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को पत्र भेजकर जवानों के ठहराव की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं।

# 'मेरा भारत, मेरा परिवार' से उड़ रहीं नियमों की धज्जियां

संवाददाता कायमगंज, फर्रुखाबाद

- आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद भी नहीं हटाया पोस्टर

**अमृत विचार।** सामान्य लोकसभा निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई । जिस समय अधिसूचना जारी हुई । उस समय सक्रिय हुए प्रशासन ने नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र के मुख्य मार्गो अन्य स्थलों पर लगी होर्डिंग बैनर फ्लेक्स हटाने का अभियान शुरू कर दिया था । उस समय लगभग हर जगह से यह सारी चीजें हटा भी दी गई थी। लेकिन फिर भी सत्ता की हनक कुछ अलग ही से अपना रुतबा रखती है । यह बात कायमगंज नगर के ट्रांसपोर्ट चौराहे पर बिल्कुल कोतवाली के निकट साथ ही उस मुख्य मार्ग पर लगी है । जहां से होकर हर समय निर्वाचन की व्यवस्था सुचारू रूप से बनाए रखने की जिम्मेदारी संभालने वाले अधिकारियों की गाड़ियां भी हर समय निकलती हैं । ऐसा भी नहीं कि इस फ्लेक्स पर किसी की नजर ना पड़ी हो । लेकिन सत्ता की हनक के आगे शायद इस फ्लेक्स को हटाने की किसी ने हिम्मत न जुटाई हो । खैर कुछ भी हो लेकिन यहां लगा यह फ्लेक्स जिस पर सबसे ऊपर काफी मोटे अक्षरों में लिखा है मेरा भारत - मेरा परिवार - और इसी के साथ पीएम मोदी की साफ-साफ तस्वीर छपी है । इसी फ्लेक्स पर एक तरफ लिखा है - ये है मोदी की गारंटी - और दूसरी तरफ भाजपा का चुनाव चिन्ह कमल का फूल छपा है । ठीक इसी के साथ लिखा है कि फिर एक बार मोदी सरकार और इस फ्लेक्स के बिल्कुल नीचे पट्टी में एक तरह से वोट देने की अपील करते हुए लिखा गया है। कमल का बटन दबाएं -ठीक इसके आगे ईवीएम का चिन्ह और कमल के फूल का निशान छपा है । इसके आगे लिखा गया है भाजपा को जिताएं इस तरह यह लगा फ्लेक्स सत्ताधारी दल उसके साथ देश के पीएम का फोटो युक्त तो है ही पूरा फ्लेक्स एक पार्टी विशेष सत्ताधारी दल भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए नगर के व्यस्त एवं मुख्य मार्ग पर लगा हुआ आदर्श आचार संहिता की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहा है।

# सट्टा लगवाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता फर्रुखाबाद


गिरफ्तार सट्टेबाजों की जानकारी देते एसपी विकास कुमार। अमृत विचार

- 12. 30 लाख रुपये व अन्य दस्तावेज बरामद

**अमृत विचार।** शहर कोतवाली पुलिस ने बीती रात 12 लाख 30 हजार रुपये की नकदी सहित दो आईपीएल में सट्टा लगवाने वालों को दबोचा है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

कोतवाली के मोहल्ला नुनहाई निवासी गौरव वाजपेयी पुत्र अजय वाजपेयी के घर दबिश दी। पुलिस नें गौरव के साथ ही उसके साथी प्रदीप गुप्ता पुत्र रमेश चन्द्र गुप्ता निवासी बीबीगंज मऊदरवाजा को गिरफ्तार किया। गौरव के पास से पुलिस को सट्टा पर्ची के साथ 500 के 2078 नोट, 200 रुपये के 158 नोट, 100 रुपये के 265 नोट, 50 रुपये के 423 नोट, 10 रुपये के 81 नोट, 5 रुपये के चार नोट कुल फड़ से 11,19,080 रुपये नकद बरामद हुए। कुल नकदी 12,03080 लाख रुपये की बरामद हुई है। कोतवाली प्रभारी जेपी शर्मा ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाल ने अभी कोई जानकारी देने से मना किया है। मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस को मौके पर नीले रंग की डायरी मिली। जिसमें 22 मार्च 2024 से लेकर 20 अप्रैल 2024 में आईपीएल क्रिकेट से सम्बधित लेन-देन का हिसाब लिखा हुआ है। पुलिस को दो रजिस्टर भी मिले। जिसमे सट्टे का लेखा-जोखा अंकित है। पुलिस सट्टा माफिया से मिले रिकार्ड के अनुसार अन्य का पता लगा रही है। एसपी विकास कुमार ने बताया कि सट्टा लगवाने वालों को नेस्तनाबूद कर दिया जाएगा।

## मतदान केंद्रों से हटवाये जाएं सीसीटीवी कैमरे

**फर्रुखाबाद।** जिला विद्यालय निरीक्षक ने नाराजगी जाहिर करते हुए दो दिन में सीसीटीवी कैमरे हटाते हुए प्रमाण पत्र देने के निर्देश प्रधानाचार्यों को दिए हैं। करीब एक पखवारा पहले जिला विद्यालय निरीक्षक ने मतदेय स्थल वाले माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को पत्र भेजकर निर्देश दिए थे कि वह लोग मतदान कक्ष से सीसीटीवी कैमरे हटवा लें। मगर अभी भी कई विद्यालयों से सीसीटीवी कैमरे नहीं हटवाए गए हैं। डीआईओएस ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए हैं कि दो दिन में मतदेय स्थल वाले विद्यालय मतदान कक्ष से सीसीटीवी कैमरे हटाकर प्रमाण पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में दें। डीआईओएस नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि प्रधानाचार्यों से दो दिन में कैमरे हटाकर प्रमाण पत्र मांगा है।

# राजेपुर के किसानों को सता रहा बाघ का भय

संवाददाता अमृतपुर, फर्रुखाबाद

- झुंड बना कर खेतों की ओर जा रहे लोग

**अमृत विचार।** कथित बाघ के भय से किराचन गांव के लोग झुंड बनाकर निकलने को मजबूर हैं। अपने पालतू मवेशियों की सुरक्षा के लिए लोग जागकर रात काट रहे हैं। उन्हें भय है जंगली जानवर बस्ती के अंदर आकर कहीं घर के बाहर बंधे पालतू मवेशियों को नुकसान न पहुंचा दे। थाना क्षेत्र के ग्राम किराचन में सोमवार को खेतों में काम करने वाले लोगों ने जंगली जानवर देखा था। ग्रामीणों ने जंगली जानवर की बाघ के रूप मे पहचान की थी। मौके पर पहुंची पुलिस को भी जांच पड़ताल मे जंगली जानवर के पंजे के निशान मिले थे। तथा झाड़ियों की तरफ खून के निशान भी मिले थे। जंगली खूंखार जानवर की मौजूदगी की संभावना को देखते हुए पुलिस ने ग्रामीणों को खेतों मे झुंड के साथ तथा लाठी डंडों से लैस होकर जाने की सलाह दी थी। ग्रामीणों मे पूरी तरह बाघ का भय व्याप्त है। जिससे लोगों ने अकेले खेतों मे जाना छोड़ दिया है।लोग अपने खेतों की तरफ लाठी डंडों से लैस होकर झुंड बनाकर जाते हैं तथा शाम होते ही घर वापस लौट आते हैं। ग्रामीण सुमित, दिनेश, राकेश, खुशीराम, गुड्डू आदि ने बताया बाघ के डर से हम लोग खेतों मे काम करने नही जा पा रहे हैं। खेतों मे इस समय गेहूं की कटाई और मड़ाई का काम तेजी से चल रहा है। खेतों मे सबसे अधिक काम इसी समय होता है। परंतु खूंखार जंगली जानवर के भय से हम लोग खेतों मे पूरा समय काम नहीं कर पाते हैं।

## सार-संक्षेप

### बुकिंग सेंटर में लगी आग, लाखों का सामान जला


जला पड़ा समान।

**फर्रुखाबाद।** थाना कादरी गेट क्षेत्र स्थित आईटीआई चौराहा पर चतुर्वेदी बस सर्विस के बुकिंग काउंटर शॉप में भीषण आग लग गई । आग लगने से दुकान का सारा सामान जलकर खाक हुआ। बुकिंग काउंटर पर बैठने वाले मुनीम ने दो लाख रूपये के नुकसान की संभावना जताई ।आईटीआई चौराहे के पास चतुर्वेदी बस सर्विस का दिल्ली, जयपुर,चंडीगढ़ का बुकिंग काउंटर हैं। मुनीम सर्वेश ने बताया की रात 12 बजे दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की सूचना मिली। जिसके बाद वह मौके पर पहुंचे,किसी तरफ से स्थानीय लोगों की मदद से आ पर काबू पाया गया। वही बुकिंग काउंटर के अंदर रखा फर्नीचर सहित अन्य सामान जलकर मलवे में तब्दील हो गया।

### घर में घुस कर महिला से छेड़छाड़, पति को छत से फेंका

**फर्रुखाबाद।** थाना मऊदरवाजा क्षेत्र में दबंग ने घर में घुस कर महिला से छेड़छाड़ की। पति ने जब विरोध किया तो उसे छत से फेंक दिया। गंभीर हालत में उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि शिव किशन उसके घर में घुस आया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर शिवकिशन ने छेड़छाड़ कर दी। उसके बाद शिवकिशन छत पर गया और महिला के पति को छत से फेंक दिया। जिससे पति गंभीर रूप से घायल हो गया। घरवालों ने घायल को जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी में भर्ती कराया। वहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अभय श्रीवास्तव ने भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया है। मामले पर थानाध्यक्ष मऊदरवाजा अमित गंगवार ने बताया अभी किसी की तरफ से कोई सूचना नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। दोषी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### बंदर के हमले से बाइक सवार दंपति घायल

**कायमगंज ,फर्रुखाबाद।** नगर हो या कस्बा अथवा गांव हर जगह बंदरों का आतंक व्याप्त है । बंदरों द्वारा काटे जाने या हमला कर देने से घायल होने के बाद बहुत से लोग तो प्राइवेट डॉक्टर से इलाज करवा लेते हैं ।वही ज्यादातर कमजोर वर्ग के लोग सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचते हैं । उनके आंकड़े को यदि देखा जाए तो बंदरों के आतंक से काटे जाने पर अथवा गिरकर घायल होने तो कहीं मौत के आगोश में चले जाने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं । आज फिर बंदर के हमले से एक दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए । मिली जानकारी के अनुसार कंपिल थाना क्षेत्र के गांव लोधीपुर मजरा रुदायन निवासी गुलशद अपनी बीमार पत्नी शमा को लेकर बाइक द्वारा दवा दिलाने के लिए कायमगंज आ रहे थे । वह जैसे ही कंपिल नगर पालिका भवन के पास पहुंचे । उसी समय कटखने बंदर ने उन पर हमला कर दिया । बंदर के हमले से असंतुलित होकर बाइक से फिसल कर पति-पत्नी दोनों वहीं गिर गए। जिससे वे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए । घायल अवस्था में दोनों को उपचार के लिए कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।

### जहरखुरानों ने दो युवकों को लूटा

**फर्रुखाबाद।** हरियाणा से लौट रहे दो युवक जहरखुरानी गिरोह के शिकार हो गए। बस के चालक-परिचालक दोनों को भोलेपुर के पास उतारकर चले गए। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस से युवकों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। पड़ोसी जिला हरदोई थाना पाली क्षेत्र के गांव सिखौती के रहने वाले 18 वर्षीय सुमित कुमार और उसका दोस्त विकास कुमार हरियाणा में प्राइवेट नौकरी करते हैं। दोनों लोग प्राइवेट बस से वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में जहरखुरानों ने किसी खाद्य पदार्थ में नशीली चीज मिलाकर खिला दी, जिससे दोनों अर्द्धबेहोश हो गए। इसके बाद जहरखुरान के सदस्य दोनों से नकदी व बैग आदि सामान लेकर रास्ते में बस रुकने पर उतर गए। चालक व परिचालक ने इन लोगों को भोलेपुर में उतार दिया और बस लेकर चले गए। राहगीरों ने इसकी जानकारी सरकारी एंबुलेंस को दी। एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। कुछ होश आने पर युवकों ने बताया कि जहरखुरानी गिरोह के सदस्य उन लोगों के पास से दस-दस हजार रुपये, बैग व तीन मोबाइल लूट ले गए।

### 6 माह पूर्व हुई चोरी का खुलासा, माल बरामद

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र मे 6 माह पूर्व हुई चोरी का खुलासा करते हुए माल सहित चोर को थाना पुलिस ने दबोच कर जेल भेज दिया। नगलाहूशा निवासी जयपाल पुत्र बालकराम के घर चार सितंबर 2023 की रात चोरी हो गई थी। जयपाल द्वारा दी गई तहरीर में बताया गया था कि वह एक कार्यक्रम होने के कारण घर से बाहर गया था। 3 सितंबर को 50 हजार की भैंस बिक्री की थी उसकी नगदी,झाले, मंगलसूत्र बिछुआ, पायल अन्य घरेलू सामान चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। शक के आधार पर तत्कालीन थाना अध्यक्ष संतप्रकाश पटेल द्वारा श्यामू के यहां दबिश दी गई थी। लेकिन वह उस समय कहीं बाहर अन्य प्रदेश में भाग गया था। मुखबिर की सूचना पर थाना अध्यक्ष मीनेश पचौरी ने दबिश देकर श्यामू पुत्र मुन्नालाल निवासी नगलाहूशा को दबोच लिया। पूछताछ मे उसने अपना जुर्म कबूल लिया। उसके पास से एक जोड़ी पायल, एक बिछुआ बरामद किया गया।

### एमडीएम का नहीं दिया राशन, कोटेदार व सहयोगी पर रिपोर्ट

**फर्रुखाबाद।** राजेपुर मध्यान भोजन का खाद्यान्न संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक को उपलब्ध न कराने पर पूर्ति निरीक्षक ने कोटेदार तथा उसके सहयोगी के खिलाफ थाना राजेपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उच्च प्राथमिक विद्यालय महमदपुर गढ़िया के प्रधानाध्यापक भूपेश प्रकाश पाठक, व सत्येंद्र सिंह द्वारा उप जिलाधिकारी अमृतपुर को शिकायती पत्र देकर महमदपुर गढ़िया के कोटेदार रघुवीर सिंह, द्वारा विद्यालय के बच्चों का एमडीएम का राशन उपलब्ध नहीं कराया। उप जिलाधिकारी अमृतपुर रविंद्र सिंह द्वारा नायब तहसीलदार से जांच कराई गई। जांच के दौरान कोटेदार रघुवीर सिंह के स्थान पर राहुल सिंह कोटे का संचालन करता हुआ पाया गया। जांच के दौरान 28 क्विंटल गेहूं, 126 कुंतल चावल, 1.29 कुंतल मक्का का स्टॉक कम पाया गया। जबकि 32 कुंतल बाजरा अधिक पाया गया। राहुल सिंह राशन को चयनित दुकान के स्थान पर अपने घर में रखे हुए था। नायब तहसीलदार की जांच आख्या पर पूर्ति निरीक्षक अमित चौधरी ने मंगलवार को देर शाम अनुसूचित वस्तु विक्रेता रघुवीर सिंह, सहयोगी राहुल सिंह निवासी महमदपुर गढ़िया के खिलाफ सरकारी खाद्यान्न की कालाबाजारी, प्रधानाध्यापक को राशन न दिए जाने की रिपोर्ट थाना राजेपुर में दर्ज कराई है।

# फर्जी रिपोर्ट बनाने में चार पर मामला दर्ज

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- अमृतपुर थाने से भेजी गई थी जमानतगीरों की गलत रिपोर्ट

**अमृत विचार।** थाने से फर्जी रिपोर्ट बनवाने के मामले में अधिवक्ता समेत चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। दरोगा जगभान सिंह ने मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के गांव खंदिया निवासी विकास यादव, राजेपुर थाना क्षेत्र के गांव पट्टी दारापुर निवासी श्याम सिंह, गांव हुसैनपुर हड़ाई निवासी प्रेमचंद्र व अधिवक्ता ब्रजेश कुमार के खिलाफ अमृतपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया जिला जेल में बंद विकास यादव की जमानत के लिए अधिवक्ता ने जमानतगीर प्रेमचंद व श्याम सिंह के अभिलेख न्यायालय में दाखिल किए थे। न्यायालय ने जब जमानतगीरों की सत्यापन रिपोर्ट मांगी तो 17 अक्टूबर को अमृतपुर थाने से जमानतगीर प्रेमचंद्र उर्फ हिम्मा के संबंध में रिपोर्ट दी गई, यह रिपोर्ट कोर्ट नहीं भेजी गई। तहसील से जमानतगीर श्याम सिंह व प्रेमचंद्र के संबंध में रिपोर्ट देकर बताया कि वर्ष 2020 से 2023 तक दोनों ने 11 मामलों में जमानत ली है। एसओ मीनेश पचौरी ने बताया कि मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

## दुकानदार से मारपीट दर्ज हुई एफआईआर

**फर्रुखाबाद।** थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के गांव पचपुखरा निवासी दीपक कुमार बाथम ने मोहम्मदाबाद कोताली क्षेत्र के गांव मुरहास निवासी शिव सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि दीपक कुमार मुरहास कन्हैया में बेज बिरयानी की ठेली लगाता है। 20 अप्रैल को वह दुकान पर काम कर रहा था। उसी दौरान शिव सिंह वहां आया और कुर्सी उठाकर फेंकने लगा। विरोध करने पर शिव सिंह ने गाली-गलौज कर वहां रखी लोहे की रॉड उसके सिर पर मार दी। मेडिकल में उसके सिर पर छह टांके आए। कोतवाल मनोज भाटी ने बताया कि एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

संवाददाता फर्रुखाबाद


लोहिया अस्पताल में रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना शमशाबाद क्षेत्र में ट्रैक्टर ने बाइक मां टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। उसका ममेरा भाई गम्भीर रूप से घायल हो गया।घायल को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव पसियापुर निवासी 28 वर्षीय उपेंद्र पुत्र रामप्रकाश और उनका ममेरा भाई 30 वर्षीय राजवीर पुत्र जदुनाथ निवासी बनियानी थाना गुरसहायगंज जिला कन्नौज यह दोनों बाइक से गांव दादूपुर से वापस लौट रहे थे। तभी गांव रोशनाबाद दीनदयाल उपाध्याय स्कूल के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने युवक राजवीर की बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें उपेंद्र और राजवीर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद में भर्ती कराया गया । वहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया गया । जिला अस्पताल लोहिया में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अभिषेक चतुर्वेदी ने बताया 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल 30 वर्षीय राजवीर और 28 वर्षीय उपेंद्र को लाया गया, यहां उपेंद्र को मृत घोषित कर दिया।

राजनीति | दस साल में भाजपा ने क्या काम किए जनता मांगेगी जवाब : नवल किशोर

# उद्योग और विकास के नाम पर शून्य रहा जिला : क्रांति पांडे

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद


समर्थकों के साथ बसपा उम्मीदवार। अमृत विचार


समर्थकों के साथ सपा उम्मीदवार। अमृत विचार


समर्थकों के साथ विक्रांत राणा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में 13 मई को होने जा रहे लोकसभा चुनाव में विकास का चुनावी मुद्दा सामने आ सकता है। उद्योग शून्य जिले में कोई विकास न होने की बात कहकर सपा, बसपा, उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरे हैं। उनका दावा है कि वह केवल विकास के मुद्दे को लेकर चुनाव लड़ेंगे। फर्रुखाबाद में अभी तक कोई विकास नहीं हुआ है। अपना नामांकन पत्र दाखिल करके लौटे बसपा उम्मीदवार क्रांति पांडे पहली बार राजनीति में उतरे हैं। उनका कहना है कि जिले में उद्योग विकास शून्य है। जिले में कोई विकास नहीं हुआ है। रेलवे रोड टूटा फूटा पड़ा है। जिले को एक्सप्रेस वे से नहीं जोड़ा गया है। पूरी तरह से जिले की उपेक्षा हो रही है। बसपा उम्मीदवार क्रांति पांडे का कहना है कि पिछले 10 साल से भाजपा के सांसद मुकेश राजपूत यहां राज्य कर रहे हैं। लेकिन उन्होंने जिले के नाम पर क्या विकास किया इसका जवाब उनके पास भी नहीं है। आने वाले चुनाव में इसका जवाब जनता भाजपा उम्मीदवार से मांगेगी क्रांति पांडे का कहना है कि वह केवल विकास के मुद्दे को लेकर चुनाव लड़ रहे हैं। और जनता ने यदि उन्हें इस काबिल बनाया तो वह जिले में विकास की नदियां बहा देंगे। बसपा उम्मीदवार का कहना है कि आलू आधारित जिले में आज तक कोई उद्योग नहीं लगाया गया है। जिससे यहां के युवाओं और किसानों को रोजगार मिल सके। उनका कहना है कि वह सबसे पहले जिले का चौमुखी विकास कराएंगे ।क्रांति पांडे का कहना है कि उनका वोट सॉलिड है ।हर जाती वर्ग का वोट उनका है और उन्हें हर जाति वर्ग और धर्म का समर्थन मिल रहा है ।

इंडिया गठबंधन से अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल करके लौटे सपा उम्मीदवार डॉक्टर नवल किशोर शाक्य ने बताया कि उनकी लड़ाई किसी से नहीं है। वह चुनाव जीत चुके हैं। डॉक्टर नवल किशोर का कहना है कि फर्रुखाबाद में भाजपा ने 10 साल में कोई विकास नहीं किया है। इस वजह से यहां की जनता भाजपा को जान चुकी है। उनका कहना है कि वह हर जाति वर्ग के ऊपर चुनाव लड़ रहे हैं और सभी जाति धर्म के लोगों का उन्हें समर्थन मिल रहा है ।चुनाव जीतने के बाद वह प्राथमिकता के आधार पर फर्रुखाबाद को गंगा एक्सप्रेसवे, यमुना एक्सप्रेसवे से जोड़ेंगे ।जिससे यहां के किसानों का आलू व्यापारी खेतों से ही खरीद सके। किसानों को परेशानी न हो सके। सबसे बड़ी समस्या यहां के आलू किसानों की है ।आलू किसान हर साल यहां घाटे में चला जाता है। उन्होंने कहा कि यदि उनकी सरकार बनी तो वह आलू निर्यात नीति बनाएंगे ।इसके तहत किसानों को अपना आलू बाहर भेजने में आसानी होगी। इसी तरह से नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद स्वतंत्र लेबर इंडियन पार्टी के उम्मीदवार विक्रांत सिंह राणा ने बताया की वह जिले से शराब का नामोनिशान मिटा देंगे राणा का मानना है कि शराब अपराधों की जननी है। शराब पीने के बाद तमाम रिश्ते टूट जाते हैं। और अक्सर परिवारों में मारपीट होती है। लोग शराब के चक्कर में आत्महत्या कर रहे हैं ।

# भाजपा ने इलेक्टोरल बांड के नाम पर की है वसूली: अखिलेश

## कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, पूरे देश में बढ़ रहा है पीडीए का परिवार

संवाददाता ताखा, इटावा

**अमृत विचार।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने इलेक्टोरल बांड के नाम पर चंदा नहीं, जमकर वसूली की है। मैनपुरी संसदीय क्षेत्र से सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के समर्थन में ताखा और चौपला में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में उन्होंने ये बात कहीं।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इलेक्ट्रोरल बांड को लेकर भाजपा पर जमकर निशाना साधा। कहा कि चंदा तो लाख, दो लाख रुपये हो सकता है। हजार करोड़ या छह सौ करोड़ रुपये चंदा नहीं हो सकता है। ये वसूली है भाजपा ने चंदा नहीं लिया है, वसूली की है। सपा प्रमुख अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने ताकतवर लोगों के कर्ज माफ किए फिर उन्हें बैंको से लोन दिलाया और उनसे खूब चंदा लिया। उन्होंने वैक्सीन को लेकर कहा


सभा में मौजूद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं शिवपाल सिंह यादव ।

भारत ही नहीं दुनिया में बहुत से ऐसे लोग है। जिन्होंने वैक्सीन नहीं लगवाई। पीएम मोदी का का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि उस दौरान बीमारी को भगाने के लिए ताली और थाली बजवाया। पहले सबको वैक्सीन लगवाई गई फिर वैक्सीन लगाने वाली कंपनी को भी नहीं छोड़ा गया। उससे भी चंदा ले लिया गया। अब ये फिर से गारंटी लेकर आ गए हैं, जब इनकी पुरानी गारंटी जुमला थी तो ये गारंटी भी घंटी है। केवल घंटी ही बजाते रहोगे होना कुछ नहीं है। उन्होंने कहा उनका गठबंधन किसानों के लिए एमएसपी पर कानून बनाने और किसानों का कर्ज माफ करने का काम भी सरकार बनने पर करेंगे। पहले चरण में हुए मतदान के बाद जो भाजपा के नेताओं के भाषण बदल गए हैं। जो स्टेटमेंट आने लगे हैं इससे साफ रुझान आने लगा है कि पीडीए परिवार पूरे देश में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

सपा महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा इस बार मैनपुरी से डिंपल यादव को भारी मतों से जिताने के लिए सभी कार्यकर्ता इस धूप मे जुट गए हैं । उनकी जीत भी ऐतिहासिक होनी चाहिए। सम्मेलन को दिबियापुर के विधायक प्रदीप यादव, भरथना विधायक राघवेंद्र गौतम, जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य, वीरू भदौरिया, राजीव यादव, सर्वेश शाक्य, उदयभान सिंह, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मलखान सिंह, जन अधिकार पार्टी के जिलाध्यक्ष ममतेस शाक्य, आप के जिलाध्यक्ष ब्लाक प्रमुख प्रतिनिध ध्रुव यादव किया। जिला पंचायत सदस्य सत्यभान यादव गीतम पाल सतेंद्र यादव भरथना चेयरमैन अजय यादव, बीरपाल सिंह यादव, जयराज सिंह यादव, आशू यादव, शिवम यादव मौजूद रहे। संचालन अशोक यादव ने किया।

# महिला की हत्या के तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● कोर्ट ने बीस-बीस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

**अमृज विचार।** विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम कोर्ट नंबर सात आलोक कुमार श्रीवास्तव ने करीब तीन साल पुराने एक महिला की हत्या के मामले की सुनवाई करते हुए साक्ष्यों के आधार पर तीन आरोपियों को दोषी पाया। कोर्ट ने तीनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा उन पर बीस-बीस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

जिला शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार शुक्ला व अपर जिला शासकीय अधिवक्ता योगेंद्र सिंह ने बताया कि फिरोजाबाद जिले के मटसैना थाना क्षेत्र के गांव दतावली निवासी अनूप कुमार पुत्र राम दास ने भरथना थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि उसने अपनी बहन किरन देवी की शादी भरथना थाना क्षेत्र के गांव नगला राधे बनामई निवासी अवनेश कुमार पुत्र यदुनाथ सिंह के साथ 10 मार्च 2016 को की थी। अवनेश के भाई संतोष के खिलाफ दहेज का मामला चल रहा था। मामले में किरन देवी गवाह थी। लेकिन संतोष व परिवार के लोग उसे गवाही देने से मना करते थे। इसी को लेकर एक अक्टूबर 2020 को किरन देवी के साथ मारपीट की गई। बाद में डीजल डालकर आग लगा दी गई। जिससे किरन गंभीर रूप से जल गई। पुलिस ने संतोष कुमार, पंकज, ममता देवी, सर्वेश कुमार व राधादेवी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। बाद में उपचार के दौरान किरन देवी की छह जनवरी 2021 को मौत हो गई। पुलिस ने बाद में मामला हत्या की धारा में तरमीम कर दिया। इसके बाद संतोष कुमार पुत्र यदुनाथ सिंह, ममता देवी पत्नी मिलाप सिंह व सर्वेश कुमार पुत्र वंश लाल के खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए। पंकज व राधादेवी की नामजदगी गलत पाए जाने पर उन्हें निकाल दिया। सुनवाई विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम की कोर्ट में हुई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता योगेंद्र परिहार द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने संतोष कुमार ममता देवी व सर्वेश कुमार को दोषी आजीवन कारावास की सजा सुनाई ।

## सार-संक्षेप


छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते प्रधानाचार्य। अमृत विचार

### प्रथम श्रेणी में पास छात्र- छात्राओं को किया सम्मानित

**इटावा।** पक्का बाग स्थित सुमन विद्यापीठ इंटर कॉलेज में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रथम श्रेणी में पास होने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य शशिपाल सिंह ने बताया कि इंटरमीडिएट की छात्रा आकांक्षा ने 87 .4 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, क्षमा पाल ने 84 प्रतिशत अंक पाकर दूसरा व साक्षी पांडे ने 82 .8 अंक पाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। हाईस्कूल की छात्रा रानी कुमारी ने 89 .8 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, रिषी प्रजापति ने 83 प्रतिशत पाकर दूसरा व मनीष राजपूत ने 81 प्रतिशत अंक पाकर तीसरा स्थना प्राप्त किया है। सभी छात्र व छात्राओं को कालेज के स्टाफ ने सम्मानित किया ।

### सरकार ईडी व सीबीआई का कर रही दुरुपयोग : शिवपाल

**सैफई, इटावा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने भाजपा के खिलाफ जुबानी हमला बोलते हुए कहा कि आइएनडीआइ गठबंधन जीतेगा और गठबंधन का ही प्रधानमंत्री बनेगा। सरकार विपक्षी नेताओं पर ईडी, सीबीआइ व इनकम टैक्स की छापेमारी कर प्रताड़ित कर रही है। सपा प्रदेश में सभी सीटें जीतेगी। शिवपाल सिंह यादव ने कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी लोग गली-मोहल्लों में जाकर सपा की नीतियां बताएं। किसी से डरने की जरूरत नहीं है। सैफई में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को अधिकारी सम्मान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने मोहम्मद आजम खान और इरफान सोलंकी को झूठे मुकदमे में जेल भेजा गया है। सपा प्रत्याशी सांसद डिंपल यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में युवा, किसान, मजदूर सभी लोग परेशान हैं। आम जनता महंगाई से जूझ रही है। केंद्र की भाजपा सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था। आय तो दोगुनी नहीं हुई लेकिन किसान पूरी तरह से बर्बाद हो चुके हैं। मंच पर वरिष्ठ सपा नेता कुमदेश चंद्र यादव, गुलशन शाक्य, सपा जिला अध्यक्ष बबलू शाक्य,कार्यक्रम संयोजक सदस्य जिला पंचायत डॉक्टर अरविंद यादव मौजूद रहे। संचालन पूर्व प्रधान रामनरेश यादव ने किया।

### युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**इकदिल, इटावा।** थाना क्षेत्र के गांव नगला बूसा में एक युवक ने गृहक्लेश से तंग आकर फांसी लगाकर जान दे दी। बुधवार सुबह युवक के फांसी पर लटका मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। उक्त गांव का पवन उर्फ जोर सिंह (36) पुत्र अतर सिंह शाम को खाना खाकर सो गया था। उसकी पत्नी गांव में अपने पिता के खेत मे गेंहू कटाई के लिए गई थी। उस वक्त घर पर कोई नहीं था । तभी मौका पाकर घर के कमरे में छत में पंखा के कुंडा में साड़ी बांधकर फांसी के फंदे से लटक गया। जब पत्नी घर लौटी तो पति को फंदे पर लटकता पाया। चीख-पुकार सुनकर पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। पुलिस ने शव को पोस्मार्टम के लिए भेजा। मृतक चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। जिसमे बड़े दो भाइयों की पहले ही मौत हो चुकी है। मृतक के छोटे भाई विनोद ने बताया की गांव से कल रात बारात गई थी । मां खाना खाकर उसके घर रुक गई। और भाभी आरती का इसी गांव में मायका है वो अपने पिता अहिवरन सिंह के खेतों में गेंहू की कटाई के लिए गई हुई थी। जब सुबह घर पहुंची तब जानकारी हुई। पवन मेहनत मजदूरी करके अपना परिवार का भरणपोषण कर रहा था। उसके दो बच्चे बेटा सुरजीत, बेटी काजल है। पिता की मौत के बाद दो बच्चे,पत्नी आरती उर्फ पूजा मां मुला देवी के साथ परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी भीमसेन पोनियां ने बताया की प्रथम दृष्टया गृहक्लेश की बात सामने आई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### आग से एक एकड़ गेहूं की फसल जली

**महेवा, इटावा।** थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बहेड़ा में आग लगने से एक एकड़ गेहूं की फसल जल कर राख हो गई । ग्रामीणों ने मशक्कत के साथ आग पर काबू पा लिया। बुधवार की शाम करीब चार बजे के करीब बहेड़ा निवासी बाबूराम तिवारी के खेत में अज्ञात कारणों से आग लग जाने से करीब पांच बीघा फसल जलकर राख हो गई। क्षेत्रीय लेखपाल सुधीर चौबे ,चौकी प्रभारी महेवा मोहन वीर सिंह चौधरी मय फोर्स के पहुंचे ।

### कक्षा 9 की प्रवेश परीक्षा आज

**महेवा, इटावा।** लोकमान्य रूरल इंटर कालेज महेवा में कक्षा 09 की प्रवेश परीक्षा 25 अप्रैल गुरुवार को सुबह साढ़े आठ बजे से होगी। प्रधानाचार्य डाक्टर शिव शंकर त्रिपाठी ने बताया कि जिन छात्र छात्राओं ने 24अप्रैल तक अपना रजिस्ट्रेशन करवा दिया है। वह प्रवेश पत्र के साथ समय से कालेज में मौजूद रहें।

### क्रिकेट टीम के लिए चयन ट्रायल कल

**इटावा।** क्रिकेट टीम के लिए चयन ट्रायल 26 अप्रैल को होगा। यूपीसीए के डायरेक्टर व जालौन जोन के संस्थापक श्याम बाबू ने बताया कि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसो. के अंडर-16 एवं अंडर 19 इटावा के खिलाड़ियों के लिए चयन ट्रायल 26 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले स्पोर्ट्स स्टेडियम में होंगे। इटावा स्पोर्ट्स स्टेडियम के कोच बिजेंद्र सिंह ने बताया कि जिन खिलाड़ियों ने अपना पंजीकरण अंडर 16 व अंडर 19 के लिए कराया है वो अपने ओरिजिनल जन्मप्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड तथा प्रॉपर सफेद किट एवं किट बैग के साथ में 26 अप्रैल को सुबह 7 बजे बिजेंद्र सिंह को रिपोर्ट करें। खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर इटावा जनपद की अंडर 16 एवम अंडर 19 की टीम का चयन किया जाएगा जो जोनल ट्रायल मैच में प्रतिभाग करेगी

### सैफई में बाइक पर लिफ्ट देकर काटी जेब

**सैफई, इटावा।** थाना क्षेत्र के ग्राम भदेही निवासी रामजीवन पिछले 30 वर्षों से दिल्ली में प्लंबर का कार्य करता है। यहां गांव में उसके पिता रहते थे। एक सप्ताह पूर्व पिता का निधन हो जाने पर ब्लॉक से मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराने के लिए बुधवार को ऑटो में बैठकर सैफई आया। गोल चक्कर से पैदल ब्लॉक जा रहा था। बाइक सवार दो युवकों ने वहां पर आकर तहसील का रास्ता पूछा। जिसे बताने पर उसको ब्लॉक तक छोड़ने की बात कही। पीड़ित का कहना है कि वह बाइक पर पीछे बैठ गया था। तहसील गेट के सामने बाइक सवार युवक उसे छोड़ कर चले गए। ब्लॉक मे जाकर अपनी पैंट की जेब में हाथ डाला तो रुपया गायब और जेब कटी हुई पाकर वह अवाक रह गया। उसने अपने को संभालते हुए ब्लॉक मे मौजूद स्टाफ को घटना के बारे में बताया कि उसके 15 हजार रुपये काट लिए गए। पीड़ित ने थाने में दो अज्ञात युवकों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# ढकरा की पुलिया का निर्माण कार्य रुका

संवाददाता चकरनगर (इटावा)

**अमृत विचार।** चकरनगर क्षेत्र स्थित लखना-सिंडौस सड़क मार्ग पर ढकरा पुलिया ठेकेदार की अनदेखी के चलते राहगीरों के लिए मुसीबत बन गई है।

पिछले वर्ष चंबल नदी में आयी बाढ़ के समय चर्चा में रही ढकरा पुलिया के निर्माण की शासन से मंजूरी मिल गई। निर्माण कार्य चालू होने के समय से ही एक कच्चा रास्ता साइड से निकलने के लिए बनाया गया था। उसके ऊपर डामरीकरण करने के आदेश थे। ठेकेदार की लापरवाही की वजह से रास्ता चढ़ाई पर आज भी कच्चा है, जहां धूल उड़ रही है। चार पहिया वाहन उसमे फंस जाते है जो ट्रैक्टर आदि से खिंचवाने पड़ते हैं।

नदी की तरफ चढ़ाई पर गिट्टी न होने से वाहन निकलना मुश्किल हो रहा है। इस चिलचिलाती धूप में रास्ते में फंसे टेंपो से उतरकर यात्री


ढकरा की पुलिया पर बनी कच्ची सड़क जहां आए दिन वाहन फंस जाते हैं। **अमृत विचार**

● कच्ची सड़क पर आए दिन फंस जाने वाले वाहनों से होती है वसूली

धक्के लगाते भी देखे जा रहे हैं। पास में गांव ढकरा के एक दो ट्रैक्टर लिए युवक खड़ें रहते हैं। जिस वाहन को फंसा देखा 100-200 रुपये मे अपने ट्रैक्टर से टोचिंग कर खींच देते है। जिससे उनका भी अच्छा खासा धंधा चल रहा है।

यदि समय रहते रास्ता पक्का नहीं बना तो कोई अप्रिय घटना घटने से भी इनकार नहीं किया जा सकता। ढकरा पुलिया के निर्माण के लिए धन भी मुहैया हो चुका है लेकिन लापरवाही के चलते लंबे समय से निर्माण कार्य रुका हुआ है। सड़क मार्ग से जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी आये दिन गुजरते रहते हैं। इस बारे में एसडीएम ब्रह्मानंद सिंह कठेरिया ने कहा कि नामांकन ड्यूटी पर हैं। कल के बाद दिखवाते हैं। यदि रास्ता खराब है तो बनवाया जाएगा ।

# इटावा के आयुष बने डीयू छात्र संघ के मीडिया प्रेसीडेंट

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** इटावा के युवा छात्र आयुष कुमार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) छात्र संघ का मीडिया प्रेसीडेंट नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर उनके शुभचिंतको व मित्रों ने बधाई दी है।

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष तुषार डेढा ने राम लाल आनंद कॉलेज के छात्र आयुष कुमार को बुधवार को दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के मीडिया प्रेसीडेंट का नियुक्ति पत्र सौंपा। आयुष इटावा जिले के निवासी और दिल्ली यूनिवर्सिटी के छात्र हैं। आयुष को मीडिया प्रेसीडेंट बनाये जाने पर विधायक जसवन्तनगर प्रतिनिधि ठाकुर अजेंद्र सिंह गौर, राम लाल आनंद कॉलेज छात्र संघ के कार्यकारिणी सदस्य नवीन यादव व रामलाल आनंद कॉलेज


आयुष को नियुक्ति पत्र सौंपते तुषार डेढ़ा।

के छात्र आदित्य, अंश झा, आर्यन, बालमुकुंद, शशांक, सुमित, अग्रिम, गोवर्धन, राकेश, शिवम, मनमोहन, अभिषेक, अंकुर, हर्ष, प्रशांत यादव व सर्वेन्द्र कुशवाह, सैफ तैमूरी, राजीव यादव, पंकज राठौर, आमीन भाई, राम नरेश पोरवाल, मनोज कुमार, ने हर्ष व्यक्त किया है।

# जसवंतनगर में पहली बार सभा करेंगे मुख्यमंत्री

**इटावा ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह के समर्थन में जसवंतनगर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। यहां 7 मई को मतदान होना है।

योगी गुरुवार को पहली बार जसवंतनगर में सभा करने आ रहे हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री ने पिछले चुनाव में इटावा में सभा की थी लेकिन जसवंतनगर में यह मुख्यमंत्री की पहली सभा होगी। वे 25 अप्रैल को दोपहर 12 बजे रामलीला ग्राउंड जसवंतनगर में विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य ने दी। उन्होंने बताया कि सभा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं।

# कैंटीन में आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

**अमृत विचार।** कस्बे के मोहल्ला फक्कड़पुरा में कैंटीन में अचानक आग गई। दुकान में रखा डीप फ्रीजर सहित लाखों का सामान जलकर नष्ट हो गया।

फक्कड़पुरा मोहल्ला निवासी शराफत अली पुत्र अली हुसैन की यहां जम जम नाम से कैंटीन है। उन्होंने बताया है कि वह मंगलवार रात को दुकान बंद कर घर चले गए थे। बुधवार को दिन में करीब 11 बजे कैंटीन के भीतर से आग की लपटें उठने लगीं और शटर से धुआं निकलने पर यहां लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों अग्निशमन विभाग को सूचना दी और आग पर काबू पाने की कवायद शुरू हुई। उन्होंने पड़ोसियों की मदद ने दुकान का शटर खोला और पानी आदि से आग को नियंत्रित किया। जब तक दुकान में रखा डीप फ्रीजर, सादा फ्रीज आदि मशीन व कोल्डड्रिंक फर्नीचर समेत अन्य कीमती सामान सभी जलकर नष्ट हो गया। सबकुछ जल जाने के बाद दमकल वाहन मौके पर पहुंचा । कैंटीन स्वामी के मुताबिक करीब 5 लाख का नुकसान होना बताया है। शराफत के भाई अब्दुल कादिर ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से बोल्टेज कभी लो कभी हाई हो रहे हैं हो सकता है कि बोल्टेज अप डाउन होने के कारण शॉर्ट सर्किट से आग लग सकती। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

# गांवों में संचारी रोग जागरुकता अभियान चलाया

**महेवा, इटावा।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा अन्य विभागों के सहयोग से गांव गांव जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

घर घर जाकर जा सफाई कर्मियों द्वारा साफ सफाई ,लारवा छिड़काव आदि के काम किए जा रहे हैं। दस्तक अभियान के तहत सी एच सी अधीक्षक डॉ. गौरव त्रिपाठी ने क्षेत्र के नगला सींग, वीरपुर, महेवा, नगरिया बुजुर्ग आदि का भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया व घर घर भ्रमण भी किया। बीपीएम दिलीप अग्रहरी, अंकित, गोलू आदि मौजूद रहे।

# बसपा प्रत्याशी सारिका बघेल ने भरा पर्चा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में इन दिनों नामाकंन पत्र भरे जाने का काम चल रहा है। बुधवार को बसपा प्रत्याशी सारिका बघेल सहित कुल आठ प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। भाजपा प्रत्याशी रामशंकर कठेरिया बुधवार को फिर नामांकन पत्रों के तीन सेट जमा किए।

बुधवार की दोपहर को बसपा प्रत्याशी सारिका सिंह बघेल ने पार्टी के नेताओं व पदाधिकारियों के साथ कलक्ट्रेट पहुंचकर डीएम के न्यायालय कक्ष में नामांकन पत्र दाखिल किए। बुधवार को भाजपा से डॉ. राम शंकर कठेरिया नामांकन पत्रों के तीन सेट जमा किए, मृदुला ने निर्दलीय, सुनील आर्य दल,


नामांकन दाखिल करतीं बसपा प्रत्याशी सारिका सिंह बघेल। अमृत विचार

● आठ नामांकन दाखिल कलेक्ट्रेट परिसर में रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

विवेक राज जनता समाजवादी पार्टी, भुवनेश कुमारी, हरीश कुमार, रजनी, अनिल कुमार सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किए गए। बुधवार को ही पांच नामांकन पत्र खरीदे गए। रवि शास्त्री अजीतमल निर्दलीय, बसंतलाल निर्दलीय, रूपेश निर्दलीय, भुवनेश कुमारी सम्यक पार्टी तथा सारिका सिंह बीएसपी ने नामांकन पत्र खरीदे।

**उपलब्धि** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में मेधावी छात्राओं को किया गया सम्मानित

# टॉपर हर्षिता और संजना को मिले मेडल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** राजकीय बालिका इंटर कालेज में मेधावी छात्राओं को प्रधानाचार्य, जायंट्स ग्रुप ऑफ दतावली डायमंड तथा इटावा डायमंड के संयुक्त तत्वावधान में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 10 तथा कक्षा 12 की टॉप 10 छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल, पटिकाएं तथा शील्ड दिए गए।

विद्यालय में इंटरमीडिएट की टॉपर हर्षिता यादव रही साथ ही हाईस्कूल की टॉपर संजना रही। हाईस्कूल में प्रांसी शुक्ला, दिया कुशवाहा, कनक, मान्या, निशा, प्रियांशी, आरती, शिवानी, कनक यादव तथा ऋचा प्रथम 10 छात्राओं में तथा इंटरमीडिएट में निखत परवीन, सलोनी वर्मा, नेहा, अलका, मुस्कान, रश्मि, ज्योति, अल्सा तथा


प्रमाण पत्रों के साथ जीजीआईसी की टॉपर छात्राएं। अमृत विचार

● जायंट्स ग्रुप के सहयोग से किया समारोह का आयोजन

अंशिका सैनी को सम्मानित किया गया। विशेष श्रेणी में विद्यालय में सबसे ज्यादा दिवस आने वाली छात्रा मोनिशा को तथा प्रदेश स्तर पर हैंडबॉल तथा एथलेटिक्स में जीतने वाली छात्रा मुस्कान कुमारी को, विषम परिस्थितियों में अपनी शिक्षा को प्राप्त करने के लिए दिशा तथा बेस्ट स्टूडेंट आफ एक्टिविटी कंडक्टेड इन ऑल हाउस अवार्ड सुचित्रा गौतम को दिया गया। प्रधानाचार्य अंजू श्री ने कहा कि शिक्षा को केवल नौकरी के उद्देश्य से ही प्राप्त नहीं करना चाहिए, एक शिक्षित नागरिक होना हमारा कर्तव्य है। बलराज गर्ग, राखी मित्तल, रीना यादव, दीप्ति सिंघल, संजय अग्रवाल, खुशबू त्रिपाठी, पूनम सहाय, शमा परवीन, रिचा पोरवाल, सुरभि यादव, राखी, रिचा पोरवाल शामिल रहे।

# शिक्षकों के वेतन का भुगतान करने की उठाई मांग

**इटावा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय संयोजक संरक्षण समिति श्रीनारायण द्विवेदी, जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने जिले के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में मार्च माह का वेतन भुगतान न हो पाने के कारण निराशा व्यक्त की। उन्होंने शिक्षको के वेतन का भुगतान किए जाने की मांग की। शिक्षक नेताओं ने जनपदीय शिक्षकों व कर्मचारियों के तत्काल वेतन भुगतान कराने के लिए जिला प्रशासन से संज्ञान लेने की मांग की है। साथ ही सभी विद्यालयों का समयांतर्गत वेतन भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अगले माह से माह समाप्ति के बाद प्रथम दिनांक अथवा विलंबतम प्रथम सप्ताह में ही सभी शिक्षकों व कर्मचारियों को वेतन भुगतान कराए जाने की मांग की है।

# बेकाबू बाइक ने दंपति व बच्चे को मारी टक्कर, बच्चे की गई जान

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत सराय भूपत के पास मंगलवार की रात शादी समारोह से अपने घर लौट रहे दंपति व बच्चे को तेजी से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी । हादसे में पत्नी व बच्चा घायल हो गए। लोगों ने


रजत।

एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।

थाना क्षेत्र के सराय भूपत देशी शराब ठेके के सामने शादी समारोह से घर वापस जा रहे पति सतीश, पत्नी आरती और पांच साल का मासूम रजत स्टेशन पर ट्रेन से उतरकर पैदल घर जा रहे थे। पीछे से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सवार ने उन्हें मार दी। हादसे में आरती व बेटा रजत गंभीर रूप से घायल हो गए । दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया तो डॉक्टर ने रजत को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी परिवार में लगी तो घर में कोहराम मच गया।

सतीश ने बताया कि वह अपनी ससुराल गांव याकूबपुर थाना बेला जनपद औरैया से ट्रेन में बैठकर अपने घर नगला बनी थाना जसवंत नगर के लिए जा रहे थे तभी बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मार दी स्थानीय लोगों ने बाइक सवार को पकड़ लिया । पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है और बाइक सवार को हिरासत में ले लिया है।

### पोल से टकराई बाइक, युवक की मौत

**जसवंतनगर (इटावा)।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर ग्राम धौलपुर के समीप अनियंत्रित होकर एक बाइक पोल से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है। फरीदाबाद के गुरुद्वारा मार्ग सेक्टर 22 निवासी सुखविंदर (25) पुत्र गुरुदेव सिंह अपनी बाइक से दोस्त राज कुमार पुत्र लालता प्रसाद के साथ रिश्तेदारी में कानपुर देहात के किसी गांव में जाने के लिए निकला था। बुधवार की सुबह नींद का झोंका आने से बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर को पार कर बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में सुखविंदर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। साथी राज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल भिजवाया। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

प्रियो भवति दानेन प्रियवादेन चापर: ।
मन्त्रमूलबलेनान्यो य: प्रिय: प्रिय एव स: ॥

कोई पुरुष दान देकर प्रिय होता है, कोई मीठा बोलकर प्रिय होता है, कोई अपनी बुद्धिमानी से प्रिय होता है; लेकिन जो वास्तव में प्रिय होता है, वह बिना प्रयास के प्रिय होता है।

## संपादकीय

# वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा

सेंट पीटर्सबर्ग में एक कार्यक्रम में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को कहा कि अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद 21वीं सदी के सबसे गंभीर खतरों में से एक बना हुआ है। वास्तव में अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद वैश्विक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण खतरा है जिसे जल्द से जल्द हल करने की आवश्यकता है। विश्व राजनीति आज तेजी से आतंकवाद की चपेट में आ रही है। इंटरनेट और सोशल मीडिया समाज को अस्थिर करने के लिए दुष्प्रचार, कट्टरपंथ और साजिश के सिद्धांत फैलाने के लिए आतंकवादियों और आतंकवादी संगठनों के उपकरण बन गए हैं। सवाल है कि 21वीं सदी में लोकतंत्र, सुशासन, विकास और राष्ट्रों की सुरक्षा के लिए उभरते आतंकवाद के खतरे के बारे में क्या किया जाना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं है कि आतंकवाद की घटनाएं न्याय, लोकतंत्र, सार्वजनिक जवाबदेही, राष्ट्रीय संसाधनों के वितरण और जातीय सहिष्णुता, धार्मिक सहिष्णुता और इसी तरह सत्ता साझा करने के मुद्दों पर बढ़ते समकालीन संघर्षों के साथ बढ़ेंगी। साथ ही सुरक्षा मामलों के लिए जिम्मेदार उच्चस्तरीय अधिकारियों की 12वीं अंतर्राष्ट्रीय बैठक में भाग लेते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा कि भारत आतंकवादियों और अपराधियों द्वारा सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग तथा आतंकवाद के वित्तपोषण को रोकने के लिए सहयोग जारी रखेगा। उन्होंने सूचना सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक खुले, स्थिर, सुरक्षित, विश्वसनीय और समावेशी ढांचे के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का आह्वान किया।

इस तरह के सहयोग की रूपरेखा में महत्वपूर्ण मुद्दों पर आम समझ विकसित करने में मदद के लिए सरकारों से लेकर निजी क्षेत्र, शिक्षा जगत, तकनीकी समुदायों और सिविल सोसायटी तक सभी हितधारक और नियमित संस्थागत संवाद शामिल हैं। उन्होंने कहा कि उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए सुरक्षा मानकों के विकास के माध्यम से समान विचारधारा वाले देशों की क्षमता निर्माण और घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सहयोग के लिए तंत्र का निर्माण भी ऐसे सहयोग का हिस्सा होना चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद के मामले में, प्रासंगिक संधि प्रावधानों का पालन किया जाना चाहिए। साइबर अपराध पर संयुक्त राष्ट्र का समझौता अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण पहल होगा। सूचना सुरक्षा सुनिश्चित करने और विश्वसनीय व समावेशी ढांचा बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की जरूरत है। सरकारों और समाज को हमेशा आतंकवाद की प्रत्येक घटना का अध्ययन करने और उचित समाधान लागू करने की आवश्यकता है, क्योंकि कहा जाता है कि रोकथाम इलाज से बेहतर है। डिजिटल आतंकवाद की चुनौती को विफल करने के लिए इस खतरे के बारे में सामाजिक जागरूकता भी आवश्यक है।

# अस्सी के बाद सत्तर के फेर में भाजपा



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

पार्टी इस सच को महसूस कर रही है कि मतदाताओं में मतदान का उत्साह ना होना उसके लिए घातक हो सकता है। पिछले दस वर्ष का रिकार्ड देखिए तो कई चुनावों में जितना-जितना वोट प्रतिशत बढ़ा है उसी अनुपात से भाजपा की सीटों में इजाफा हुआ है। विशेषकर यूपी मे बढ़ते वोटिंग का ग्राफ हिन्दुत्व की लहर और ध्रुवीकरण के संकेत देती रही है।

पहले चरण के चुनाव में मतदाताओं का उत्साह ना देख भाजपा में बेचैनी लाजमी है। खासकर यूपी मे अस्सी की अस्सी सीटें जीतने का लक्ष्य असंभव सा दिख रहा, ऐसे में पिछले लोकसभा चुनाव में जीती 64 सीटें बचाने के लिए पार्टी चुनावी रणनीति को नई धार देने में जुट गई है।

पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के पुराने बयान में मिर्च-मसाला लगाकर एक चुनावी जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विवादित संबोधन इसकी बानगी है। भाजपा के सबसे बड़े नेता और पीएम के इस बयान को ध्रुवीकरण की कोशिश माना जा रहा है। अंदरखाने की खबरों को मानें तो भाजपा ने यूपी में अस्सी की आस छोड़कर 65-70 का लक्ष्य तय करके अपनी जीती सीटों की संख्या को बर्करार रखने के लिए संगठन, कार्यकर्ताओं और पन्ना प्रमुखों को कुछ नए दिशा निर्देश दिए हैं। खासकर इस बात पर जोर दिया गया है कि दूसरे चरण के चुनाव से सत्तर प्लस प्रतिशत वोटिंग हो। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए बूथ संभालने वाले नेताओं-कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए आम जनमानस को वोट डालने के लिए प्रेरित और जागरूक करने की हिदायत दी गई है। भाजपा के यूपी संगठन को ये जिम्मेदारी दी गई है कि हर एक कार्यकर्ता दस मतदाताओं को मतदान के लिए घर से बाहर निकालने का लक्ष्य हासिल करे।

पार्टी इस सच को महसूस कर रही है कि मतदाताओं में मतदान का उत्साह ना होना उसके लिए घातक हो सकता है। पिछले दस वर्ष का रिकार्ड देखिए तो कई चुनावों में जितना-जितना वोट प्रतिशत बढ़ा है उसी अनुपात से भाजपा की सीटों में इजाफा हुआ है। विशेषकर यूपी मे बढ़ते वोटिंग का ग्राफ हिन्दुत्व की लहर और ध्रुवीकरण के संकेत देती रही है।

लोकसभा चुनाव शुरू होने से पहले पूरी तरह से देश में भाजपा के पक्ष में माहौल दिख रहा था। पहले चरण में वोट प्रतिशत गिरने के बाद लगने लगा कि देश की जनता इतनी भगवामय नहीं है जितना माना जा रहा था। बताते चलें कि विभिन्न टीवी चैनलों और सर्वे



इंडिया गठबंधन की बुनियाद रखने वाले और देशभर के विपक्षी दलों को एकजुट करने की कवायद में आगे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पलट कर एनडीए का हिस्सा बनने से लेकर पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का अकेले लड़ना। पंजाब में कांग्रेस और आप का अलगाव, रालोद के जयंत चौधरी का एनडीए में चला जाना, अपना दल (कमेरावादी) की पल्लवी पटेल द्वारा असद्दुदीन ओवेसी की एआईएमआईएम के साथ चुनाव लड़ने का फैसला.. जैसे बिखराव के बाद विपक्षी खेमा एनडीए के आगे बौना लग रहा था। किंतु यूपी में इंडिया गठबंधन खास कर सपा ने बेहद कम मुस्लिम और अधिक पिछड़ों को टिकट देकर चुनाव को जातिगत बनाने की रणनीति तय की, और ध्रुवीकरण के रास्ते बंद करने का रणनीति तय की।

एजेंसियों ने भी ओपिनियन पोल में भाजपा को भारी बहुमत से जीतने और अपने लक्ष्य के करीब होने की संभावना जताई थी।

चुनावी आग़ाज़ में ही यूपी-बिहार जैसी हिन्दी पट्टी में भी कम वोट पड़ना और भी घातक है। क्योंकि उत्तर भारत का जनाधार भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। दक्षिण में जो नुकसान होता है उत्तर उसे कवर कर लेता है। खासकर योगी के सुरक्षा का बुल्डोजर मॉडल, राममंदिर की उपलब्धि, प्राण प्रतिष्ठा का भव्य-दिव्य कार्यक्रम और काशी-मथुरा वाले यूपी से तो बहुत ज्यादा उम्मीद है। यहां पश्चिमी उत्तर प्रदेश से चुनाव का आरंभ हुआ। अस्सी की अस्सी सीटें जीतने के लक्ष्य वाली भाजपा को अनुमान था कि यहां बंपर वोटिंग के साथ भगवा के प्रति उत्साह दिखेगा। अतीत में जाइए तो मुजफ्फरनगर के सांप्रदायिक दंगे और कैराना में पलायन की खबरों के बाद भाजपा को अप्रत्याशित लाभ हुआ था। किसानों और जाट समाज के इस गढ़ में मुस्लिम समाज की भी बड़ी तादाद है। दस वर्ष पूर्व यहां से शुरू हुआ ध्रुवीकरण पूरे यूपी में और फिर देश के कई राज्यों में फैल गया था। 2024 में उम्मीद और भी बढ़ गई। राम मंदिर का मिशन पूरा होने की सफलता के बाद काशी-मथुरा ने हिंदुत्व की लहर और ध्रुवीकरण की आशा बढ़ा दी। साथ काफी समय के बाद भाजपा की ताकत में चार चांद लगाने के लिए किसान और जाट समाज में पकड़ रखने वाले राष्ट्रीय लोकदल के जयंत चौधरी एनडीए का हिस्सा बन गए हैं। यही सब कारण भाजपा का पलड़ा भारी होने के संकेत दे रहे थे।

इंडिया गठबंधन की बुनियाद रखने वाले और देशभर के विपक्षी दलों को एकजुट करने की कवायद में आगे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पलट कर एनडीए का हिस्सा बनने से लेकर पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का अकेले लड़ना। पंजाब में कांग्रेस और आप का अलगाव, रालोद के जयंत चौधरी का एनडीए में चला जाना, अपना दल (कमेरावादी) की पल्लवी पटेल द्वारा असद्दुदीन ओवेसी की एआईएमआईएम के साथ चुनाव लड़ने का फैसला.. जैसे बिखराव के बाद विपक्षी खेमा एनडीए के आगे बौना लग रहा था। किंतु यूपी में इंडिया गठबंधन खास कर सपा ने बेहद कम मुस्लिम और अधिक पिछड़ों को टिकट देकर चुनाव को जातिगत बनाने की रणनीति तय की, और ध्रुवीकरण के रास्ते बंद करने का रणनीति तय की। इधर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ऐन चुनाव से पहले क्षत्रिय समाज द्वारा पंचायत कर भाजपा पर अनदेखी का आरोप लगाकर विपक्ष द्वारा जाति की राजनीति की मंशा को हवा दे दी। और फिर सैनी समाज, त्यागी समाज और अन्य जातियों की भी सत्तारूढ़ दल से नाराजगी की थोड़ी बहुत सुगबुगाहट नजर आने लगी। दूसरी तरफ हाशिए पर पड़ी बसपा भी मौजूदा चुनाव में मजबूती से लड़ती नजर आ रही। राजनीति परिपक्वता दिखाते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस बार टिकट वितरण में ना सिर्फ सपा-कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) को ही घेरा बल्कि भाजपा की भी मुश्किल बढ़ा दी। इस तरह बी टीम की तोहमत से बच कर बसपा अपना पारंपरिक वोट बैंक वापस लाने में हर संभव प्रयास कर रही है। ये कोशिश भी भाजपा भी भाजपा के माथे पर पसीना ला सकती है।

कुल मिलाकर पहले चरण के बाद भी यदि इस गर्मी में भी हिन्दुत्व एवं ध्रुवीकरण में गर्मी पैदा नहीं हुई और चुनाव माहौल ठंडा ही रहा, वोट प्रतिशत नही बढ़ा, प्रधानमंत्री के बयान से भी ध्रुवीकरण नहीं हुआ और जाति की राजनीति का असर फिर दिखाई दिया ये तो ये चुनाव एक तरफा नहीं बल्कि आमने-सामने का होगा।

## प्रसंगवश

# इस बार का सन्नाटा

सन 1951, मुझे अपने बचपन की याद है, जब किशोरी रमन कॉलेज की फील्ड में पंडित जवाहरलाल नेहरू आए थे। गली मोहल्ले के नर नारी टोल के टोल बना कर बड़े चाव से वहां पंहुचे थे। मेरी बुआ मुझे अपने साथ ले गई थी वहां मैंने अपने मोहल्ले के गोविंद रसिकजी को पहचान लिया था। गोविंद रसिक जी ने हम लोगों को मंच के नीचे बैठा दिया था और कुछ तो समझ में आना ही नहीं था किंतु वहां से मैंने जवाहरलाल नेहरू को देखा और इतनी बड़ी सभा पहली बार देखी।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यह भारत के जनतंत्र का पहला चुनाव था। तब से लेकर अब तक जितने भी चुनाव हुए हैं, वे सब मेरी यादों में हैं। मैं बालक ही था, जब अटलजी मथुरा से चुनाव लड़े थे। शरद नामका मेरा सहपाठी मुझे बतलाया करता था कि कौन सी पार्टी अच्छी है। मोहल्लों में तान के अखाड़े खड़े होते थे और बाजार में डंडे शाही निकलती थी। एक लाइन याद है, पता नहीं, वह कौन से प्रत्याशी की ओर से गाई गई थी-पक्का इरादा कर के अखाड़े में कूदे हैं कस के लंगोट।/ हिम्मत से सब को हरा के दिखा देंगे आवेगी जो कोई जोट।

पार्टी में तो किसी में गया नहीं, गृहस्थी का भार था, किंतु बालकपन से लेकर अब तक जनतंत्र की इस प्रक्रिया का साक्षी जरूर रहा। जनता पार्टी बनी थी, तब राम राम की जगह जय जनता की, अभिवादन पद बन गया था। लोग मिलते थे, जय जनता की।

सन 2024 के चुनाव को भी देख रहा हूं। आज भरोसा कोई करे भी तो किस पर करे? बात तो ठीक है, सबको देख लिया है। किंतु समष्टिभाव और समष्टि प्रक्रिया पर तो विश्वास है ही। इसलिए सोच लेता हूं कि जो भी होगा, अच्छा ही होगा। लेकिन एक अंतर देख रहा हूं। अबकी बार लोग चुप हैं। मीडिया में जो कोलाहल हो रहा है, उसे तो सभी देख ही रहे हैं। लेकिन गली मोहल्ले में, पार्क में लोग मिलते तो हैं, लेकिन खुल कर कुछ भी नहीं कहते। वह चख-चख जो घर के चबूतरे पर ही हो जाती थी, कॉलोनी के दस नर नारी ठुरक कर अपनी बात कह कर जाते थे, अबकी बार कहां है? पार्टी जन की बात नहीं कर रहा, लेकिन लोकसभा के चुनाव में ऐसा सन्नाटा पहली बार देख रहा हूं।

# 'छिपा पाठ्यक्रम' और उसमें निहित संदेश



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

विद्यालय स्तर पर, विशेषकर सह शिक्षा वाले विद्यालयों में दिए जाने वाले निर्देशों में जेंडर विभेद अक्सर पाया जाता है। जैसे छात्राओं को 'बेटा' कहकर संबोधित करना।

'रिक्शा चालक की बेटी बनी टॉपर, 'मज़दूर का बच्चा विद्यालय में अव्वल, 'किसान के बेटे ने गणित में पाए सौ में सौ' जैसे कितने ही शीर्षक किसी भी परीक्षा का परिणाम आने पर हम सबकी निगाहों से गुज़रते हैं। इनका निहितार्थ किसी विषम अथवा चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में अर्जित की गई सफलता के प्रति पाठकों का ध्यान आकृष्ट करना होता है। लेकिन इनमें अनचाहे रूप से एक दूसरा संदेश भी छिपा रहता है कि अमुक पेशा, व्यवसाय या परिस्थिति में उक्त सफलता अनपेक्षित है। यह संदेश प्रायः अनचाहे या अनपेक्षित होते हैं जो छिपे पाठ्यक्रम (हिडन करिकुलम) का हिस्सा होते हैं।

नब्बे के दशक के अंतिम बरसों में उत्तर प्रदेश में प्रारंभिक स्तरीय पाठ्य पुस्तकों की समीक्षा, संशोधन व परिवर्धन का कार्य संचालित था। उन्हीं दिनों समीक्षा के दौरान यह बिंदु उभर कर आया कि पाठ्य सामग्रियों में कई अंश छिपे पाठ्यक्रम (हिडन करिकुलम)की तरह मौजूद हैं जो पठन-पाठन के समय अनचाहा संदेश दे सकते हैं। ऐसे कई अंश वाक्यों के रूप में भी थे, जैसे- 'वह महिला होते हुए भी बहादुर थी, 'वह गरीब होते हुए भी ईमानदार था' या कि 'वह सेठ होते हुए भी दयालु था'

औपचारिक एवं अनौपचारिक चर्चा-वार्ताओं में मौजूद इस प्रकार की धारणाएं प्रायः 'हिडन करिकुलम' की तरह समाज में प्रसारित होती रहती हैं और इनका प्रयोग विभिन्न शब्दावलियों, वाक्य-विन्यासों और देहभाषाओं के रूप में प्रचलित होता जाता है। बहुधा इन धारणाओं के मूल में नकारात्मक पूर्वाग्रह अधिक होते हैं।

अपवाद स्वरूप ही सही, यह पूर्वाग्रही धारणाएं कतिपय कक्षाओं में भी पहुंचती हैं। जहां परस्पर विद्यालयीय क्रियाकलापों में कदाचित, 'तुम क्या पढ़ोगे, एकदम गदहा हो' से लेकर पुश्तैनी काम - धंधों पर टिप्पणी जैसे वाक्यों का प्रयोग सामने आता है। पाठ्यवस्तु में भी यदा-कदा इस प्रकार के अंशों के होने से बच्चों के व्यक्तित्व पर इनका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है जो उनके विद्यालय से पलायन का बड़ा कारण बन जाता है। इसलिए आवश्यक है कि इस 'हिडन करिकुलम' पर विद्यालय स्तर से ही विशेष ध्यान दिया जाए।

प्रतिभा किसी क्षेत्र, वर्ण अथवा संप्रदाय विशेष की पूंजी नहीं होती बल्कि सहज रूप से हर बच्चे में मौजूद होती है। हां, यह ज़रूर है कि सीखने -सिखाने की अनुकूल परिस्थितियां एवं एक्सपोज़र उसे तराशने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। स्वाभाविक ही है कि प्रतिभा को तराशने की इस प्रक्रिया का प्रमुख केंद्र विद्यालय ही होते हैं। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि विद्यालय से जुड़ा हर घटक यह सुनिश्चित करे कि बच्चे बिना किसी आरोपित आग्रह या पूर्वाग्रह के अपनी स्वाभाविक गति से आगे बढ़ें।

इसके लिए सबसे ज़रूरी यह है कि विभिन्न क्रियाकलापों के दौरान दिए जा रहे निर्देशों, चर्चा -परिचर्चा, प्रस्तुतीकरण तथा परस्पर संवाद की भाषाशैली और भाव-भंगिमाओं पर विशेष ध्यान दिया जाय। ऐसी किसी भी शब्दावली, संकेत या भाव-भंगिमा का प्रयोग न किया जाय जिसका निहितार्थ प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से बच्चे की निजता को ठेस पहुंचाए या उसे हतोत्साहित करे। किसी भी बच्चे के जीवन को आकार देने में भाषा विशेष भूमिका निभाती है। अतः यह आवश्यक है कि हमारी सामान्य बातचीत या संवाद के दौरान ऐसी शब्दावली या वाक्यों का प्रयोग न हो जिनमें अनचाहे संदेश छिपे हों।

विद्यालय स्तर पर, विशेषकर सह शिक्षा वाले विद्यालयों में दिए जाने वाले निर्देशों में जेंडर विभेद अक्सर पाया जाता है। छात्राओं को 'बेटा' कहकर संबोधित करना, निर्देशों का अधिकांशतः पुल्लिंग शब्दों में होना जैसी स्थितियां सामान्य मानी जाती हैं। विद्यालयीय क्रियाकलाप किसी न किसी लिखित औपचारिक पाठ्यक्रम का अंग होते हैं। जिसके क्रम में विद्यार्थी सीखने के विभिन्न अनुभवों द्वारा अपने ज्ञान का निर्माण करते हैं। छिपा हुआ पाठ्यक्रम (हिडन करिकुलम) स्कूली पाठ्यचर्या का वह अलिखित, अनौपचारिक और बहुधा अनपेक्षित हिस्सा होता है जिसे बच्चे औपचारिक पाठ्यक्रम के साथ साथ ग्रहण करते रहते हैं। यह हिस्सा सकारात्मक भी हो सकता है और नकारात्मक भी। पर यह तब चिंताजनक हो जाता है जब इसके निहितार्थ नकारात्मक होते हैं और बच्चे के व्यक्तित्व पर अवांछित असर डालते हैं। विद्यालय वह उचित प्लेटफ़ॉर्म है जहां इसके नकारात्मक पक्षों को कम या दूर किया जा सकता है। अतः आवश्यक है विद्यालयीय व्यवस्था से जुड़े समस्त हितधारक इस ओर विशेष ध्यान दें।

## सोशल फोरम

# ब्रांडेड जमाना

फ़िल्म थ्री इडियट का एक दृश्य है जिसमे आमिर खान करीना कपूर के भावी पति के बारे में करीना से कहता है कि उसके पति को अपनी घड़ी और जूतों पर बड़ा गुमान है। और उनको लेकर वह थोड़ा दिखावा करता है। और एक घटना से वो इसे साबित भी कर देता है।

आजकल जब कुछ लोगों को देखता हूं तो वो मुझे करीना के पति समान दिखते हैं। चलते फिरते ब्रांडेड शोरूम। सर से लेकर पैर तक पूरे ब्रांडेड। इधर बड़े अजीब अजीब से समाचार पढ़ने को मिलते हैं। एक सीजन में कोई खिलाड़ी हिट हुआ या किसी एक्टर की एकाध फ़िल्म हिट हो गई तो चार पांच सौ करोड़ उसकी नेटवर्थ तो यूं ही हो जाती है। इतने करोड़ का बंगला, इतने करोड़ की कारें तो बड़े सामान्य से समाचार हो जाते हैं। ज्यादा कमाया तो अपना प्राइवेट जेट भी संभव है।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

मैं किसी की कमाई के विरुद्ध नही हूं। लेकिन 80 करोड़ को 5 किलो अनाज वाले देश मे कुछ लोगों को इतना पैसा थोड़ा आंखों में चुभता है। वैसे इसके लिए भी हम आम जन जिम्मेवार हैं। क्योंकि हम ही उनकी जेबें भरते हैं। आईपीएल जैसे तमाशे में जनता लुटा रही है और कुछ लोग कमा रहे हैं। यही हाल हीरो हेरोइन को सर पर बैठाने वालों का भी है। किसी जमाने में तीन से चार रुपये की जगह आज 4 से 5 सौ रुपये देकर फ़िल्म देख रहे हैं तो एक ही हिट फ़िल्म से अथाह पैसा बनाना कोई बड़ी बात नहीं। आज एक फ्लॉप फ़िल्म भी अपनी लागत से ज्यादा कमा लेती है। और उसके हीरो हेरोइन भी। अब ऐसे धनाढ्य लोगों की जमात के ईगो को संतुष्ट करने के लिए ब्रांड बने हुए हैं। अरमानी का सूट हो, गुची के जूते हों। वैसे अब तो गुची भी गरीब पहनते हैं। मेरे एक मित्र का बेटा प्री वेडिंग शूट के लिए मालद्वीप गया। भाई यहां हीरो हीरोइन अपनी शादी के अधिकार बेच लाखों कमा रहे हैं और उनकी नकल कर हम लाखों गवां रहे हैं।

आप और हम मध्यम वर्गीय लोग ये सब सुन हैरान भले हों लेकिन अपनी हैसियत भर हमारे भी नखरे हैं और हमारे भी अपने ब्रांड हैं। **-फेसबुक वॉल से**

# राजनैतिक सत्ता संपूर्ण सामाजिक प्रगति की कुंजी



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

आंबेडकर ने अपने ओजस्वी भाषण में कहा राजशक्ति ही सामाजिक उन्नति की कुंजी है। इसलिए अनुसूचित जातियों को चाहिए वे अपनी प्रगति के लिए संगठित हों और सत्ता पर काबिज हों।

लोकतंत्र के महापर्व में संपूरण देश चुनावी रंग में सराबोर है। सभी दलों के घोषणा पत्र सभी जनों को आकर्षित करने वाले हैं। पहले भी होते रहे हैं लेकिन क्या जनता परीक्षक की भूमिका में है। परीक्षण कर वोट देना सबको आ गया है या हर बार की तरह पिछली गारंटी पूरी न करने वाले नई गारंटी देने वाले दलों के समक्ष मजबूर है। मतदाता उन्हीं में से जो अच्छा लुभा ले जाये के बहाव में।

25 अप्रैल 1948 को लखनऊ में शेड्यूल कास्ट फेडरेशन का पांचवां अधिवेशन था, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में भारत के कानून मंत्री डॉ.बी आर आंबेडकर आमंत्रित किए गए थे। तब उत्तर प्रदेश को संयुक्त प्रांत कहा जाता था। मुख्यमंत्री तब पंडित गोविंद बल्लभ पंत थे। उस अधिवेशन में उन्होंने भी शिरकत की थी। हालांकि डॉ आंबेडकर उस तिथि से पहले दो बार और भी लखनऊ आए थे। एक बार लोथियन समिति के सदस्य के रूप में बारह वर्ष पूर्व लखनऊ आए थे। प्रत्येक बार वे लखनऊ के रिसालदार पार्क बुद्ध विहार में रुके। बुद्ध विहार के मुख्य कर्ता-धर्ता महेथरा बोधानन्द जी थे जो कि त्रिपटक के महाविद्वान थे। इस अधिवेशन की सफलता के पीछे उनका हाथ था। वे पिछड़ा वर्ग के सदस्य रहे, जिनका कहना था आसमान व्यवस्था को चौरस करके ही दम लूंगा। हालांकि व्यवस्था अभी भी चौरस नहीं हुई है पिछड़ा वर्ग के सदस्य रहे शिवदयाल चौरसिया अध्यक्ष समता सैनिक दल के गोपीचंद पिम्पल, कन्हैया लाल सोनकर, गयाप्रसाद तिलक चंद कुरील, अखिल भारतिय फेडरेशन के महासचिव पी एन राजभोज, मेवालाल सोनकर, बुद्धदास चौधरी इन सबके अतिरिक्त जागरूक पिछड़े वर्ग व अनुसूचित जाति के कार्यकर्ताओं की वजह से उस समय एक लाख के आसपास लोग उपस्थित हुए थे। इसके पीछे एक वजह थी, शेड्यूल कास्ट फेडरेशन ने एक वर्ष पूर्व ही अनुसूचित जातियों ने हितों की अनदेखी पर आंदोलन किया था। पुलिस ने लगभग दो हजार कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया था।

शिवदयाल चौरसिया ने डॉ.आंबेडकर से पूछा संविधान में पिछड़े वर्गों के लिए क्या है? आंबेडकर ने कहा जिस दिन पिछड़े और वंचित वर्ग के लोग एक साथ आ जाएंगे, तब हमारे लोगों के साथ अन्य लोग भी गौरान्वित महसूस करेंगे। आंबेडकर ने काफी प्रयास के साथ भारतीय संविधान के अनुच्छेद 340 में पिछड़े वर्गों की जानकारी उनकी स्थिति उनकी भागीदारी एवं उत्थान के लिए एक कमीशन बनाए जाने का प्रावधान किया था जिसके तहत तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने काका कालेलकर आयोग गठित किया था।

25 अप्रैल 1948 को लखनऊ उत्तर प्रदेश शेड्यूल कॉस्ट फेडरेशन के सालाना अधिवेशन में डॉ. आंबेडकर ने जो भाषण दिया, जिसकी गर्माहट ने दिल्ली में पंडित नेहरू और पटेल को विचलित कर दिया लेकिन जिन लोगों के लिए आंबेडकर जोखिम लेकर संदेश दिया वे समाज या राजनीतिक नुमाइंदे आज तक नहीं समझे। नेहरू व पटेल ने अम्बेडकर को पत्र लिखकर नाराजगी व्यक्त की थी। आंबेडकर द्वारा स्पष्टीकरण का सिलसिला चलता रहा।

आंबेडकर ने अपने ओजस्वी भाषण में कहा राजशक्ति ही सामाजिक उन्नति की कुंजी है। इसलिए अनुसूचित जातियों को चाहिए वे अपनी प्रगति के लिए संगठित हों और सत्ता पर काबिज हों। ऐसे में कांग्रेस व समाजवादी पार्टियों के बीच सत्ता संतुलन में ही उनका कल्याण होगा। कांग्रेस एक जलता हुआ मकान है। उन्हें कोई ताज्जुब नहीं कुछ वर्षों में नष्ट होने के कगार पर पहुंच जाए। डॉ. आंबेडकर ने कहा पिछड़े वर्ग व दलित वर्ग मिलकर देश की बहुसंख्यक आबादी होते हैं। वे मिल जाएं तो इस देश पर राज कर सकते हैं। भारत का मेहनतकश समाज देश के विकास में सहयोगी है। आजादी के अमृत काल तक कितना बदलाव आया है। यह आज भी सवाल है। आंबेडकर ने अपने ओजस्वी भाषण में कहा राजशक्ति ही सामाजिक उन्नति की कुंजी है। इसलिए अनुसूचित जातियों को चाहिए वे अपनी प्रगति के लिए संगठित हों और सत्ता पर काबिज हों। ऐसे में कांग्रेस व समाजवादी पार्टियों के बीच सत्ता संतुलन में ही उनका कल्याण होगा। हालांकि कांग्रेस आज बदलाव के मार्ग पर है। वह जाति जनगणना की पक्षधर है। पिछड़े दलितों की भागीदारी पर भी चिंतित है। राहुल गांधी के बयानों में जब तब दिखता है। आंबेडकर के बाद बहुजन समाज पार्टी उभरी भी उत्तर प्रदेश के सत्ता तक पहुंची। आज स्थिति सोचनीय है समाजवादी पार्टी भी सत्ता का स्वाद चख चुकी है। प्रदेश में मुख्य विपक्षी दल है लेकिन कुछ निर्णय ऐसे हुए दलित समाज नाराज हुआ लेकिन आज समाजवादी पार्टी के प्रमुख भी समझे हैं, आंबेडकर व लोहिया की विचारधारा स्थापित करना चाहते हैं। सबको समुचित भागीदारी की बात भी कर रहे हैं। चुनाव की बेला में आंबेडकर का बयान 25 अप्रैल 1948 वाला आज भी बहुजनों में एकता के लिए प्रसांगिक है।

# बढ़ती आर्थिक असमानता

इन दिनों देश में बढ़ रही गैर बराबरी की चर्चा जोरों पर है, हाल ही में वर्ल्ड इनेक्वलिटी लैब ने जो आंकड़े पेश किए वो बेहद चौकाने वाले है, इनसे पता चलता है कि मात्र एक फीसदी लोगों के पास देश की संपत्ति का 40 प्रतिशत हिस्सा मौजूद है। रिपोर्ट के अनुसार 2014-15 से 2022-23 के मध्य आय में असमानता सबसे तेजी से बढ़ी है। देश में अरबपतियों की संख्या निरंतर बढ़ रही हे नए आंकड़ों के अनुसार यह संख्या अब 259 हो गई है। यह रफ्तार कई अन्य देशों के मुकाबले कहीं ज्यादा है लेकिन वहीं दूसरी ओर 72 करोड़ से ज्यादा लोग मात्र 6000 रूपये मासिक आय पर अपना गुजारा करने को मजबूर हैं। आमदनी की असमानताओं में सिर्फ साउथ अफ्रीका और ब्राजील ही आगे हैं, यह भी बताना जरूरी है कि 1991 में जब वैश्विक उदारीकरण शुरू हुआ इस समय केवल एक भारतीय 1 अरब डालर से ज्यादा संपत्ति का मालिक था, किंतु पिछले चंद वर्षो में भारत में असमानता ब्रिटिश राज के समय से भी ज्यादा हो गई है। 2014 से 2023 के मध्य जहा आम आदमी की औसत आय 27.8 प्रतिशत बढ़ी है। वहीं चंद पूंजीपतियों की आय में 280 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है, यह असीमित बढ़ोतरी ही अमीर गरीब की असमानता का मुख्य कारण है। गैर बराबरी तीन तरह की बताई जाती है, एक खपत में, दूसरी आय में और तीसरी वेल्थ में। इस आसमान पूंजी के बंटवारे को केवल क्रोनी केपिटालिज्म का विकास ही कहा जा सकता है, देश का चहुंमुखी विकास तो कतई नहीं। चहुंमुखी विकास के लिए और आर्थिक असमानता को दूर करने के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने होंगे महिलाओं की सीमित भागीदारी को बढ़ाना ही होगा। 85 प्रतिशत तक छोटे मझौले किसानों की आय को बढ़ाने की जरूरत होगी, माइक्रो सेक्टर की आमदनी बढ़ानी होगी, शिक्षा और स्वास्थ्य को बेहतर बनाना होगा ताकि लेबर प्रोडक्टिव हो सके, कर्मचारियों की रियल सेलरी में बढ़ोतरी की जरूरत होगी। क्योंकि जो ग्रोथ हो रही है उसका लाभ सिर्फ उद्योग जगत तक सीमित है और यही कारण आर्थिक असमानताएं बढ़ रही है। इस महत्वपूर्ण मुद्दे को ध्यान में रख कर आर्थिक नीतियों में बड़े परिवर्तन की जरूरत होगी।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

# डिवाइडर से भिड़ी बाइक, पति की मौत, पत्नी व बच्चा घायल

## हाईवे पर ग्राम भाऊपुर के पास हुई दुर्घटना, परिजन हुए बेहाल

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के हाईवे रोड, ग्राम भाऊपुर के समीप बुधवार की दोपहर अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकरा गई, जिससे बाइक सवार एक युवक एवं उसकी पत्नी व बालक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को 50 सैय्या के जिला चिकित्साहलय में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर घायल युवक की पत्नी एवं बच्चे को कानपुर रेफर कर दिया। दुर्घटना की जानकारी दूरभाष के माध्यम से परिजनों को दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। कानपुर नगर, थाना नौबस्ता, मोहल्ला संजय गांधी नगर निवासी रामराज सिंह (36) पुत्र जयदेव बुधवार की दोपहर अपनी रिश्तेदारों के यहां शादी समारोह में शामिल होने के बाद इटावा की ओर से कानपुर वापस जा रहे थे। बाइक


जांच करती पुलिस। अमृत विचार

जैसे ही कोतवाली क्षेत्र के हाईवे रोड ग्राम भाऊपुर के समीप पहुंची तभी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे बाइक सवार रामराज सिंह एवं उसकी 30 वर्षीय पत्नी रचना तथा पांच वर्षीय पुत्र नैतिक गंभीर रूप से घायल हो गये।

एंबुलेंस से तीनों घायलों को 50 शैय्या युक्त जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां पर चिकित्सक ने रामराज सिंह को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर घायल रचना एवं उसके पुत्र नैतिक को प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया। मृतक एवं उसकी पत्नी व बच्चे के सिर में गंभीर चोटे आईं। दुर्घटना की प्राथमिक सूचना सदर कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंच गई और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।बताया जाता है कि बाइक चालक रामराज सिंह हेलमेट नहीं लगाये हुए था। वह हेलमेट को हाथ में लिए हुए था। इससे गंभीर हेड इंजरी हुई और उसकी मौत हो गई।

# ब्रह्मदेव मंदिर पर उमड़ रहा आस्था का सैलाब

संवाददाता, ककोर

**अमृत विचार।** जनपद के जमौली गांव में पौराणिक ब्रह्मदेव का मेला चैत्र पूर्णिमा की भोर से बाबा के जयकारे के साथ शुरू हो जाता है। सुबह होते ही मेला परिसर में भक्त उमड़ने लगते हैं। सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने वाले ग्राम जमौली के निकट स्थित बाबा ब्रह्मदेव मंदिर पर हर वर्ष चैत्र की पूर्णिमा को विशाल मेला लगता है।

महंत ने बताया कि मंदिर के पीछे खड़ा पीपल का पेड़ लगभग 300 वर्ष पुराना आस्था का प्रतीक है। इसी प्राचीन ऐतिहासिक पेड़ में बाबा ब्रह्मदेव का बास है ऐसा कहा जाता है कि जगनिक नाम का एक विदेशी व्यक्ति महोबा से कन्नौज जा रहा था और इसी रास्ते से गुजरते हुए रास्ता भूल गया। वह इसी पीपल के पेड़ के नीचे सो गया। तभी सफेद घोड़े पर सवार होकर साधु के भेष में एक महात्मा प्रकट हुए और जगनिक को उसके गंतव्य स्थान कन्नौज पहुंचाया। वहां से लौटकर उसने सारी घटना लोगों को बताई और वहां एक छोटा सा मंदिर बनवाया। तभी से यहां श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। जैसे जैसे भक्तों की मनोकामना पूर्ण होने लगी, दूर- दूर अन्य प्रदेशों से भी लोग आने लगे। भक्त यहां झंडा और प्रसाद चढ़ाने आते हैं। बाबा ब्रह्मदेव मंदिर के निकट शनिदेव, माता दुर्गा, बजरंगबली व भोले बाबा आदि कई मंदिर हैं। महंत ने बताया 23 अप्रैल से यहां विशाल मेला लगा हुआ है।


जवारे चढ़ाते श्रद्धालु। अमृत विचार

# आरुषि, युवराज का कैंप के लिए चयन

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** गेल डीएवी पब्लिक स्कूल में विद्यार्थी विज्ञान मंथन का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में युवराज कक्षा 6 प्रथम, अदिति उपाध्याय कक्षा 8 प्रथम, हासिनी कक्षा 8 द्वितीय, अनंत दृष्टि चौधरी कक्षा 8 तृतीय, आरुषि गुप्ता कक्षा 9 प्रथम, रेयांश अग्रवाल और कुशाग्र अग्रवाल द्वितीय, दिव्यम तृतीय, सुचिश्मा बिस्वाल कक्षा दस तृतीय स्थान पर रहे। आरुषि गुप्ता और युवराज का चयन गाजियाबाद में राज्य स्तर के ट्रेनिंग कैंप के लिए हुआ था जिसमे उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर आरुषि गुप्ता को राष्ट्रीय स्तर के कैंप, जो की आईआईएसईआर भोपाल में होना है के लिए चुना गया है।

मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. प्रभात कुमार सिंह वाइस चांसलर, उत्तर प्रदेश यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंस सैफई, इटावा, प्रेसिडेंट विज्ञान भारती इटावा विभाग उपस्थित थे। डॉ. आरएस वेलमुरुग्न, मुख्य महाप्रबंधक, गेल इंडिया लिमिटेड, डॉ. सुनील मिश्रा, ब्रह्मावर्त प्रांत जनरल सेक्रेटरी, कौस्तुभ ओमर, प्रांत ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी, कुलदीप अवस्थी, सेक्रेटरी


पुरस्कार वितरण समारोह में मौजूद विद्यार्थी व स्टाफ। अमृत विचार


मुख्य अतिथि से पुरस्कार प्राप्त करतीं आरुषि गुप्ता। अमृत विचार

- **विद्यार्थी विज्ञान मंथन का पुरस्कार वितरण समारोह**

इटावा विभाग, अत्री अवस्थी कन्वीनर इटावा, ब्रजेश दीक्षित कनवीनर औरैया विशेष रूप से उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि ने विजयी विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। प्राचार्या दीपा शरण ने पुरस्कृत विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विज्ञान भारती की पत्रिकाओं की प्रतियां भेंट की गई साथ ही विद्यार्थियों के मेंटर शिक्षकों को स्मारिका से सम्मानित किया गया। ज्ञात हो विद्यार्थी विज्ञान मंथन उभरते भारत के लिए एक डिजिटल आधारित और सबसे बड़ी विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा है।विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम) के तहत एक संस्थान, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के सहयोग से विज्ञान भारती (वीआईबीएचए) की एक पहल है। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन जो की छठी से ग्यारहवीं कक्षा के स्कूली छात्रों के बीच विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के लिए एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है।


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए उमड़ा जनसैलाब

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** औरैया रोड स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के रामालय परिसर में बुधवार को विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें नगर तथा क्षेत्रीय लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया । राम कथा का आयोजन 17 अप्रैल से 23 अप्रैल तक हुआ था जिसमें परीक्षित सपत्नी रामकुमार अवस्थी थे। मंदिर के महंत रामप्रिय दास भी रोजाना कथा श्रवण में मौजूद रहकर कथा श्रवण के साक्षी बने तथा कथावाचक व्यास पुनीत मिश्रा ने भगवान श्रीराम की कथा का सभी को रसपान कराया। कथा में रोजाना सैकड़ो की संख्या में भक्तजन कथा का रसपान करते हुए अपने जीवन को धन्य बनाने को मौजूद रहे थे।

# गृह कलह में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**उन्नाव।** बिहार थानांतर्गत भदिहा गांव निवासी धीरज (25) पुत्र श्रीपाल का शव मंगलवार शाम करीब पांच बजे उसी के घर में छल्ले में फंदे से लटका मिला। बताते हैं कि युवक का उसकी पत्नी से आएदिन विवाद होता था। इससे पत्नी राखी 6 माह के बच्चे के साथ मायके चली गई थी। दिवंगत के भाई प्रमोद ने बताया कि सोमवार को भाई व भाभी राखी में विवाद हुआ था। इसकी जानकारी पर राखी की बहन ने पीआरवी को फोन किया था। पुलिस ने दोनों में समझौता भी करा दिया था। इसके बाद ससुर जेरी निवासी रामप्रसाद व साढ़ू मनोज उनके घर आए और राखी को लेकर चले गए। शाम को जब घर के अंदर जाकर देखा तो धीरज का शव फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा। एसओ ने कहा कि पीएम रिपोर्ट पर मौत का कारण पता चलेगा।

# आमंत्रण कार्ड बनाकर वोट डालने की अपील

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशन में प्रशासन लोकसभा सामान्य निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान कराने को प्रशासन मुस्तैद है। लोगों को जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अलग-अलग तरीके अपनाए जा रहे हैं। रैली, हस्ताक्षर अभियान, पोस्टर प्रतियोगिता, मतदान आमंत्रण पत्र के जरिये मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार के नेतृत्व में पूर्व माध्यमिक विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय फतेहपुर करमपुर में सप्ताह को मतदान ग्रामोत्सव सप्ताह के रूप में मनाया गया। प्रथम दिन विद्यार्थियों ने आकर्षक आमंत्रण कार्ड बनाकर मतदाताओं को वोट डालने का आह्वान किया। विद्यालयों की इंचार्ज प्रधानाध्यपक


आमंत्रण पत्र देते स्टूडेंट्स व शिक्षक। अमृत विचार

उषा देवी व प्रियंका सिंघानिया ने बताया कि पोस्टर व आमंत्रण पत्र प्रतियोगिता से न केवल बच्चों में सृजनात्मक का विकास होता है बल्कि इसके माध्यम से मतदाताओं को भी भावनात्मक रूप से बच्चों के माध्यम से वोट डालने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

आमंत्रण पत्र वितरण के बाद ग्रामीणों ने बच्चों के उत्साह व अध्यापकों द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए किये जा रहे प्रयासों की तारीफ करते हुए वादा किया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में वे अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अपने घरों व आस व पड़ोस के लोगों को भी जागरूक करेंगे। शिक्षक पंकज सिंह यादव के अतिरिक्त ग्रामीण राधेश्याम, कमलेश, अनूप, मंजीत, सुनीता, पुष्पा देवी, मंजू देवी सहित बच्चे उपस्थित रहे।

# जरूर करें मतदान के अधिकार का उपयोग

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** महिला कल्याण विभाग, औरैया द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत बुधवार को विवेकानंद ग्रामोद्योग स्नाकोत्तर, महाविद्यालय में मतदाता जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. इकरार अहमद ने छात्र-छात्राओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि हर भारतीय को मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए। महिला कल्याण विभाग से कार्यक्रम में उपस्थित अक्षय कुमार ने कहा कि हमें मतदान करने का अधिकार है।



छात्रों को पुरस्कृत करते प्राचार्य एवं अतिथि। अमृत विचार

इसका हमे उपयोग करना चाहिए तथा मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना भी हमारी एक बड़ी जिम्मेदारी है जि। कार्यक्रम के दौरान महिला कल्याण विभाग से वंदना कुशवाहा एवं महाविद्यालय से राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. इफ्तिखार हसन, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. राकेश तिवारी, डॉ. संदीप ओमर, डॉ. श्याम नरायण, डॉ. महेन्द्र तिवारी, डॉ. मृदुल पाण्डेय एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

# आग से साढ़े छह बीघा फसल जली

**बिछिया।** दही थाना क्षेत्र के गांव बस्ती खेड़ा के मजरे ओरहर में बुधवार को गेहूं की फसल में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसमें किसान रामबाबू की 2 बीघा, गोवर्धन की डेढ़ बीघा, हरीलाल की एक बीघा, सुरेश की 10 बिसुवा, धर्मराज की एक बीघा, राजू की 5 बिसुवा व राम प्रसाद की 5 बिसुवा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड व पुलिस ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेखपाल ने रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को भेजने की बात कही है।

# ब्वायलर की भाप की चपेट में आया श्रमिक, गई जान

संवाददाता बिछिया, उन्नाव

**अमृत विचार।** दही थानांतर्गत औद्योगिक क्षेत्र-1 स्थित एक फैक्ट्री में मंगलवार देर रात अचानक ब्वायलर का ढक्कन खुलने से निकली भाप की चपेट में आने से श्रमिक की मौत हो गई। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

रायबरेली जिला के नसीराबाद थानाक्षेत्र के कस्बे नसीराबाद निवासी पिंटू उर्फ कल्लू (28) कमलेश प्रजापति पत्नी रेखा के साथ दही थानाक्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र साइड-एक स्थित एमएम ट्रेडर्स मुर्गी दाना बनाने वाली फैक्ट्री में रहकर काम करता था। मंगलवार देररात ब्वायलर का ढक्कन खोलते समय उससे निकलने वाली भाप की चपेट में आकर गश खाकर वह वहीं गिर गया और असकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कार्यकारी एसओ दीनानाथ यादव ने बताया कि पत्नी रेखा की तहरीर पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।


सुरभि को स्मृति चिह्न देते सीजीएम एवं फादर राजू। अमृत विचार

# सुरभि को संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में मिली 56वीं रैंक

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** "मंजिले उनको मिलती हैं जिनके सपनों' में जान होती है, पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है" सेंट जोसेफ विद्यालय एनटीपीसी दिबियापुर के लिए ये गौरव का दिन रहा क्योंकि उनके विद्यालय में केजी से कक्षा 10 तक की शिक्षा ग्रहण करने वाली छात्रा सुरभि श्रीवास्तव ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा में 56 वीं रैंक हासिल की है। इस पर पूर्व छात्रा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी के सीजीएम जयदेव परिदा, एजीएम तनमोय दत्ता, बीएसए अनिल कुमार एवं माता-पिता मौजूद रहे ।

विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर रोजमी ने सुरभि को को शॉल पहनाकर सम्मानित किया। प्रबंधक फादर जियो एवं एनटीपीसी सीजीएम ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर अभिवादन किया। सुरभि ने शिक्षक-शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया।

**हालात** नगर पंचायत समस्या के समाधान को नहीं बना सका कारगर रणनीति

# फफूंद में कटखने बंदरों का आतंक

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** फफूंद नगर पंचायत क्षेत्र में बंदरों के आतंक से नगरवासी परेशान हैं। अब तब बच्चों के साथ ही बुजुर्गो को बंदरों के काटने की डेढ़ दर्जन से अधिक घटनाएं घटित हो चुकी हैं। पैदल रास्तों पर चलना भी खतरे से खाली नहीं है। नगर क्षेत्र के अन्तर्गत 13 वार्ड आते हैं। इन सभी वार्डो में बंदरों का आतंक है।

कस्बा फफूंद के वार्ड नंबर 3 मोहल्ला चमनगंज में राधारमण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महाजनान राधा बल्लभ इंटर कॉलेज, फफूंद, गुलजारीलाल बालिका इंटर कॉलेज फफूंद के पास हर समय बंदर डेरा जमाए रहते हैं। गली से निकलने वाले बच्चों और आवाजाही करने वाले लोगों के सामान पर यह झपट जाते हैं। कई बार सामान छीनने के लिए यह लोगों को काटने से भी गुरेज नहीं करते। पैदल रास्तों पर बंदरों के


छत पर बैठा बंदरों का झुंड। अमृत विचार

झुंड देखकर लोग अकेले जाने से भी कतराने लगे हैं।

नगर पंचायत के जगह-जगह बने खुले कूड़ादान में बड़ी संख्या में बंदरों ने अपना आशियाना बना रखा है। बंदर खाद्य पदार्थो की तलाश में कूड़ा निकाल कर इधर-उधर बिखेर देते हैं जिससे पैदल रास्तों पर गंदगी फैल जाती है। यहीं नहीं खाने की तलाश में बंदर घरों के अंदर घुस कर लोगों के सामान को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। लेकिन नगर पंचायत बंदरों की समस्या से निजात दिलाने के लिए ठोस रणनीति नहीं बना सका है।

वहीं नगर निकाय चुनाव के समय फफूंद नगर पंचायत प्रशासन ने अपने वादों में नगर पंचायत क्षेत्र में बंदरों की समस्या से निजात दिलाने के लिए कहा था। उक्त के संबंध में उन्होंने बताया कि वन विभाग का सहयोग लेकर नगर पंचायत क्षेत्र से बंदरों के आतंक को कम किया जाएगा।

# उड़नदस्ता टीम ने स्कूटी से पकड़े सवा लाख रुपये

**शुक्लागंज उन्नाव।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए मंगलवार रात लगभग दस बजे उड़नदस्ता के मजिस्ट्रेट कृष्ण कुमार टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे, जहां आजाद मार्ग, फोरलेन और बैराज मार्ग की ओर से आने वाले वाहनों को रोक कर चेकिंग की गई। इसी दौरान टीम ने मगरवारा अवस्थी खेड़ा निवासी अमित शुक्ला को रोका। उड़नदस्ता टीम ने तलाशी के दौरान स्कूटी में 1 लाख 22 हजार 200 रुपये बरामद किया, जिसको जब्त कर गंगाघाट कोतवाली में सुपुर्द किया गया। इसके साथ ही टीम ने स्कूटी का नंबर नोट करने के साथ ही उसका नाम पता भी अंकित किया। मजिस्ट्रेट ने बताया कि आचार संहिता के दौरान पचास हजार से अधिक रुपये ले जाने पर उसका ब्योरा देना होता है। बरामद हुए रुपये को जब्त किया गया है। अभिलेख प्रस्तुत करने के बाद जब्त रकम को वापस किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### बाजार गई नाबालिग लापता

**अयाना।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 20 अप्रैल को उसकी 14 वर्षीय बेटी मुरादगंज कपड़े सिलवाने के लिए गई थी। वहां से एक युवक उसको अपने साथ ले गया। काफी खोजने के बाद भी बेटी का कुछ पता नहीं चला। थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जल्द ही किशोरी को बरामद कर लिया जाएगा।

### मानदेय न मिलने से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता परेशान

**कुदरकोट, औरैया।** क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को समय से मानदेय न मिलने के कारण उन्हें जीवन यापन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कार्यकत्री नीलम देवी को अपेंडिक्स साइड का ऑपरेशन करवान है, लेकिन मानदेय न मिलने से वह अपना इलाज नहीं करा पा रही है। कार्यकत्रियों ने अपनी व्यथा ब्लॉक स्तर पर परियोजना अधिकारी संध्या यादव को बताई और कहा हम लोगों का मानदेय बहुत ही कम मिलता है,वह भी समय से नहीं मिल पा रहा है, जिस कारण हम लोगों के सामने बड़ी समस्या आ जाती है।तथा घर खर्च चलाने में भारी मुसीबत का सामना करना पड़ता है। परियोजना अधिकारी ने फीडिंग कार्य पूरा कर मानदेय जारी किए जाने का आश्वासन दिया है।


बूथ का निरीक्षण करतीं डीएम नेहा प्रकाश। अमृत विचार

### संवेदनशील बूथों का डीएम ने किया निरीक्षण

**औरैया।** डीएम/ जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल, शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए विधानसभा क्षेत्र दिबियापुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बल्लापुर के बूथ संख्या 35 (संवेदनशील) का स्थलीय निरीक्षण कर सभी मूलभूत व्यवस्थाएं देखीं और वहां फैले ईंट, पत्थर को समय रहते हटवाने तथा साफ–सफाई सहित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने संबंधित अधिकारियों को निर्देशद दिए। उन्होंने पेयजल, विद्युत व्यवस्था, शौचालय, रैंप, फर्नीचर, आवागमन के रास्ते सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं को समय रहते पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही बूथ पर बीएलओ का नाम, मोबाइल नंबर अंकित कराए जाने को कहा।, उप जिलाधिकारी अजीतमल रामअवतार, तहसीलदार अजीतमल जितेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी ने गेहूं क्रय केंद्र का किया स्थलीय निरीक्षण

**औरैया।** डीएम /जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश ने शासन द्वारा कृषकों की उपज का वाजिब मूल्य दिलाये जाने हेतु शासन के निर्देशानुसार जनपद में संचालित गेहूं क्रय केंद्रों की स्थिति का सही जानकारी करने हेतु अजीतमल गल्ला मंडी में स्थापित एसएमआई क्रय एजेंसी के संचालित गेहूं क्रय केंद्र का स्थलीय निरीक्षण करते हुए मूलभूत व्यवस्थाएं देखीं। अब तक केंद्र पर क्रय किए गए गेहूं से संबंधित कृषकों के विवरण पंजिका को भी देखा और निर्देशित किया कि कृषकों से संपर्क कर उनकी उपज के लिए केंद्र पर लाने को कहें जिससे उनको अपनी उपज का समय से वाजिब मूल्य प्राप्त हो सके। निरीक्षण के दौरान अंकन पंजिका में अंकित प्रविष्टियां तौल की गई उपज (बारदाना ) का वजन जांचा तथा अब तक क्रय की गई फसल के भुगतान संबंधी जानकारी प्राप्त की, और निर्देशित किया कि हर संभव प्रयास करके क्रय लक्ष्य सुनिश्चित करें इसमें किसी भी प्रकार की किसी भी स्तर पर की गई गड़बड़ी होने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। एडीएम महेंद्र पाल सिंह, उप जिलाधिकारी अजीतमल, तहसीलदार अजीतमल, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### दहेज के लिए विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**सौरिख, कन्नौज ।** थाना क्षेत्र के गांव टिकुरियन निवासी रीमा देवी पुत्री रामकिशन की शादी एक वर्ष पूर्व जनपद कोतवाली मैनपुरी के गांव ईकरी निवासी शिविर के पुत्र आकाश के साथ हुई थी। शादी में सामर्थ्य के हिसाब से दान दहेज देकर की थी। कुछ दिनों बाद ससुरालीजन दो लाख रुपये व बाइक की मांग करने लगे। पिता ने देने में असमर्थता जताई तो प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। एक मार्च 2024 को पति आकाश, ससुर शिववीर, बड़े ससुर जयवीर, ननद नीतू, शिवानी ने एक राय होकर गाली गलौज कर मारपीट की। पहने हुए कपड़ों में घर से निकाल दिया। मारपीट में उसके सिर व शरीर में गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर सभी ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे डॉक्टरी परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया।

### कुदरकोट थानाध्यक्ष व महिला सिपाही सम्मानित

**औरैया।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु महत्वपूर्ण योगदान एवं सराहनीय कार्य हेतु एडीजी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन ,मुख्यालय लखनऊ द्वारा जनपद औरैया की दो महिला पुलिसकर्मी उपनिरीक्षक पूजा सोलंकी,थानाध्यक्ष कुदरकोट, म.मु.आ. स्नेहबाला मिश्रा, थाना दिबियापुर को सम्मानित करने हेतु प्रदत्त मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र पुलिस अधीक्षक चारु निगम द्वारा प्रदान किया गया।


थानाध्यक्ष कुदरकोट पूजा सोलंकी को सम्मानित करतीं एसपी एवं एएसपी। अमृत विचार



**पश्चिमी उत्तर प्रदेश से शुरू हुए लोकसभा चुनाव के पहले चरण में कम मतदान से उपजी आशंकाओं को पीछे छोड़कर भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए और कांग्रेस-सपा के इंडिया गठबंधन के साथ बहुजन समाज पार्टी ने अब प्रदेश में दूसरे चरण की उन आठ सीटों पर मुकाबले के लिए कमर कस ली है, जिन पर 26 अप्रैल को वोट डाले जाने हैं। इन आठ सीटों में पिछले 2019 के चुनाव में भाजपा ने सात सीटों मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में कमल खिलाया था, जबकि अमरोहा सीट सपा से गठबंधन के चलते बसपा ने जीती थी। इस बार प्रदेश की इन आठ सीटों में से पांच पर जानकार मुकाबला त्रिकोणीय मान रहे हैं। दो सीटों पर भाजपा और सपा के बीच जबकि एक सीट पर भाजपा से बसपा की सीधी टक्कर होने का अनुमान लगाया जा रहा है। प्रदेश में मिशन -80 का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा के लिए यह चरण अगर काफी अहम है, तो कांग्रेस की साख भी चार सीटों पर चुनाव लड़ने के कारण सबसे ज्यादा दांव पर लगी है। सपा के लिए इस चरण में खोने के लिए बहुत कुछ नहीं है, लेकिन बसपा क्या खाता खोलने में कामयाब रहेगी, यह सवाल भी है। लेकिन इससे भी बड़ा सवाल 40 डिग्री पार जाते पारा में कौन अपने ज्यादा से वोट बूथ तक पहुंचा पाएगा, इसकी मशक्कत का भी है। हालांकि चुनाव आयोग मतदान बढ़ाने के लिए लगातार विशेष प्रयास कर रहा है।**



# जातीय समीकरण और ध्रुवीकरण का दूसरा चरण

**91** प्रत्याशी आठ सीटों पर इस बार मैदान में

**42** प्रत्याशी हैं दूसरे चरण में करोड़पति

**02** वर्तमान सांसद भी आमने-सामने

**62%** से अधिक हुआ था 2019 में मतदान

मनोज त्रिपाठी

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में प्रदेश में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा संसदीय सीट पर 26 अप्रैल को वोट पड़ेंगे। इन आठ लोकसभा सीटों पर कुल 91 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें से अमरोहा को छोड़कर बाकी सभी सीटें 2019 में भाजपा ने जीती थीं। अमरोहा सीट सपा और रालोद के साथ गठबंधन के चलते बसपा के खाते में गई थी। इस बार चुनावी समीकरण पिछले चुनाव वाले नहीं हैं। रालोद अब भाजपा के साथ मिलकर चुनावी मैदान में है, तो सपा ने कांग्रेस के साथ गठजोड़ बनाया है। बसपा अकेले दम पर सभी आठ सीटों पर अपनी किस्मत आजमा रही है। भाजपा आठ में से सात सीटों पर चुनाव लड़ रही है। उसने बागपत सीट गठबंधन में शामिल रालोद को दी है। इसके मुकाबले इंडिया गठबंधन में सपा और कांग्रेस चार-चार सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस के प्रत्याशी गाजियाबाद, मथुरा, बुलंदशहर, अमरोहा सीट पर मैदान में हैं, जबकि सपा अलीगढ़, बागपत, गौतमबुद्ध नगर और मेरठ सीट पर मुकाबला कर रही है। ऐसे में यह चुनावी चरण भाजपा-रालोद, सपा-कांग्रेस गठबंधन और बसपा की कड़ी परीक्षा लेने जा रहा है, जिसमें भाजपा पिछले चुनाव में मिली जीत का अंतर देखते हुए इस बार भी कमल खिलाने के लिए थोड़ी आश्वस्त नजर आ रही है।

## ब्रजवासी किसे कहेंगे राधे-राधे

- मथुरा लोकसभा सीट हाईप्रोफाइल सीट मानी जाती है। इस सीट से हेमा मालिनी भाजपा प्रत्याशी के रूप में लगातार दो बार चुनाव जीत चुकी हैं और इस बार जीत की तिकड़ी लगाने में जुटी हैं। कांग्रेस यहां पिछली बार यहां 20 वर्ष पहले चुनाव जीती थी, जबकि बसपा का इस सीट पर अब तक खाता नहीं खुल पाया है। कांग्रेस ने हेमा मालिनी के मुकाबले दलित समाज के मुकेश धनगर को उतारा है, तो बसपा ने जाट बिरादरी से आने वाले रिटायर्ड आईआरएस अधिकारी सुरेश सिंह पर दांव लगा रखा है। भाजपा की तरफ से अयोध्या और काशी के बाद अब मथुरा की बारी जैसा मुद्दा उछाला जा रहा है। यह सीट जाट बाहुल्य मानी जाती है। जाट वोटों में सेंध लगने से बचाने के लिए धर्मेंद्र से शादी करने के कारण हेमा मालिनी खुद को जाट बता रही हैं। कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश धनगर चुनाव ब्रजवासी और अप्रवासी का मुद्दा गर्म करने में लगे हैं और जाट वोट बंटने पर अपनी जीत का रास्ता खोज रहे हैं। जानकार मान रहे हैं कि मथुरा सीट पर बसपा अगर जाट-दलित वोटों को जोड़ने में कामयाब रही तो भाजपा को मुश्किल में डाल सकती है।

**भाजपा का वोट प्रतिशत**
**2019 – 60.77%, 2014 – 53.29%**





## मेरठः भाजपा- बनाम बसपा लग रही लड़ाई

- मेरठ लोकसभा सीट से धारावाहिक रामायण में राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल भाजपा प्रत्याशी हैं, उनके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रोड शो कर चुके हैं। सपा से यहां पूर्व महापौर सुनीता वर्मा उनका मुकाबला कर रही हैं। बसपा से देवव्रत त्यागी किस्मत आजमा रहे हैं। पिछली बार मेरठ सीट पर भाजपा मामूली अंतर से जीत दर्ज कर पाई थी। बसपा के याकूब कुरैशी ने सपा का गठबंधन मिलने से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र अग्रवाल को कांटे की टक्कर दी थी। इसी कारण भाजपा ने राजेंद्र अग्रवाल का टिकट काटकर अरुण गोविल को उतारा है। याकूब परिवार अब बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी को जिताने के लिए पूरी ताकत के साथ लगा है। बसपा सुप्रीमो दो दिन पहले यहां सभा कर गई हैं। इस दौरान उन्होंने वोट बैंक साधने के लिए सपा को ज्यादा निशाने पर रखा था। इसके चलते सपा प्रत्याशी सुनीता वर्मा के लिए चुनौती खड़ी हो गई है। मुस्लिम बाहुल्य इस सीट पर मुस्लिम मतदाता सपा और बसपा दोनों से प्रत्याशी हिंदू होने के कारण अभी असमंजस में नजर आ रहा है। सपा प्रत्याशी खुद को राम के सामने सबरी बताकर मुख्य मुकाबले में रहने की कोशिश कर रही हैं। लेकिन जिस तरह से बसपा मुस्लिम, दलित के साथ राजपूत और त्यागी वोटों पर नजर लगा रही है, उससे जानकार मेरठ का चुनाव भाजपा बनाम बसपा की तरफ बढ़ता मान रहे हैं।

**भाजपा का वोट प्रतिशत**
**2019 – 48.19%, 2014 – 47.80%**













**08** लोकसभा सीटों पर कुल 91 प्रत्याशी मैदान में हैं।

## गौतमबुद्ध नगर में त्रिकोणीय मुकाबला

- गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर लगातार दो बार से चुनाव जीत रहे भाजपा सांसद डॉ महेश शर्मा जीत की हैट्रिक लगाने के लिए इस बार कड़ी मेहनत कर रहे हैं। लोकसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में विकास कार्यों को लेकर कई जगह लोग उनसे नाराज हैं, लेकिन वोट भाजपा को ही देने की बात कह रहे हैं। सपा से उतरे डॉ. महेंद्र नागर अपने सजातीय और पीडीए वोट बैंक के बूते चुनावी जंग को दो डॉक्टरों के बीच रखने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं, तो बसपा प्रत्याशी पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सोलंकी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की भरसक कोशिश में जुटे हैं। इससे चुनाव रोचक हो गया है। तीनों प्रत्याशी अलग-अलग जातियों से हैं। भाजपा प्रत्याशी ब्रह्मण, सपा प्रत्याशी गुर्जर और बसपा प्रत्याशी ठाकुर बिरादरी से हैं। सपा ने गुर्जर-मुस्लिम-यादव समीकरण बनाने का दांव चला है तो बसपा ने ठाकुर-दलित समीकरण के सहारे जीत का ताना बाना बुन रखा है। इस सीट पर ठाकुर मतदाता बड़ी संख्या में है, जो भाजपा के परंपरागत वोटर माने जाते है, लेकिन ठाकुरों की नाराजगी का मुद्दा उछालकर इस वोट बैंक में सेंधमारी की कोशिशें भी कम नहीं हो रही हैं। इस लोकसभा सीट पर धीरे-धीरे मुकाबला त्रिकोणीय होता नजर आ रहा है।

**भाजपा का वोट प्रतिशत**
**2019 – 59.6 %, 2014 – 50.0 %**

## 2024 में किस दल के कितने प्रत्याशी

| इंडिया गठबंधन | | राजग गठबंधन | | |
|---|---|---|---|---|
| 04 | 04 | 07 | 01 | 08 |
| सपा | कांग्रेस | भाजपा | रालोद | बसपा |

## 2019 में आठ सीटों पर यह था स्कोर

| | |
|---|---|
| 07 | 01 |
| भाजपा | बसपा |



**2019** बसपा ने सपा के साथ गठबंधन में लोकसभा चुनाव में 19 फीसदी वोट पाए, 10 सीटें जीतीं

**25%** सपा और कांग्रेस का साझा वोट प्रतिशत रहा था 2019 के लोकसभा चुनाव में

## दूसरे चरण का रण क्या बदल पाएगा हाथ के हालात

- प्रदेश में दूसरे चरण के चुनाव में कांग्रेस की प्रतिष्ठा दांव पर है। कांग्रेस इस चरण में सबसे ज्यादा चार लोकसभा सीटों पर मैदान में है। गठबंधन के तहत बाकी चार सीटों पर समाजवादी पार्टी चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस प्रत्याशी मथुरा, गाजियाबाद, अमरोहा और बुलंदशहर सुरक्षित सीटों पर भाजपा का मुकाबला कर रहे हैं। कांग्रेस से गाजियाबाद में ब्राह्मण महिला डॉली शर्मा, अमरोहा में मुस्लिम प्रत्याशी के रूप में बसपा से आए सांसद दानिश अली हैं, तो मथुरा की सामान्य सीट पर पार्टी ने दलित समाज के मुकेश धनगर पर दांव लगा रखा है। बुलंदशहर सुरक्षित सीट पर शिवलाल वाल्मीकि लोगों से हाथ का साथ मांग रहे हैं। फिलहाल कांग्रेस ने चारों सीटों पर प्रचार के अंतिम चरण में पूरी ताकत झोंक रखी है। कांग्रेस ने इन चारों सीटों में सबसे ज्यादा उम्मीद गाजियाबाद सीट पर लगा रखी है। यहां भाजपा द्वारा वीके सिंह का टिकट काटकर विधायक अतुल गर्ग को उतारे जाने से कांग्रेस को जीत के लिए उम्मीद की किरण नजर आ रही है। मथुरा सीट कांग्रेस ने आखिरी बार 2004 में जीती थी। यहां 2009 और 2019 में कांग्रेस प्रत्याशी तीसरे स्थान पर रहे थे। अमरोहा में बसपा से आए सांसद दानिश अली पर दांव लगाकर कांग्रेस जीत के लिए पूरी तरह उन्हीं पर और सपा के समर्थन पर निर्भर नजर आ रही है, इसकी वजह यह है कि इस सीट पर 1984 के बाद पार्टी का खाता नहीं खुला है और संगठन काफी कमजोर है। बुलंदशहर में कांग्रेस 2019 के चुनाव में तीसरे नंबर पर थी। इस बार यहां जातीय समीकरणों के सहारे पार्टी मुकाबले में आने की उम्मीद में है।

## अलीगढ़ः जातीय खांचे में फंसी जीत की हैट्रिक

- तालों की नगरी अलीगढ़ से ब्राह्मण बिरादरी के भाजपा प्रत्याशी सतीश गौतम जीत की हैट्रिक लगाने को बेताब हैं। लेकिन बसपा ने यहां भाजपा छोड़कर हाथी की सवारी करने वाले ब्राह्मण समाज के ही हितेंद्र कुमार उर्फ बंटी उपाध्याय को मैदान में उतार कर भाजपा के सामने मुश्किल खड़ी कर दी है। सपा ने जाट बिरादरी के पूर्व सांसद चौधरी बिजेन्द्र सिंह पर फिर भरोसा जताया है। इस सीट पर सर्वाधिक मुस्लिम मतदाता हैं। बावजूद इसके सपा और बसपा ने मुस्लिम उम्मीदवार नहीं उतारा है। बसपा ने पहले मुस्लिम गुफरान नूर को टिकट दिया था, पर उनके बीमार होने पर प्रत्याशी बदल दिया। मुस्लिम मतों का झुकाव या बिखराव यहां के परिणाम पर असर डालेगा, ऐसा माना जा रहा है। इसे देखते हुए दो दिन पहले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव रैली करके मुस्लिमों को जोड़ने के साथ पीडीए को मजबूत करने की बाद कह गए हैं। इसके बाद से सपा प्रत्याशी का हौसला बढ़ गया है।

**भाजपा का वोट% 2019 – 56.42 %, 2014 – 48.34 %**

## बागपत : ब्राह्मण और पिछड़ा वर्ग लिखेगा जीत

- चौधरी चरण सिंह के परिवार का गढ़ रही इस सीट पर चुनाव जातीय समीकरणों में उलझता नजर आ रहा है। 47 वर्षों बाद चौधरी परिवार का कोई सदस्य यहां चुनाव नहीं लड़ रहा है। रालोद ने भाजपा से गठबंधन में मिली इस सीट पर अपने राष्ट्रीय सचिव राजकुमार सांगवान को जिताने के लिए पूरी ताकत लगा रखी है। एक तरह से जयंत चौधरी चुनावी कमान संभाले हैं। सपा ने इस सीट पर साहिबाबाद के पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा को उतार कर मुकाबला दिलचस्प बना दिया है। अमर पाल शर्मा की ब्राह्मण बिरादरी में बढ़िया पकड़ मानी जाती है। बसपा ने दिल्ली हाई कोर्ट के अधिवक्ता गुर्जर बिरादरी के प्रवीण बंसल पर दांव लगाया है। पिछले दो चुनावों में यहां आमने-सामने रहीं भाजपा और रालोद के हाथ मिलाने से इस सीट पर गिना जाने वाला साढ़े तीन लाख जाट वोट तो सांगवान के समर्थन में लामबंद हो गया है, लेकिन मुस्लिम वोटर जो करीब चार लाख है, सपा की तरफ झुकने से रालोद प्रत्याशी के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है, क्योंकि करीब 70 हजार यादव वोट सपा के साथ पहले ही खड़ा है। ऐसे में बागपत सीट पर जीत की राह ब्राह्मण और पिछड़े वर्ग के मतदाताओं के बीच से ही निकलने के कयास लगे जा रहे हैं।

**भाजपा का वोट प्रतिशत**
**2019 – 50.32 %, 2014 – 42.15 %**

## बुलंदशहर है भाजपा का बुलंद दुर्ग

- अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित इस सीट पर इस बार दो सांसदों के बीच चुनावी जंग हो रही है। भाजपा ने यहां पिछले दो बार से लगातार जीत दर्ज कर रहे खटिक बिरादरी के भोला सिंह को जीत की हैट्रिक लगाने का मौका दिया है। बसपा ने नगीना के मौजूदा सांसद गिरीश चंद्र को मैदान में उतारा है। उनके सामने दलित वर्ग की गैर जाटव जातियों को अपने पक्ष में मोड़ने की चुनौती है। कांग्रेस से उतरे आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सदस्य शिवराम वाल्मीकि सपा से जुड़े वोटरों को जोड़कर दोनों सांसदों के बीच अपनी सफलता की राह खोज रहे हैं। बसपा यहां दम तो दिखाती रही है, पर कभी जीत की मंजिल तक नहीं पहुंच पायी है। सपा को जरूर वर्ष 2009 में सफलता मिली थी। इसी लोकसभा चुनाव को छोड़कर वर्ष 1991 के चुनाव से अब तक भाजपा यहां अपराजेय रही है।

**भाजपा का वोट प्रतिशत**
**2019 – 60.64 %, 2014 – 59.83%**

## गाजियाबाद : जीत का चौका या चौंकाएंगे मतदाता

- गाजियाबाद में पिछले आठ लोकसभा चुनावों में भाजपा सात बार जीती है। इस बार यहां भाजपा, कांग्रेस और बसपा तीनों दलों के नए और स्थानीय प्रत्याशी जीत के लिए जूझ रहे हैं। प्रत्याशी बदलने के साथ ही चुनावी और जातीय समीकरण भी बदल गए हैं। भाजपा से मैदान में उतरे शहर के विधायक अतुल गर्ग के सामने पिछली बार वीके सिंह को मिली पांच लाख की जीत बरकरार रखने की चुनौती है, तो सपा-कांग्रेस गठबंधन से डॉली शर्मा भाजपा का किला भेदने के लिए जलभराव, कूड़े के पहाड़ और प्रदूषण जैसी समस्याओं के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य व सुरक्षा के मुद्दों पर धार पैनी किए हैं। बसपा प्रत्याशी नंदकिशोर पुंडीर क्षत्रियों की नाराजगी के मुद्दे पर भाजपा के वोटबैंक में सेंध लगाने में जुटे हैं। बुधवार को इसीलिए उन्होंने क्षत्रिय बहुल धौलाना विधानसभा में रोड शो निकाला। बसपा सुप्रीमो मायावती यहां रैली में कह भी गई थीं कि देख लेना, क्षत्रिय को टिकट दिया है। तीनों प्रत्याशियों की इस टक्कर में अब भाजपा इस सीट पर जीत का चौका लगाएगी या वोटर चौंकाएंगे यह सवाल हर कहीं चर्चा में तैर रहा है।

**भाजपा का वोट प्रतिशत**
**2019 – 61.93 %, 2014 – 56.51 %**

## अमरोहा में हाथी बिगाड़ेगा कांग्रेस का खेल ?

- 1980 के बाद से किसी प्रत्याशी को लगातार दो बार लोकसभा न भेजने वाली अमरोहा की जनता पुराना रिवाज कायम रखेगी या पिछले साढ़े चार दशक से चली आ रही परंपरा को इस बार तोड़ देगी। इस बात पर हर किसी की निगाह लगी है। यहां बसपा को छोड़कर हाथ का साथ थामने वाले मौजूदा सांसद कुंवर दानिश अली मुस्लिम बहुल इस सीट पर सपा की साइकिल का साथ मिलने से दोबारा जीत हासिल करने के लिए तेजी से पैडल मारते नजर आ रहे हैं। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर भी इस बार रालोद का साथ पाकर 2014 वाली सफलता हासिल करने के लिए प्रयासरत हैं। मुस्लिम बाहुल्य इस सीट पर बसपा उम्मीदवार मुजाहिद हुसैन मुकाबले का तीसरा कोण बनकर असली परेशानी कांग्रेस प्रत्याशी दानिश अली के सामने खड़ी कर रहे हैं। जानकार बसपा और कांग्रेस-सपा गठबंधन दोनों के मुस्लिम प्रत्याशी होने से मुस्लिम वोटों में बिखराव तय मान रहे है। कहा जा रहा है कि बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी कांग्रेस का खेल बिगाड़ने के लिए खड़ा किया है। बसपा प्रमुख मायावती ने अमरोहा सीट पर प्रचार करते हुए कहा भी था कि दानिश अली ने मुस्लिमों को धोखा दिया है और उनके साथ गद्दारी की है। ऐसे में भाजपा के कंवर सिंह तंवर की स्थिति मजबूत मानी जा रही है, लेकिन यहां भी समस्या भाजपा-रालोद कार्यकर्ताओं में एकजुटता नहीं बन पाने की आ रही है। कई बार टकराव की स्थिति बन चुकी है।

**वोट प्रतिशत**
**बसपा 2019 – 51.4 %, भाजपा 2014 – 48.3 %**



## जीत की भरी हुंकार



मथुरा से भाजपा की उम्मीदवार सांसद हेमा मालिनी ने रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने अबकी बार चार सौ पार का नारा लगाया।

बहस में उलझे मतदाता

**परिवारवाद और भ्रष्टाचार से शुरू हुई चुनावी लड़ाई नए मुकाम पर पहुंची, महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दे हुए दरकिनार**

# मंगलसूत्र, संपत्ति बंटवारे और विरासत टैक्स से बढ़ी सियासी गर्मी बूथ तक पहुंचेगी!

राजपुरुष

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में मौसम का पारा और मतदाताओं का मिजाज कितना गर्म रहेगा, इसका पता तो 26 अप्रैल को ही चलेगा, लेकिन सियासी तापमान अभी से बेहद गर्म हो गया है। परिवारवाद और भ्रष्टाचार से शुरू हुई लड़ाई अचानक कांग्रेस के मैनिफेस्टो से होती हुई मंगलसूत्र, संपत्ति सर्वे, मुस्लिम आरक्षण और विरासत टैक्स पर उलझ गई है। महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दे दरकिनार हो गए हैं और मतदाता भी इस बहस में जुड़कर यह पड़ताल करने में लगा है कि क्या वास्तव में कांग्रेस पार्टी जातीय जनगणना और संपत्ति सर्वे की आड़ में अरबन नक्सल के हाथों में खेल रही है। हालांकि इस विमर्श में कुछ लोगों को यह भी लग रहा है कि चुनावी जंग में यह सब कुछ जुमलों की बौछार या फिर वोट बैंक को साधने के इंतजाम से ज्यादा कुछ नहीं है। लेकिन इस तरह के आक्रमक चुनावी अभियान का मतदाता के मन पर कहां और कितना असर हुआ है या आगे होगा, इसती लाभ-हानि का जोड़ घटाना परिणाम आने पर ही लगाया जा सकेगा, फिलहाल बयानों के अग्नि बाण दोनों तरफ से जारी हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार पिछले तीन दिनों से अपनी रैलियों में कांग्रेस के घोषणा पत्र की बातों का जिक्र करते हुए उसे कठघरे में खड़ा करके सवालों के दनादन प्रहार कर रहे हैं। वह लोगों को आगाह कर रहे हैं कि कांग्रेस की सरकार आने पर लोगों की संपत्ति घुसपैठियों और उन लोगों में बांट दी जाएगी, जिनके अधिक बच्चे हैं। यहां तक कि माताओं-बहनों का मंगलसूत्र तक नहीं बचने देंगे। जिनके पास दो घर हैं, उनका एक घर छीन लिया जाएगा। कांग्रेस भाजपा के इस प्रचार अभियान को लेकर चुनाव आयोग तक पहुंच गई है, लेकिन आरोपों की बौछार रुकने का नाम नहीं ले रही है। प्रधानमंत्री के हमले को को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह के साथ यूपी और एमपी के मुख्यमंत्री और धार देने में जुट गए हैं। इसी क्रम में नया विवाद इंडियन ओवरसीज़ कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा के बयान से जुड़ गया है, उन्होंने एक साक्षात्कार में अमेरिका जैसे उत्तराधिकार टैक्स की भारत के लिए वकालत की है। उनकी इस टिप्पणी पर भाजपा ने कांग्रेस के खिलाफ और हमलावर रुख अख्तियार किया तो कांग्रेस को कहना पड़ा कि यह बयान पित्रोदा के निजी विचार हैं। पित्रोदा ने भी अपने बयान पर भी सफ़ाई दी है। लेकिन विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसे में चुनावी रण में भाजपा की तरफ से हो रहे ताबड़तोड़ हमलों की बौछार का कांग्रेस की तरफ से जवाब आना ही था। पहले प्रियंका गांधी ने पलटवार किया कि उनकी मां सोनिया गांधी ने अपना मंगलसूत्र देश के लिए कुर्बान कर दिया था। अब राहुल गांधी जिनके तेलंगाना में यह कहने से सारा विवाद शुरू हुआ था कि उनकी सरकार आने पर देश में संपत्ति का सर्वे कराया जाएगा, भी यह कहते हुए इस दंगल में कूद पड़े हैं कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश 25 करोड़पति बनाए हैं, कांग्रेस की सरकार आने पर करोड़ों लोग लखपति बनाए जाएंगे।



## कांग्रेस की सफाई कितनी उसके काम आई

- कांग्रेस नेता प्रधानमंत्री और भाजपा नेताओं के हमले से बचाव की मुद्रा में हैं। पार्टी की तरफ से सफाई दी जा रही है कि उनके घोषणा पत्र जिसे न्याय पत्र दिया गया है, उसमें ऐसा कुछ भी नहीं जैसा कि प्रचारित किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं के मुताबिक उनके घोषणा पत्र में आर्थिक न्याय से जुड़े पेज नंबर 28 के बिंदु नंबर 21 में ये जरूर लिखा है कि कांग्रेस नीतियों में उपयुक्त बदलाव करके धन और आय के मामले में बढ़ती असमानता का समाधान करेगी। घोणषा पत्र के पेज नंबर 6 पर कांग्रेस ने हिस्सेदारी न्याय और सामाजिक न्याय के अंतर्गत लिखा है कि आर्थिक सामाजिक जाति गणना कराएगी. आर्थिक सामाजिक स्थिति का पता लगाएगी. फिर कांग्रेस सुधार के लिए कदम उठाएगी। इसी तरह पेज नंबर 7 पर अल्पसंख्यक के तहत लिखा गया है कि तानाशाही या बहुसंख्यकवाद के लिए देश में कोई जगह नहीं है। कांग्रेस भारत में अल्पसंख्यकों के अधिकार को बनाए रखने और रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

**आक्रमक प्रचार अभियान क्या जुमलों की बौछार या वोट बैंक साधने का इंतजाम, बड़ा सवाल**

भाजपा इस बार भी गुजरात की सभी लोकसभा सीटें जीतने के लिए आश्वस्त है। पार्टी को पूर्ण भरोसा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का यह गृह राज्य 2014 और 2019 की तरह सभी 26 सीटों पर कमल खिलाकर क्लीन स्वीप जीत की हैट्रिक लगाने में कोई चूक नहीं करेगा। एक तरह से इसकी शुरुआत भी हो गई है, वोट पड़ने से पहले ही सूरत लोकसभा सीट निर्विरोध जीतकर भाजपा ने नया इतिहास रच दिया है।




# गुजरात जीतने की तरफ

# मोदी-शाह का विजय रथ

- सूरत लोकसभा सीट निर्विरोध जीतकर वोट पड़ने से पहले पार्टी खोल चुकी है क्लीन स्वीप हैट्रिक का खाता

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार:** गुजरात में भाजपा की पंरपरागत प्रतिद्वंदी कांग्रेस ही है। आम आदमी पार्टी ने विधानसभा चुनावों में असर जरूर छोड़ा था, लेकिन लोकसभा चुनाव में उसकी उपस्थिति चुनौती देने वाली नहीं है। कांग्रेस की मुश्किल यह है कि लोकसभा चुनाव में उतरने से पहले ही उसके तमाम नेता पार्टी छोड़ गए हैं। गुजरात में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान एक ही चरण में सात मई को होगा। कांग्रेस ने भाजपा का विजय रथ रोकने के लिए इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी से गठबंधन किया है। राज्य में कांग्रेस 24 और आप दो सीटों भरूच और भावनगर में चुनाव लड़ रही है। गुजरात में पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा ने सभी 26 सीटें जीती थीं। कांग्रेस के खाते में कोई भी सीट नहीं आई थी। राज्य में भाजपा का जन समर्थन लगातार चुनाव दर चुनाव बढ़ रहा है, इसके मुकाबले कांग्रेस पूरा जोर लगाने के बाद भी बमुश्किल अपना जनाधार बचाने में ही कामयाब हो पा रही है।

### भाजपा का वोट लगातार बढ़ता रहा

- भाजपा ने 2014 के लोकसभा चुनाव में 59 .05 फीसदी वोट प्राप्त किए थे, जबकि 2019 में यह आंकड़ा बढ़कर 62 .21 फीसदी पर पहुंच गया। इसके मुकाबले कांग्रेस का वोट प्रतिशत स्थिर ही रहा। 2014 में पार्टी को 32 .86 प्रतिशत वोट मिले थे। 2019 में भी कांग्रेस 32 .11 फीसदी ही वोट प्राप्त कर सकी थी। इस आंकड़े से साफ है कि 2014 में भाजपा जहां कांग्रेस से वोट शेयर में करीब 27 फीसदी आगे थी, वहीं 2019 में उसकी बढ़त 30 फीसदी से ज्यादा थी। अब ऐसे में सवाल है कि कांग्रेस के वोट घटे बिना, भाजपा के वोट बढ़े कैसे। इसका जवाब अन्य को मिलने वाले वोटों से मिलता है।
- अन्य को 2014 में मिले 8% से कुछ अधिक वोट मुकाबले 2019 में महज 6% वोट ही मिल सका। यही दो फीसदी से ज्यादा वोट भाजपा के खाते में चला गया। हालांकि वोटों के इस खेल यह भी तथ्य है कि राज्य में जब भी कांग्रेस का वोट शेयर 40 फीसदी से ऊपर गया है, उसके हाथ कुछ सीटें जरूर लगी हैं। 2009, 2004 और 1999 के चुनावी आंकड़े इस बात की गवाही देते हैं। 2009 में कांग्रेस को 11 सीटें मिली थीं और उसे 43 .38 फीसदी वोट हासिल हुए थे जबकि भाजपा को कांग्रेस से करीब तीन फीसदी ज्यादा वोटों के साथ 15 सीटें मिली थीं। 2004 में भी कमोबेश यही स्थिति थी, भाजपा को तब 45 .02 फीसदी वोट के साथ 14 सीटें मिली थीं और कांग्रेस के हाथ में 43 .86 फीसदी वोट के साथ 12 सीटें आई थीं।

**32.86** फीसद मत कांग्रेस को 2014 में मिले थे

**32.11** फीसद मत कांग्रेस को 2019 मिले थे

2014 और 2019 के चुनाव में भाजपा राज्य की सभी 26 लोकसभा सीटों पर हासिल कर चुकी है जीत



### राजकोट भाजपा का मजबूत गढ़, क्षत्रिय विवाद के बाद सेंध लगाने की कोशिश में कांग्रेस

- क्षत्रिय समाज में केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला के बयान को लेकर उपजे विरोध और आंदोलन के बाद राजकोट की सीट पर दिलचस्प हो गया है। भाजपा ने रूपाला की उम्मीदवारी को जहां वापस नहीं लिया है, वहीं कांग्रेस ने बड़ा दांव खेलते हुए परेश धानाणी को राजकोट में उतार दिया है। अब यहां भाजपा और कांग्रेस दोनों के प्रत्याशी अमरेली के ही रहने वाले हैं। कांग्रेस प्रत्याशी धानाणी गुजरात में नेता विपक्ष रह चुके हैं। उन्होंने वर्ष 2002 के विधानसभा चुनावों में रूपाला को शिकस्त दी थी। ऐसे में धानाणी के मैदान में उतरने के बाद सभी की नजरें इस बात पर लगी हैं कि क्या धानाणी 2002 वाला परिणाम दोहराने में सफल हो पाएंगे या फिर रूपाला 22 साल पुरानी हार का बदला उनसे राजकोट के रण में लेंगे। तीन बार के राज्यसभा सदस्य रुपाला पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं।

### कांग्रेस और आप पर विधानसभा चुनाव के वोट शेयर से आगे निकलने का दबाव

- भाजपा अपने मजबूत गढ़ गुजरात में जमीनी स्तर पर लगातार अपनी पैठ मजबूत करने पर काम करती रहती है, इसके लिए पार्टी चुनाव का इंतजार नहीं करती है। इसी के चलते कांग्रेस उसका मुकाबला करने की ताकत खोती जा रही है। यही कारण है कि कांग्रेस ने इस बार आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन कर उसे दो सीटें दी हैं। हालांकि 2014 के लोकसभा चुनाव में जब आप अकेले मैदान में उतरी थी तो उसे 1 .17 फीसदी वोट ही मिले ही थे, लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव में आप को करीब 13 फीसदी वोट मिले थे। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 52 .50 प्रतिशत वोट मिले थे। इसके मुकाबले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और आप दोनों का वोट शेयर 40 .2 प्रतिशत ही था। कांग्रेस और आप नेताओं का कहना है कि उनका गठबंधन लोकसभा चुनाव में इसी आधार पर 40 से 45 फीसदी मत प्राप्त करने की तैयारी कर रहा है। ऐसा होने पर आधी लोकसभा सीटों पर भाजपा को हाथ मलना पड़ सकता है। भाजपा ने भी ताकत लगा दिया है। प्रधानमंत्री कई रैली कर चुके हैं।

### 14 सांसदों के टिकट काटने के बाद भाजपा के प्रति कहीं कोई नाराजगी नहीं

- भाजपा ने इस बार गुजरात में अपने 14 मौजूदा सांसदों के टिकट काटे थे। उनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को मिलाकर सिर्फ 12 सांसद ही दोबारा मैदान में हैं। पार्टी ने इस बार सिर्फ चार महिलाओं को ही टिकट दिया है। 2019 में गुजरात से छह महिलाएं लोकसभा पहुंची थीं। भाजपा के लिए राहत की बात यह है कि आधे से ज्यादा सांसदों के टिकट काटने के बाद भी पार्टी के प्रति कहीं कोई नाराजगी नहीं है। मतदाताओं का मोदी और शाह पर भरोसा अटूट है तो भाजपा गुजरात गौरव का प्रतीक है।
- इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के साथ मिली दो सीटों पर भरूच और भावनगर में आम आदमी पार्टी ने अपने मौजूदा विधायकों क्रमश: चैतर वसावा और उमेश मकवाणा को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस और आप दोनों की कोशिश उन मतदाताओं तक पहुंचने की है, जो भाजपा का विकल्प तलाश रहे हैं। इसके साथ ही कांग्रेस आप गठबंधन आदिवासी वोटों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। राज्य के आदिवासी बहुल इलाके परंपरागत रूप से कांग्रेस के समर्थन में रहे हैं। लेकिन कांग्रेस की सबसे बड़ी परेशानी चुनाव से पहले राज्य के नेताओं का भाजपा में शामिल होना है। इससे पार्टी की छवि पर गलत संदेश गया है, जिसकी भरपाई करना मुश्किल हो गया है। दरअसल, गुजरात में कांग्रेस अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन मोढ़वाडिया, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष अंबरीश डेर ने लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले पार्टी का साथ छोड़ दिया था, तो उससे पहले चार विधायक भी पार्टी से नाता तोड़ चुके थे। हाल ही में पार्टी प्रवक्ता रोहन गुप्ता ने भी कांग्रेस को अलविदा कह दिया है। इसके अलावा जिला और पंचायत स्तर पर भी सैकड़ों पदाधिकारी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। सबसे ताजा मामला सूरत के कांग्रेस प्रत्याशी नीलेश कुंभाणी का है, जिसका पर्चा रद होने से इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी मुकेश दलाल के निर्विरोध निर्वाचन का रास्ता खुला। अब खबर है कि नीलेश कुंभाणी भाजपा में शामिल होने जा रहे हैं।

**1996** में अटल बिहारी वाजपेयी भी गांधी नगर से चुने गए थे सांसद

### गांधी नगर में अमित शाह के लिए कांग्रेस की सोनल पटेल चुनौती नहीं

- 2019 के लोकसभा चुनाव में हाई प्रोफाइल गांधी नगर सीट से गृह मंत्री अमित शाह को 8 लाख 94 हजार 624 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. सीजे चावड़ा तीन लाख 37 हजार 610 मत ही प्राप्त कर सके थे। इस तरह अमित शाह ने साढ़े पांच लाख से ज्यादा मतों से जीत हासिल की थी। 2014 में गांधी नगर सीट पर भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को 7,73,539 वोट ( 68 .04% ) और कांग्रेस प्रत्याशी ईश्वरभाई पटेल को 2,90,418 ( 25 .55% ) वोट मिले थे। तब आडवाणी ने 4 लाख 80 से ज्यादा मतों से जीत हासिल की थी। आडवाणी ने आधा दर्जन बार गांधी नगर सीट का संसद में प्रतिनिधित्व किया था। एक बार 1996 में यहां से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने भी जीत हासिल की थी। गांधी नगर में इस बार अमित शाह का मुकाबला कांग्रेस की सोनल पटेल से हो रहा है। सोनल गुजरात महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रह चुकी हैं। लेकिन जानकारों का मानना है कि वह अमित शाह के लिए बड़ी चुनौती नहीं पेश कर पाएंगी।

# सपा ने गैर यादव ओबीसी समुदाय को साधने के लिए बिछाई बिसात

## 58 उम्मीदवारों में 15 गैर-यादव अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय से

चुनाव डेस्क, कानपुर

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस के साथ प्रदेश में 62 सीटों पर प्रत्याशी उतारने में फोकस तो पीडीए पर रखा है, लेकिन पुराने मुस्लिम और यादव की छाप वाले दाग को धोने की कोशिश की भी है। पार्टी ने जहां कई मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर ध्रुवीकरण की आशंका से बचन के लिए मुस्लिम उम्मीदवार नहीं उतारे हैं, वहीं बड़ी सावधानी के साथ भाजपा के पिछड़ा वर्ग वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए गैर यादव ओबीसी समुदाय को साधने के लिए बिसात भी बिछाई है। प्रदेश में सपा ने 17 सीटें कांग्रेस तो एक टीएमसी के लिए छोड़ी है।

प्रदेश में सपा ने अब तक जिन 58 उम्मीदवारों की घोषणा की है। उनमें से 15 गैर-यादव अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदायों से हैं। हालांकि इनमें से अधिकतर कभी न कभी बसपा के दिग्गज नेताओं में गिने जाते थे। इनमें सबसे बड़ा चेहरा बाबू सिंह कुशवाहा का है। सपा ने इन्हें जौनपुर लोकसभा सीट से उतारा है। बाबू सिंह कुशवाहा प्रदेश में मायावती की सरकार में दिग्गज कैबिनेट मंत्री थे। ओबीसी समुदाय से आने वाले कुशवाहा बसपा से निकाले जाने पर भाजपा में शामिल हो गए लेकिन उन्हें वहां भी पार्टी से निकाल दिया गया। 2016 में उन्होंने जन अधिकार पार्टी बनाई थी। अब वह सपा के साथ गठबंधन में साइकिल चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ रहे हैं। इस कड़ी में दूसरा बड़ा नाम लाल जी वर्मा का है, जिन्हें सपा ने अंबेडकर नगर से टिकट दिया है। वह भी बसपा के बड़े नेताओं में गिने जाते थे लेकिन 2021 में पार्टी से निष्कासित कर दिए गए थे। कुर्मी ओबीसी समुदाय से आने वाले लालजी वर्मा इसके बाद सपा में शामिल हो गए थे। 2022 में वह कटेहरी विधानसभा सीट से सपा के टिकट पर चुनाव जीते थे। इसी तरह आरके चौधरी सपा के टिकट पर मोहनलालगंज से चुनाव मैदान में हैं। वह बसपा के संस्थापकों में रहे हैं और कांशीराम के विश्वासपात्र थे। 1993 से 1995 तक वह मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व वाली सपा-बसपा सरकार में मंत्री थे। पासी समुदाय से आने वाले चौधरी ने 2001 में बसपा छोड़कर राष्ट्रीय स्वाभिमान पार्टी बनाई थी। 2014 का लोकसभा चुनाव बसपा के टिकट पर मोहनलालगंज से लड़ा लेकिन भाजपा के कौशल किशोर से हार गए थे। इसके बाद आरके चौधरी सपा में शामिल हो गए थे।

कुर्मी समुदाय से आने वाले राम शिरोमणि वर्मा को सपा ने श्रावस्ती से टिकट दिया है। वह यहां से मौजूदा सांसद हैं और हाल ही में सपा में शामिल हुए हैं। 2019 में सपा-बसपा गठबंधन में राम शिरोमणि वर्मा ने बसपा उम्मीदवार के रूप में यह सीट जीती थी। बसपा के ही नेता राजा राम पाल अकबरपुर से चुनाव मैदान में हैं। राजाराम 2004 में बसपा सांसद चुने गए।बाद में कांग्रेस में शामिल हुए। पाल (ओबीसी) समुदाय से आने वाले राजा राम ने 2009 का लोकसभा चुनाव अकबरपुर से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में जीता था। लेकिन 2014 और 2019 में हारने के बाद सपा में शामिल हो गए थे। कप्तानगंज से पांच बार के विधायक राम प्रसाद चौधरी बस्ती से चुनाव मैदान में हैं। वह कुर्मी समुदाय से हैं और 2019 का लोकसभा चुनाव बसपा के टिकट पर हार गए थे। कुर्मी समाज के ही राम शिरोमणि वर्मा को सपा ने श्रावस्ती से टिकट दिया है। वह भी मौजूदा सांसद हैं और हाल ही में सपा में शामिल हुए हैं। 2019 में सपा-बसपा गठबंधन में राम शिरोमणि वर्मा बसपा के टिकट पर जीते थे। नीरज मौर्य सपा के टिकट पर नीरज आंवला लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में हैं। वह जलालाबाद से दो बार के विधायक रह चुके हैं। भाजपा में होते हुए सपा में आए हैं। शंकर राजभर सपा से सलेमपुर में चुनाव लड़ रहे हैं। 2009 में बसपा से सांसद चुने गए थे।





जीतेंगे बाजी

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने केरल के वायनाड संसदीय सीट पर रोड शो किया और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं अपने भाई राहुल गांधी के लिए वोट मांगा।

# बैतूल में मोदी और मंदिर के भरोसे भाजपा प्रत्याशी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की अदिवासी बाहुल्य बैतूल लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना था, लेकिन बसपा प्रत्याशी अशोक भलावी के निधन के चलते दोबारा पर्चे भरे गए। अब मतदान तीसरे चरण में 7 मई को होगा। बसपा से अब इस सीट पर अर्जुन अशोक भलावी चुनाव लड़ रहे हैं।

बैतूल सीट पर कांग्रेस ने अपने जनजातीय प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राम टेकाम को उम्मीदवार बनाया है, जबकि भाजपा ने मौजूदा सांसद दुर्गादास उइके को दोबारा मैदान में उतारा है। यहां मुकाबला इन्हीं दोनों के बीच है। बैतूल लोकसभा सीट भाजपा का गढ़ गिनी जाती है। यहां 1996 से भाजपा कमल खिला रही है। कांग्रेस आखिरी बार 1991 में चुनाव जीती थी। तब कांग्रेस के असलम शेर खान ने भाजपा के आरिफ बेग को 23 हजार वोटों से चुनाव हराया था। इसके बाद से बैतूल में कांग्रेस लगातार हार रही है। बैतूल में आदिवासी समुदाय के बाद सर्वाधिक मतदाता ब्राह्मण समाज के हैं। इसके बाद गूर्जर और राजपूत मतदाता हैं।

मुरैना-श्योरपुर संसदीय सीट | चुनाव दर चुनाव गाढ़ा होता गया भाजपा का भगवा रंग

# मुरैना के रण में त्रिकोणीय मुकाबले में फंसी भाजपा

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** मध्य प्रदेश की मुरैना-श्योपुर संसदीय सीट पर भारतीय जनता पार्टी का वह अभेद्य किला है जिसे ढहाने की कोशिश कांग्रेस ने तो खूब की लेकिन ढहा नहीं सके। स्थिति यह है कि 1996 से लगातार भाजपा का उम्मीदवार यहां जीत रहा है। चुनाव दर चुनाव भगवा रंग गाढ़ा हो रहा है यह कहना गलत नहीं होगा। इस बार भी कांग्रेस और बसपा ने उम्मीदवार उतारे हैं। मुख्य मुकाबले में हर बार कांग्रेस ही रही। इस बार बसपा यहां लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश में जुटी है। उसे कितनी कामयाबी मिलेगी यह वक्त ही बताएगा।

इस बार के चुनाव में भाजपा ने शिव मंगल सिंह तोमर को टिकट दिया है तो कांग्रेस ने सत्यपाल सिंह सिकरवार को मैदान में उतारा है। जबकि बसपा ने रमेश चंद्र गर्ग पर दांव लगाया है। 2009 और 2019 में इस सीट से जीते नरेंद्र सिंह तोमर इस बार चुनावी समर में नहीं हैं। तोमर को पार्टी ने विधानसभा का चुनाव लड़ाया था और वे जीते भी। मध्य प्रदेश विधानसभा का अध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी ने इस बार शिव मंगल सिंह तोमर को टिकट देकर उनकी ही पसंद को तरजीह दी है। शिवमंगल सिंह दिमनी से भाजपा के विधायक रह चुके हैं तो उनका मुकाबला कभी उन्हीं की पार्टी से विधायक रहे सत्यपाल सिंह सिकरवार से है। भाजपा ने उन्हें अनुशासनहीनता के आरोप में पार्टी से निष्कासित कर दिया था। इसके बाद वे कांग्रेस में चले गए थे। जातीय समीकरण पर नजर डालें तो यहां जाट, गुर्जर, ब्राह्मण, राजपूत, और यादव मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। राजपूत, गुर्जर और ब्राह्मण निर्णायक भूमिका में होते हैं।

**कांग्रेस के बागी हैं बसपा उम्मीदवार:** बसपा से चुनावी समर में उतरे रमेश चंद्र गर्ग कांग्रेस से बगावत कर बसपा में आए हैं। पार्टी ने उन्हें अपना उम्मीदवार बनाया है। वह भाजपा में भी रह चुके हैं। उनका ऑयल का बड़ा कारोबार है।

**लगातार चार बार जीते भाजपा के अशोक अर्गल:** भाजपा इस सीट पर 1996 से लगातार जीत रही है। पार्टी नेता अशोक अर्गल 1996, 1998, 1999 और 2004 में जीते। 2009 में वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर सांसद बने। 2014 में पार्टी ने अनूप मिश्रा को मैदान में उतारा तो वे भी जीते। 2019 में पुनः नरेंद्र सिंह तोमर समर में आए और उन्हें जीत मिली। अब देखना यह है कि शिव मंगल सिंह इस जीत को बरकरार रख पाते हैं या नहीं।




### आठ में से पांच विस सीटों पर कांग्रेस काबिज

- संसदीय क्षेत्र में 8 विधानसभा सीटें आती हैं। आठ में से पांच पर कांग्रेस तो तीन पर भाजपा का कब्जा है। विधानसभा सीटों पर कांग्रेस की जीत पर गौर करें तो इस बार के चुनाव में उसका पड़ला भरी है। लेकिन लोकसभा चुनावों के अब तक के परिणाम पर नजर डालें तो भाजपा के साथ मतदाता यह मजबूती से खड़े रहे हैं। भाजपा नेता यह मानते हैं कि विधानसभा में मतदाता भले ही उनके साथ नहीं थे लेकिन लोकसभा में वे उनके ही उम्मीदवार को जीत दिलाएंगे।

### एक बार ही विधानसभा पहुंचे तोमर

- भाजपा उम्मीदवार शिवमंगल सिंह तोमर ने अब तक तीन बार विधानसभा का चुनाव लड़ा पर जीत उन्हें एक ही बार मिली। 2008 में पहली बार वे बसपा के रविंद्र सिंह तोमर से मात्र 256 वोट से जीते थे। 2013 के चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। 2018 में भी वे मैदान में उतरे पर कांग्रेस के गिर्राज डण्डोतिया से हार गए थे। बावजूद इसके पार्टी ने उन पर लोकसभा चुनाव में भरोसा जताया है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, गुरुवार, 25 अप्रैल 2024



| बाजार | संसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73,852.94 | 22,402.40 |
| तेजी | 114.49 | 34.40 |
| प्रतिशत में | 0.16 | 0.15 |

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 995 फ्लैग- 1105 बोल्ड- 1145 डीएमओ- 865
**रामपुर :** शिवालिक-990 फ्लैग-1105 डीएमओ-885 बोल्ड-1165

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 83200 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74000 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 55150-55350 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 74,500 |
| सोना रवा | 74,350 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 82,600 |
| चांदी (999) | 82,500 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 74000 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 73000 |
| सिल्वर (पक्की) | 817 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,700 |
| चांदी आभूषण | 82,100 |

## कानपुर मंडी

गेहूं दड़ा 2300-2400, आर.आर.21 2450-2500, गेहूं फारम 2550-2600, जौ 2000 -2100, ज्वार 2000 -4000, बाजरा 2100-2150, मकाई 2200 -2400, चना 5800 -5900, अरहर 9000 -10000, मसूर 5500 -5600, मटर 3700 -4000, उड़द हरा 11000 -11800, उड़दकाला 6000 -8000, मूंग 8500 -8800, अरहर फूल 15800-16000, अरहर स्पेशल 13800-14000, चना दाल 7200-7300, मटर दाल 5050-5150, मसूर मलका 7150-7200, मसूर दाल 7350-7400, उड़द दाल 9500- 13000, उड़द धोवा 10700- 13250, मूँगदाल 9500 -10500, मूँग धोवा 10000-11500, अरवा 2000 - 2300, बासमती न01.8500 - 10000, सेला 2500 - 3000, बासमती न02. 6500 - 7500, आटा 1380-1430, मैदा 1350-1400, सूजी 1410-1430, शाह पसंद 1325-1350, लाही 4900-5000, अलसी 4500 -4600

# 2जी फैसला बदलने की कोशिश नहीं, रक्षा व उपग्रह क्षेत्र के लिए नीलामी के बगैर आवंटन

### सुप्रीम कोर्ट ने दूरसंचार स्पेक्ट्रम के आवंटन के लिए नीलामी को माध्यम बनाने का दिया था निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार दूरसंचार स्पेक्ट्रम आवंटन के लिए नीलामी को अहमियत देने के उच्चतम न्यायालय के फैसले में बदलाव की कोशिश नहीं कर रही है। शीर्ष सूत्र ने बुधवार को यह बात कही। उच्चतम न्यायालय ने 2012 के अपने फैसले में दूरसंचार स्पेक्ट्रम के आवंटन के लिए नीलामी को ही माध्यम बनाने का निर्देश दिया था। हालांकि उपग्रह संचार और रक्षा जैसे विशिष्ट क्षेत्रों को इसके दायरे में नहीं रखा था।

सरकार ने पिछले साल 15 दिसंबर को शीर्ष अदालत में अर्जी दायर कर विशिष्ट क्षेत्रों को स्पेक्ट्रम आवंटन के संबंध में स्थिति स्पष्ट करने की गुहार लगाई थी। इसमें उपग्रह संचार, रक्षा बलों और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों, मेट्रो या रेलवे संचालन के लिए नीलामी के बगैर स्पेक्ट्रम आवंटित करने को लेकर स्पष्टीकरण देने का आग्रह किया गया था। याचिका दिसंबर के अंत में संसद में दूरसंचार विधेयक को पारित करने से पहले दायर हुई थी।



- सरकार ने पिछले साल अर्जी दायर कर स्पेक्ट्रम आवंटन में स्थिति स्पष्ट करने की लगाई थी गुहार
- स्टारलिंक, वनवेब व प्रोजेक्ट कुइपर जैसे अंतरिक्ष दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को मिल सकती है राहत

यह सोमवार को सुनवाई के लिए रखी गई। नए विधेयक में 19 छूटें दी हैं। सूत्र ने याचिका पर उपजे विवाद को 'बेमतलब' बताते हुए कहा कि सरकार से 2जी फैसले को बदलने जैस सवाल किए जा रहे हैं। तथ्य यह है कि कई मुकदमों को देखते हुए पारदर्शिता बनाए रखने के लिए यह आवेदन दायर किया गया था। प्रशासनिक आवंटन मार्ग से एलन मस्क की स्टारलिंक, भारती एयरटेल के वनवेब और अमेजन की प्रोजेक्ट कुइपर जैसे अंतरिक्ष दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को राहत मिल सकती है क्योंकि उन्हें नीलामी प्रक्रिया से गुजरे बिना स्पेक्ट्रम मिलने का रास्ता साफ होगा। दूरसंचार के लिए स्पेक्ट्रम की अगली नीलामी इस साल जून में होने वाली है। इस पर सभी पक्षों से परामर्श हुआ लेकिन न्यायालय से परामर्श करने का कोई तरीका नहीं है। लिहाजा न्यायालय को सूचित करने तथा उसकी राय जानने को आवेदन दायर किया गया था।

# शेयर बाजार फिर पहुंचा 74,000

**मुंबई, एजेंसी**

वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच धातु और जिंस शेयरों में खरीदारी से बुधवार को शेयर बाजार चौथे कारोबारी सत्र में बढ़त में रहा और दोनों सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी चढ़कर बंद हुए। दूरसंचार, आईटी और प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली से इस तेजी पर लगाम लग गई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 114.49 अंक यानी 0.16 प्रतिशत चढ़कर 73,852.94 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 383.16 अंक उछलकर 74,121.61 अंक पर भी पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 34.40 अंक यानी 0.15 प्रतिशत बढ़कर 22,402.40 अंक पर पहुंच गया। कारोबारी सत्र के अंतिम दौर में सूचकांकों पर कुछ बिकवाली से शुरुआती बढ़त कम हो गई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि आईटी और कुछ अन्य दिग्गज कंपनियों के अपेक्षाकृत कमजोर नतीजों से भारतीय बाजार में थोड़ी निराशा है। इसके बावजूद विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के दमदार प्रदर्शन से मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में कुछ तेजी दिख रही है। अप्रैल में विनिर्माण और सेवा क्षेत्र आर्थिक गतिविधियों को गति देते हुए नजर आ रहे हैं।



- भारत का दुनिया में मात्रा के हिसाब से तीसरा और मूल्य के हिसाब से 13वां सबसे बड़ा उद्योग

खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) आंकड़ा अप्रैल में बढ़कर 62.2 पर पहुंच गया जबकि मार्च अंत में यह 61.8 पर रहा था। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा स्टील, पावर ग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से बढ़त में रहीं। दूसरी तरफ टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, मारुति, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाइटन के शेयरों में गिरावट रही। बीएसई स्मालकैप सूचकांक 0.79 प्रतिशत और मिडकैप सूचकांक 0.92 प्रतिशत चढ़ गया। क्षेत्रवार सूचकांकों में धातु खंड में सर्वाधिक 2.83 प्रतिशत की तेजी देखी गई जबकि जिंस खंड में 1.62 प्रतिशत और औद्योगिक खंड में 1.13 प्रतिशत की बढ़त रही।

# हलाल प्रमाणपत्र देने वाले निकायों की मान्यता चार जुलाई तक बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- डीजीएफटी ने पिछले साल हलाल प्रमाणन प्रक्रिया के लिए नीति और शर्तों को किया था अधिसूचित
- निकायों को हलाल के लिए एनएबीसीबी से पांच अप्रैल तक मान्यता लेने का दिया था निर्देश

सरकार ने हलाल प्रमाणपत्र देने वाले निकायों की मान्यता और निर्यात इकाइयों के पंजीकरण की समय सीमा तीन महीने बढ़ाकर चार जुलाई कर दी है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने पिछले साल मांस और मांस उत्पादों के लिए हलाल प्रमाणन प्रक्रिया के लिए नीति और शर्तों को अधिसूचित किया था। साथ ही मौजूदा निकायों को आई-सीएएस (भारत अनुरूप मूल्यांकन योजना) हलाल के लिए राष्ट्रीय प्रमाणन निकाय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीसीबी) से पांच अप्रैल, 2024 तक मान्यता लेने का निर्देश दिया था।

डीजीएफटी ने अधिसूचना में कहा, हलाल प्रमाणन निकायों की मान्यता और निर्यात इकाइयों के पंजीकरण की समय अवधि तीन महीने यानी चार जुलाई, 2024 तक बढ़ा दी गई है। विदेश व्यापार महानिदेशालय वाणिज्य मंत्रालय के अंतर्गत आता है। यह निर्यात और आयात से संबंधित मुद्दों को देखता है। दिशानिर्देशों के अनुसार मांस और उसके उत्पादों को 'हलाल प्रमाणित' के रूप में निर्यात करने की अनुमति तभी दी जाती है, जब वे भारतीय गुणवत्ता परिषद के बोर्ड से मान्यता प्राप्त निकाय से मिले वैध प्रमाण पत्र वाली सुविधा में उत्पादित, प्रसंस्कृत और पैक किये जाते हैं।

## एलआईसी ने उसके ब्रांड और प्रतीक वाले भ्रामक विज्ञापनों पर किया आगाह

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने वरिष्ठ अधिकारियों की तस्वीर, कंपनी के ब्रांड तथा प्रतीक का दुरुपयोग करके सोशल मीडिया पर धोखाधड़ी वाले विज्ञापन देने में शामिल लोगों/संस्थाओं को बुधवार को आगाह किया। एलआईसी ने 'एक्स' पर अपने पॉलिसीधारकों और जनता से सावधानी और ऐसी हर चीज की प्रामाणिकता की जांच करने को कहा है। निगम ने सार्वजनिक नोटिस में कहा, यह हमारे संज्ञान में आया है कि कुछ लोग और संस्थाएं हमारी सहमति के बिना हमारे अधिकारियों या पूर्व अधिकारियों की तस्वीर, हमारे ब्रांड नाम तथा प्रतीक का दुरुपयोग करके सोशल मीडिया पर धोखाधड़ी वाले विज्ञापन दे रहे हैं। हम इसेल लेकर जनता को सचेत करना चाहते हैं। नोटिस में जनता से एलआईसी सोशल मीडिया खातों पर ऐसे विज्ञापनों के 'यूआरएल लिंक' की जानकारी देने को भी कहा गया। एलआईसी ने कहा, बिना अनुमति हमारे ब्रांड का इस्तेमाल करके धोखाधड़ी में शामिल लोगों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करेंगे।

# देश का औषधि निर्यात 9.67% बढ़कर पहुंचा 27.9 अरब डॉलर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- भारत का दुनिया में मात्रा के हिसाब से तीसरा और मूल्य के हिसाब से 13वां सबसे बड़ा उद्योग

देश का औषधि निर्यात 2023-24 में सालाना आधार पर 9.67% बढ़कर 27.9 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। वित्त वर्ष 2022-23 में निर्यात 25.4 अरब डॉलर था। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, मार्च में दवा निर्यात 12.73% बढ़कर 2.8 अरब डॉलर हो गया। 2023-24 में इस क्षेत्र के लिए शीर्ष पांच निर्यात बाजार अमेरिका, ब्रिटेन, नीदरलैंड, ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील थे। भारत के कुल औषधि निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी 31% से अधिक रही।

उद्योग विशेषज्ञ ने कहा कि अमेरिका जैसे देशों में बढ़ते बाजार अवसरों और मांग से निर्यात को मासिक आधार पर वृद्धि दर्ज करने में मदद मिल रही है। भारत का दवा उद्योग का कारोबार 2030 तक 130 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो सकता है। बाजार के विस्तार तथा विदेशी में बढ़ती मांग से यह हो पाएगा। 2022-23 में कारोबार 50 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक रहा था।

भारत औसतन हर महीने दो से तीन अरब डॉलर के औषधि उत्पादों का निर्यात करता है। देश का दवा उद्योग दुनिया में मात्रा के हिसाब से तीसरा सबसे बड़ा और मूल्य के हिसाब से 13वां सबसे बड़ा उद्योग है, जो 60 चिकित्सीय श्रेणियों में 60,000 से अधिक जेनेरिक दवाओं का उत्पादन करता है।



## एक नजर

### केन्द्रीय कारागार में कैदी ने की आत्महत्या

**अलवर।** राजस्थान में अलवर केंद्रीय जेल में पॉक्सो मामले में बंद कैदी ने बुधवार को पिता से बात करने के बाद जूते के सलु से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। जेल अधीक्षक शिवेंद्र कुमार ने बताया कि खैरथल जिला निवासी धीरेंद्र (21) पॉक्सो के मामले में 10 जनवरी 2024 से जेल में सजा काट रहा था। बुधवार सुबह उसने साढ़े नौ बजे एसटीडी पर पिता से बात की और कहा कि उसे जल्दी जमानत कराकर जेल से निकलवाओ। यहां उसका दम घुट रहा है। पिता के जवाब के बाद मायूस हो गया और अपने बैरेक में चला गया। 10 बजे वह नहाने गया, लेकिन वह जिंदा वापस नहीं आया।

### मणिपुर में विस्फोट से पुल क्षतिग्रस्त

**इंफाल।** मणिपुर में जातीय हिंसा प्रभावित कांगपोकपी जिले में एनएच-दो पर विस्फोट से पुल आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे यातायात बाधित हो गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आईईडी विस्फोट मंगलवार रात 12.45 बजे सपरमीना और कोउब्रू लेइखा के बीच पुल पर हुआ। इस विस्फोट में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुल के दोनों छोर पर गड्ढे और दरारें देखी गईं। मणिपुर की राजधानी इंफाल को नगालैंड के दीमापुर से जोड़ने वाले पुल पर भारी वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है।

### कश्मीर में 15 तस्कर गिरफ्तार

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में मादक पदार्थ की तस्करी में शामिल 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दस तस्करों की पहचान सलामाबाद के बशरत अहमद रैना, बांदी के चंगेज़ खान और उरी में परानपीलन के सैयद मेहताब हुसैन, लचीपोरा बिझामा के मंजूर अहमद लोन उर्फ मुन्ना, मदियान कमलकोटे के नजर दीन भट्टी, नूरखाह के इमरान अहमद खान, लवायपोरा एचएमटी के आशिक हुसैन पर्रे उर्फ इलाही, मालपोरा सोपोर के अल्ताफ अहमद मीर, वाटरगाम वागूरा के अमीर सुभान मल्ला और चानपोरा के साहिल अहमद रेशी कुन्जर के तौर पर की है। इसके अलावा अन्य पांच तस्करों में वानपोरा खुदवानी के मोहम्मद उर्फ रमजान शेख उर्फ रम्म शेख, ब्रेज़लू जागीर के आरिफ अहमद भट, मांचेवा यारीपोरा के फिरदौस अहमद शेख, ब्राज़लू जागीर के शाहिद अहमद भट और मालवान देवसर के हिलाल अहमद डार है।

### नशीले कैप्सूल रखने में 10 साल की जेल

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान के हनुमानगढ़ में एनडीपीएस एक्ट मामलों की विशेष अदालत के न्यायाधीश रूपचंद सुथार ने नशीले कैप्सूल बरामद होने के मामले में आरोपी रवीश कुमार को बुधवार को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनायी। विशिष्ट लोक अभियोजक दिनेश दाधीच ने बताया कि हनुमानगढ़ जिले में टिब्बी थाने में नौ फरवरी 2020 को खाराखेड़ा गांव में हनुमान मंदिर के पास रवीश कुमार को गिरफ्तार किया, जिसके पास नशे के रूप में इस्तेमाल किये जाने वाले पर पारवोरिन पास के 600 कैप्सूल बरामद हुये। खाराखेड़ा गांव निवासी रवीश कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

### प्रेमी संग मिलकर महिला ने की पति की हत्या

**जीपीएम।** छत्तीसगढ़ के गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला के पेंड्रा थाना क्षेत्र में महिला के प्रेमी के साथ मिलकर पति को मौत के घाट उतार दिया ।पुलिस को सूचना मिली की लालचंद नायक अपनी बाड़ी में फांसी पर लटका है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की। शक मृतक की पत्नी था। पुलिस ने दुर्गावती नायक से पूछताछ की तो उसने बताया कि प्रेमी कमलेश्वर के साथ उसने 20 अप्रैल की रात पति का गला दबाकर हत्या कर दी और शव को लटका दिया।

### फ्लाईओवर से लटका मिला शव

नई दिल्ली। दिल्ली में रोहिणी के अमन विहार इलाके में बुधवार सुबह 35 वर्षीय एक व्यक्ति का शव एक निर्माणाधीन फ्लाईओवर से लटका हुआ मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक उन्हें एक राहगीर ने इसकी सूचना दी थी। मृतक की पहचान हरप्रीत सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह आशंका जताई जा रही है कि हरप्रीत ने आत्महत्या की है।

# कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी : मोदी

### वोट की भूखी कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण लागू करना चाहती है

**अंबिकापुर, एजेंसी**

प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका में 'विरासत कर' संबंधित सैम पित्रोदा की टिप्पणी पर कहा कि पार्टी 'विरासत कर' लगाकर लोगों और उनके बच्चों का अधिकार छीनना चाहती है। मोदी ने अंबिकापुर की चुनावी रैली में कहा कि कांग्रेस के खतरनाक इरादे खुलकर सामने आ रहे हैं। शाही परिवार के शहजादे के सलाहकार ने कहा था कि देश के मध्यम वर्ग के लोग जो मेहनत करके कमाते हैं उन पर ज्यादा कर लगना चाहिए। इन्होंने सार्वजनिक तौर पर ऐसा कहा था।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का कहना है कि अब वह इनहेरिटेंस टैक्स (विरासत कर) लगाएगी। माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी कर लगाएगी। आप जो मेहनत से संपत्ति बनाते हैं, वह आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। कांग्रेस सरकार का पंजा उसे भी आपसे छीन लेगा। कांग्रेस का मंत्र है- कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भी। मोदी ने कहा कि जब तक आप जीवित रहेंगे, कांग्रेस ज्यादा कर से मारेगी और जब आप जीवित नहीं रहेंगे तो आप पर विरासत कर का बोझ लाद देगी।



- कहा- लोगों का धन लेने के कांग्रेस के नापाक मंसूबों को किया उजागर

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस नहीं चाहती कि आम भारतीय अपनी संपत्ति अपने बच्चों को दें। मूल्यों से लेकर संस्कृति तक हमारा देश उपभोक्तावादी देश नहीं है। हम संचय, संवर्धन और संरक्षण में विश्वास करते हैं। आज हमारी प्रकृति और पर्यावरण इन्हीं मूल्यों के कारण सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि हमारे माता-पिता, दादा-दादी, अपने हर गहनों को यह सोचकर संभालकर रखते हैं कि पोते-पोतियों को उनकी शादी में पहनाएंगे... मेरे देश के लोग कर्ज लेकर जीवन जीने के शौकीन नहीं हैं। यहां लोग मेहनती हैं और जरूरत के मुताबिक खर्च करते हैं तथा संचय की प्रवृत्ति रखते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भारत के मूलभूत संस्कार पर कड़ा प्रहार करने जा रही है। उन्होंने कहा कि कल उन्होंने यह बयान इसलिए दिया है क्योंकि उनकी यह सोच बहुत पुरानी है। जब मैंने कहा कि शहरी नक्सलियों और माओवादियों ने कांग्रेस पर कब्जा कर लिया है तो लगा कि उन्हें अमेरिका को खुश करने के लिए कुछ कहना चाहिए। जब मोदी ने आरोप लगाए तो वे संतुलन साधने के लिए दूसरी तरफ जाने का नाटक कर रहे थे।

## जाति आधारित जनगणना को कोई ताकत नहीं रोक सकती : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जो अपने आप को देशक्त कहते हैं वो 90 प्रतिशत लोगों के लिए 'न्याय' सुनिश्चित करने वाली जाति आधारित जनगणना के 'एक्सरे' के विरोध में खड़े हो गए हैं, लेकिन वे जाति आधारित जनगणना को रोक नहीं सकते।



उन्होंने जोर दिया कि जाति आधारित जनगणना को कोई शक्ति नहीं रोक सकती है क्योंकि लोगों को यह बात समझ में आ गई है। भाजपा के लोग जातिगत जनगणना के 'एक्सरे' से डरते हैं। मोदी ने देश से 10 साल कहा कि वह ओबीसी हैं। जैसे ही मैंने जाति आधारित जनगणना और एक एक्सरे की बात की तो नरेन्द्र मोदी कहते हैं की जाति ही नहीं होती है। अगर जाति नहीं है तो आप ओबीसी कैसे हैं? आपको उसी समय कहना चाहिए था कि मेरी कोई जाति नहीं है। उनका कहना था कि अगर आप महाशक्ति बनना चाहते हैं, चीन से मुकाबला करना चाहते हैं तो 90 प्रतिशत लोगों की शक्ति का इस्तेमाल तो करना पड़ेगा। जाति आधारित जनगणना का 'एक्सरे' और न्याय उनके लिए राजनीतिक मुद्दा नहीं है।

# अदालत ने केजरीवाल को जवाब देने के लिए दिया वक्त

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली की अदालत ने आबकारी नीति मामले में ईडी द्वारा जारी समन को कथित तौर पर नजरअंदाज करने को लेकर आदेश के खिलाफ पुनर्विचार की मांग करने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की दो याचिकाओं पर एजेंसी के जवाब पर प्रतिक्रिया देने के लिए आप नेता को समय दिया है।

ईडी की शिकायत पर एक मजिस्ट्रेट अदालत ने केजरीवाल को समन जारी किया था और उनके खिलाफ एक आदेश पारित किया था, जिसको चुनौती देते हुए 'आप' नेता ने विशेष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। ईडी ने मामले में जारी समन से कथित तौर पर बचने के लिए केजरीवाल के खिलाफ मजिस्ट्रेट अदालत में शिकायत की थी। विशेष न्यायाधीश राकेश सयाल ने केजरीवाल की अपील पर ईडी के जवाब मिलने के बाद आप संयोजक को जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया है। केजरीवाल के वकीलों ने अदालत को बताया कि ईडी मामले में 'आप' नेता को गिरफ्तार कर चुकी है इसलिए उन्हें अब इस बारे में उनसे कोई निर्देश नहीं मिला इसलिए जवाब दाखिल करने के लिए समय चाहिए, जिसके बाद अदालत ने यह आदेश दिया। अब 14 मई को याचिका पर सुनवाई करेगी।

**समन अनदेखी मामला**



- ईडी की शिकायत पर समन भेजने और आदेश को चुनौती देने आप नेता पहुंचे थे विशेष अदालत

### केजरीवाल से मिले सौरभ

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बुधवार को तिहाड़ जेल में मुख्यमंत्री केजरीवाल से मुलाकात की, जो 30 मिनट चली। भारद्वाज ने कहा कि केजरीवाल ने जनता से कहा है कि उनकी चिंता न करे। वह मुलाकात जंगले में मिले और इंटरकॉम पर बातचीत हुई।

# चुनावी बॉण्ड : एसआईटी से जांच वाली याचिका कोर्ट में दाखिल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- राजनीतिक दलों को चंदा देने में पारदर्शिता के प्रयास के तहत किया गया था शुरू

अपारदर्शी चुनावी बॉण्ड योजना को लेकर जारी विवाद के बीच उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है जिसमें राजनीतिक दलों, कॉरपोरेट घरानों और चुनावी बॉण्ड के जरिये दिये गये चंदे की जांच कर रही एजेंसियों के अधिकारियों के बीच 'परस्पर लाभ पहुंचाने' की कथित घटनाओं की अदालत की निगरानी में एसआईटी जांच कराने का अनुरोध किया गया है।

शीर्ष अदालत की पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने 15 फरवरी को राजनीतिक दलों को गोपनीय रूप से चंदा देने से जुड़ी भाजपा सरकार की चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया था। उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद चुनावी बॉण्ड के अधिकृत विक्रेता बैंक 'भारतीय स्टेट बैंक' ने निर्वाचन आयोग के साथ डेटा साझा किया था, जिसने बाद में सूचनाओं को सार्वजनिक कर दिया। सरकार द्वारा दो जनवरी, 2018 को अधिसूचित चुनावी बॉण्ड योजना को राजनीतिक दलों को दिए जाने वाले नकद चंदे के विकल्प के रूप में पेश किया गया था। इस योजना को राजनीतिक दलों को चंदा देने में पारदर्शिता लाने के प्रयास के तहत शुरू किया गया था। वकील प्रशांत भूषण के माध्यम से दायर याचिका में अधिकारियों को विभिन्न राजनीतिक दलों को 'मुखौटा कंपनियों और घाटे में चल रही कंपनियों' की ओर से दिये गये चंदे के स्रोत की जांच करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। ऐसी कंपनियों द्वारा चंदा दिये जाने का खुलासा चुनावी बॉण्ड से जुड़े डेटा के माध्यम से किया गया है।

गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन' द्वारा दायर याचिका में इसे 'घोटाला' करार देते हुए अधिकारियों को 'शेल कंपनियों और घाटे में चल रही कंपनियों' के वित्त पोषण के स्रोत की जांच करने का निर्देश देने की मांग की गई है, जिन्होंने विभिन्न राजनीतिक दलों को चंदा दिया था, जैसा कि चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों से पता चला है।

## ईडी ने संजय राउत के कथित सहयोगी की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** ईडी ने बुधवार को कहा कि उसने मुंबई के पात्रा चॉल के पुनर्विकास में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धनशोधन जांच के सिलसिले में शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत के कथित सहयोगी प्रवीण राउत की 73 करोड़ रुपये से अधिक की जमीन कुर्क की है। उसने कहा कि अचल संपत्तियां पालघर, दापोली, रायगढ़ और ठाणे में और उसके आसपास स्थित हैं।प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले में संजय राउत और प्रवीण राउत दोनों को गिरफ्तार किया था। धन शोधन का मामला मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की प्राथमिकी से उपजा है।

# सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई जांच के खिलाफ बंगाल के मुकदमे पर सुनवाई एक मई तक स्थगित की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दाखिल एक मुकदमे पर सुनवाई बुधवार को एक मई तक के लिए स्थगित कर दी। बंगाल सरकार ने सीबीआई पर राज्य से बिना मंजूरी प्राप्त किए चुनाव के बाद हिंसा मामलों में जांच को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया है।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने सुनवाई को स्थगित करने के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के अनुरोध के बाद मामले को स्थगित कर दिया। तुषार मेहता ने पीठ से कहा कि उन्हें नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ के सामने पेश होना है, जिस कारण सुनवाई को स्थगित कर दिया जाये। मेहता ने पीठ से कहा कि मैं जानता हूं कि मैंने कई मौकों पर स्थगन का अनुरोध किया है लेकिन आज पीठ के समक्ष मेरे पेश होने की बारी है। पश्चिम बंगाल सरकार ने केंद्र सरकार के खिलाफ शीर्ष अदालत में मुकदमा किया है। बंगाल सरकार का आरोप है कि राज्य सरकार के क्षेत्राधिकार में आने वाले मामलों की जांच के लिए एजेंसी को दी गई मंजूरी वापस ले ली गयी, जिसके बावजूद सीबीआई प्राथमिकियां दर्ज कर रही है और जांच आगे बढ़ा रही है।

# ओबीसी आरक्षण पर कर्नाटक ने नहीं दिया उचित स्पष्टीकरण : आयोग

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में संपूर्ण मुसलमान समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग- ओबीसी के अंतर्गत आरक्षण देने पर राष्ट्रीय ओबीसी आयोग ने कहा है कि राज्य सरकार ने इस संबंध में उचित स्पष्टीकरण नहीं दिया है। राष्ट्रीय ओबीसी आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने बुधवार को यहां कहा कि कर्नाटक सरकार ने ओबीसी आरक्षण का श्रेणीकरण इस तरह से किया है कि संपूर्ण मुसलमान समुदाय ओबीसी आरक्षण में आ गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार से मुसलमान समुदाय को ओबीसी के अंतर्गत आरक्षण देने का आधार पूछा गया था जिसका राज्य सरकार से कोई उचित स्पष्टीकरण नहीं मिला है। श्री अहीर ने कहा कि कर्नाटक में ओबीसी समुदाय को 32 प्रतिशत आरक्षण प्राप्त है। राज्य सरकार ने ओबीसी आरक्षण में बंटवारा किया जिसमें श्रेणी प्रथम, प्रथम बी, द्वितीय बी, तृतीय ए और तृतीय बी बनायी हैं। प्रथम श्रेणी में 95 जातियां हैं जिनमें 17 मुसलमान जाति हैं। द्वितीय बी में 103 जातियां हैं जिनमें 19 मुसलमान जातियां भी शामिल हैं।

## ट्रेलर और स्कार्पियो टकराने से पांच लोगों की मौत

**नागौर।** राजस्थान में नागौर जिले के डेगाना क्षेत्र के हरसौर कस्बे में आज ट्रेलर और स्कार्पियो गाड़ी टकरा जाने से तीन बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई तथा छह घायल हो गए। डेगाना पुलिस उपाधीक्षक रामेश्वर लाल ने बताया कि ये लोग हरसौर के पास स्थित रानाबाई मंदिर में दर्शन करने के लिए जा रहे थे कि उनकी स्कार्पियों गाड़ी और सामने से आर रहा ट्रेलर आपस में टकरा गये। ये जोधपुर के रिजनाली गांव के रहने वाले बताये जा रहे हैं। मृतकों में एक महिला भी शामिल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं।

